सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-290 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025
16 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### प्रधानमंत्री ने 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया

# कांग्रेस शासन में देश ने 'ब्लैकआउट' देखा: मोदी

**सौगात**

- यमुनानगर सिर्फ एक शहर नहीं है, यह भारत के औद्योगिक नक्शे का अहम हिस्सा भी है : पीएम मोदी




**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, दूसरी तरफ भाजपा का मॉडल है, जो सत्य पर चल रहा है। सपना है देश को विकसित भारत बनाने का। यमुनानगर भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रहा है।

पीएम मोदी ने कहा आज बाबा साहब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। बाबा साहब का विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है। 2014 से पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तो ''ब्लैकआउट'' (बिजली गुल होने) की स्थिति थी लेकिन पिछले एक दशक में भारत का बिजली उत्पादन दोगुना हो गया है। कहा कि यमुनानगर सिर्फ एक शहर नहीं है, यह भारत के औद्योगिक नक्शे का अहम हिस्सा है। प्लाईवुड से लेकर पीतल और स्टील का यह पूरा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। कपाल मोचन मेला, वेद व्यास की तपोभूमि और गुरु गोविंद सिंह की एक प्रकार से शस्त्र भूमि है। साथियों, यह अपने आप में एक गरिमा बढ़ाने वाली बात है। यमुनानगर के साथ तो मेरी कई पुरानी यादें जुड़ी हुई हैं। जब मैं हरियाणा का प्रभारी था, तो पंचकूला से यहां आना-जाना लगा रहता था। यहां काफी पुराने कार्यकर्ताओं के साथ काम किया। साथियों, मुझे गर्व है कि हमारी सरकार बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए चल रही है। बाबा साहेब ने उद्योगों के विकास को सामाजिक न्याय का मार्ग बताया था। बाबा साहेब ने भारत में छोटी जोतों की समस्या को पहचाना था। वे कहते थे कि दलितों के पास खेती के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इसलिए दलितों को उद्योगों से फायदा होगा।

**बाबा साहब ने भारत में छोटी जोतों की समस्या को पहचाना था**

हमारी यह परंपरा आज भी चल रही है। हरियाणा लगातार तीसरी बार डबल इंजन की सरकार की रफ्तार देख रहा है। अब तो सैनी जी कह रहे हैं कि अब यहां ट्रिपल इंजन की सरकार है। हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए, यहां के युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए हम ज्यादा गति से, ज्यादा बड़े स्केल पर काम करते रहते हैं। आज यहां शुरू हुई विकास परियोजनाएं भी इसी का उदाहरण हैं। मैं हरियाणा के लोगों को इन विकास परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं।

# मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बल पर फिर से हमला

- दक्षिण 24 परगना में पुलिस के साथ झड़प वाहनों को फूंका
- घर-दुकान में आगजनी, बेघर हुए लोग और पत्थरबाजी



**कोलकाता।** वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ बंगाल के मुर्शिदाबाद व दक्षिण 24 परगना में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज में सोमवार को फिर हालात बिगड़ गए। उपद्रवियों ने केंद्रीय बल के जवान व पुलिस को लक्ष्य कर भारी पथराव किया।

वहीं, दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में उपद्रवियों की पुलिस के साथ हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में कई पुलिकर्मी जख्मी हो गए। इसके अलावा सिलीगुड़ी में दो पक्षों के विवाद में कई घरों में तोड़फोड़ की गई। बता दें कि गत शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज के जाफराबाद में उपद्रवियों ने यहां स्थिरता बहाली के लिए तैनात केंद्रीय बल के जवान व पुलिस को लक्ष्य कर भारी पथराव किया। इस घटना कुछ देर के लिए केंद्रीय बल के जवानों को पीछे हटना पड़ा। बाद में बड़ी सख्या में केंद्रीय बल के जवान व पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया। बता दें कि जाफराबाद में ही हिंदू पिता-पुत्र की घर से खींचकर हत्या कर दी गई थी।

## पीएनबी घोटाले का आरोपी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

**ब्रुसेल्स।** पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने सोमवार को पुष्टि करते हुए कहा कि भगोड़े भारतीय व्यवसायी मेहुल चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में उसे हिरासत में रखा गया है। बेल्जियम का कहना है कि भारत ने उसके प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भी किया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संघीय लोक सेवा इस बात की पुष्टि करता है कि मेहुल चोकसी को शनिवार 12 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें हिरासत में रखा गया है। उनके कानूनी सलाहकार को उनसे मिलने की इजाजत दी गई है।



## तहव्वुर राणा से हर दिन 10 घंटे हो रही है पूछताछ

**मंबई।** मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी रोजाना आठ से दस घंटे पूछताछ कर रहे हैं ताकि इस हमले के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। राणा को पिछले सप्ताह अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लगाया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एनआईए के अधिकारी राणा की मेडिकल जांच सुनिश्चित कर रहे हैं और उसे उसके वकील से मिलने की भी इजाजत दी जा रही है। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार सुबह उसे अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद जांच एजेंसी को 18 दिनों की हिरासत में सौंप दिया था। सूत्रों ने बताया कि एनआईए जांचकर्ताओं द्वारा राणा से प्रतिदिन लगभग आठ से दस घंटे तक पूछताछ की जा रही है, ताकि 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए कायराना हमलों के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक सूत्र ने बताया, पूछताछ के दौरान राणा सहयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआईए अधिकारियों की एक टीम उससे लगातार पूछताछ कर रही है।



# दिल्ली से गायब हो जाएंगे एक लाख ऑटो

- एक लाख 80 हजार में सीएनजी से इलेक्ट्रिक में बदल रहा ऑटो
- ऑटो वाले सब्सिडी दिए जाने की कर रहे हैं मांग
- कार्य में लगीं दक्षिण भारत की कंपनियां दिल्ली सरकार से कर रहीं बात

**वाहनों से होने वाले प्रदूषण को करना होगा कम**

दिल्ली में सत्ता में आई भाजपा यह बात अच्छी तरह से समझ रही है कि दिल्ली का प्रदूषण अगर काम करना है तो इसके लिए दिल्ली में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को पूरी तरह रोकना होगा। इसके लिए सबसे पहले सरकार अपने स्तर पर ही मैदान में उतरने जा रही है। जिसमें इस साल में सीएनजी ऑटो के पंजीकरण पर रोक लगाई जाने की योजना बनाई गई है। जिसके तहत अब कोई भी नया ऑटो इलेक्ट्रिक में ही पंजीकृत हो सकेगा।



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार एक लाख सीएनजी ऑटो को हटाकर इनकी जगह इलेक्ट्रिक ऑटो को दिल्ली में चलवाने की योजना बना रही है। इस योजना को दो तरह से अमल में लाया जाएगा।

पहले नए सीएनजी ऑटो का 15 अगस्त से पंजीकरण बंद किए जाने पर विचार हो रहा है और इनके स्थान पर इलेक्ट्रिक ऑटो सड़कों पर उतारे जाएंगे और दूसरे प्रयोग के तहत पुराने सीएनजी ऑटो को इलेक्ट्रिक में बदला जाएगा। इसके लिए उन कंपनियों की मदद ली जाएगी, जो इस काम में लगी हुई हैं।

दोनों ही मामलों में भाजपा सरकार ने ऑटो चालकों को अभी कोई सब्सिडी और रियायत देने की घोषणा नहीं की है। मगर सूत्रों का कहना है कि सरकार इस बारे में गंभीरता से सोच रही है कि इस प्रक्रिया में किसी ऑटो चालक का अहित नहीं हो। सरकार जल्द ही इस बारे में घोषणा कर सकती है। उधर ऑटो चालक यह मांग उठा रहे हैं कि अगर उनके ऐसे ऑटो को सड़कों से चलने से रोका जाता है कि जिनकी उम्र अभी बची हुई है तो सरकार उन्हें इसका उचित मुआवजा दे। तिपहिया को इलेक्ट्रिक में बदलने का काम कर रहे हैदराबाद की कंपनी जीरो-21 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रानी श्रीनिवासन ने कहा कि हम दिल्ली में काम करने के लिए तैयार हैं। वह कहते हैं कि उनकी कंपनी डीजल, पेट्रोल और सीएनजी के तिपहिया को साढ़े चार घंटे में इलेक्ट्रिक में बदल देती है, परिणाम बेहतर आ रहे हैं। तीन से लेकर चार रुपये एक किलोमीटर चलने वाला तिपहिया अब 50 पैसे प्रति किलोमीटर के खर्च पर चल रहा है। एक बार चार्ज करने वाली बैटरी 175 किलोमीटर चलती है।नया इलेक्ट्रिक ऑटो साढ़े तीन लाख के करीब का आता है,जबकि पुराना ऑटो एक लाख 80 हजार में नया बन जाता है। सरकार कुछ सब्सिडी देगी तो यह जनता को और सस्ता पड़ जाएगा।हम जल्द ही सरकार के साथ इसे लेकर बैठक करने वाले हैं। इसी तरह आगे चलकर अन्य व्यावसायिक व सार्वजनिक वाहनों को भी धीरे-धीरे सड़कों से हटाया जाएगा और उनकी जगह पर इलेक्ट्रिक वाहनों को लाया जाएगा। दिल्ली की वर्तमान स्थिति की बात करें तो दिल्ली में प्रति माह 300 सीएनजी ऑटो स्क्रैप किए जाते हैं।इनके स्थान पर नया इलेक्ट्रिक ऑटो लाने में कोई समस्या भी नहीं है। दक्षिण भारत में सीएनजी ऑटो को इलेक्ट्रिक में बदलने के काम में लगीं कंपनियां भी पिछले सालों में उस समय की आप सरकार से इस मामले में ऑटो चालकों को सब्सिडी देने की मांग उठाती रही हैं।

# ममता बनर्जी की दंगाइयों को चेतावनी कोई भी हों, कानून अपने हाथ में न लें


- धर्म का मतलब है भक्ति, स्नेह, मानवता, शांति, सौहार्द, संस्कृति, सद्भाव और एकता है
- हम अकेले पैदा होते हैं और अकेले मरते हैं, तो लड़ाई क्यों

**हमें कानून के भक्षक नहीं चाहिए**

कानून की रक्षा के लिए उसके रक्षक हैं, हमें कानून के भक्षक नहीं चाहिए। गौरतलब है कि सोमवार को भी दक्षिण 24 परगना जिले में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान जमकर बवाल हुआ। हिंसा में कई लोग घायल हुए और कई पुलिस वाहनों को आग लगा दी गई। यह झड़प तब हुई, जब पुलिस ने आईएसएफ समर्थकों को पार्टी के नेता और भांगर विधायक नौशाद सिद्दीकी की कोलकाता में हुई रैली में जाने से रोकने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि इस रैली के लिए पुलिस की अनुमति नहीं थी।

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। अब सीएम ममता बनर्जी का सब्र भी लग रहा है कि जवाब दे रहा है और उन्होंने दंगाइयों को चेतावनी दी है कि आप ए, बी, सी, डी, ई, एफ कोई भी, लेकिन कानून को अपने हाथ में न लें।

उन्होंने साथ ही लोगों से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की और कहा कि हम उपेक्षितों और पीड़ितों के साथ खड़े हैं। एक कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा कि धर्म के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। धर्म का मतलब है भक्ति, स्नेह, मानवता, शांति, सौहार्द, संस्कृति, सद्भाव और एकता है। इंसानों से प्यार करना किसी भी धर्म की सर्वोच्च अभिव्यक्तियों में से एक है। हम अकेले पैदा होते हैं और अकेले मरते हैं, तो लड़ाई क्यों? दंगे, युद्ध या अशांति क्यों? याद रखें, अगर हम लोगों से प्यार करते हैं तो हम सब कुछ जीत सकते हैं। लेकिन अगर हम खुद को अलग-थलग कर लेंगे, तो हम किसी को भी नहीं जीत पाएंगे। अगर किसी पर हमला होता है, चाहे वह उपेक्षित हो, उत्पीड़ित हो, वंचित हो, हाशिए पर हो या किसी भी धर्म से हो - हम सभी के साथ खड़े हैं। ममता बनर्जी ने दंगाइयों को चेतावनी देते हुए कहा, मैं आप सभी से कहूंगी कि सभी को शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन करने का अधिकार है, लेकिन कृपया, चाहे आप ए, बी, सी, डी, ई, एफ जी, एच कोई भी हों, कानून को अपने हाथ में न लें।



## अनुसूचित जाति वर्गीकरण लागू करने वाला पहला राज्य बना तेलंगाना

**हैदराबाद।** तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण के क्रियान्वयन पर सोमवार को एक सरकारी आदेश जारी किया, जिससे वह ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। यह जानकारी राज्य के सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने दी। तेलंगाना सरकार ने इससे पहले उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति शमीम अख्तर की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति वर्गीकरण पर एक आयोग का गठन किया था, जिसने सिफारिशें की थीं कि 59 अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में कुल 15 प्रतिशत आरक्षण के लिए तीन समूहों अर्थात 1, 2 और 3 में विभाजित किया जाना चाहिए। सरकारी आदेश में कहा गया है, ''तेलंगाना विधानमंडल के निम्नलिखित अधिनियम को 8 अप्रैल 2025 को तेलंगाना के राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई और उक्त स्वीकृति को सर्वमान्य जानकारी के लिए 14 अप्रैल 2025 को तेलंगाना राजपत्र में पहली बार प्रकाशित किया गया है। सरकारी आदेश ऐसे दिन जारी किया गया है, जिस दिन भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी. आर. आंबेडकर की जयंती है।



# कर्नाटक में आधी रात से ट्रकों की हड़ताल शुरू

- पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने से नाराज



**बंगलूरू।** ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी और टोल संबंधी मुद्दों के खिलाफ कर्नाटक की ट्रक एसोसिएशन ने सोमवार आधी रात से हड़ताल का एलान कर दिया है। हड़ताल के चलते आज मध्य रात्रि से ही ट्रक कर्नाटक की सड़कों पर दिखाई नहीं देंगे। ऐसे में कर्नाटक के लोगों की परेशानी बढ़नी तय है। ट्रक संचालकों की फेडरेशन ऑफ कर्नाटक स्टेट लॉरी ओनर्स एंड एजेंट्स एसोसिएशन ने इस हड़ताल का एलान किया है।

एसोसिएशन के महासचिव सोमसुंदरम बालन का कहना है कि यह महासंघ कर्नाटक का सबसे बड़ा परिवहन निकाय है, जिसमें करीब छह लाख ट्रक पंजीकृत हैं। इस हड़ताल में ट्रक चालकों के 196 संगठन भी शामिल हैं। बालन ने कहा कि हमारी हड़ताल जारी रहेगी क्योंकि कर्नाटक सरकार ने उन्हें अभी तक बातचीत के लिए नहीं बुलाया है। हमारी मांगें ईंधन की बढ़ोतरी और टोल संबंधी मुद्दों के खिलाफ हैं। एसोसिएशन ने अपने सदस्यों को लिखे पत्र में कहा है कि उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल इसलिए हो रही है ताकि लंबे समय से लंबित अहम मुद्दों का समाधान किया जा सके।

# सभी को पसंद थी चौधरी चरण सिंह की सादगी : ओम बिरला

- गार्ड ऑफ ऑनर देकर ओम बिरला का स्वागत किया गया




**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का सामाजिक जीवन गरीब, वंचित किसान और मजदूरों के लिए समर्पित रहा। सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उनकी सादगी सभी को पसंद थी। संसद में भी उन्होंने गरीब और किसानों की आवाज प्रमुखता से उठाई। भारतीय राजनीति में उनका नाम हमेशा अमर रहेगा।

दिल्ली से हरिद्वार जाते समय सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का परतापुर बाईपास स्थित गायत्री गार्डन में रालोद कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पुलिस ने लोकसभा अध्यक्ष को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। ओम बिरला ने कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान सबको न्याय और समानता का अधिकार देता है। उन्होंने सामाजिक बदलाव, समानता, आर्थिक न्याय के लिए संघर्ष किया। भारत का संविधान बनाने में उनकी प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने कहा कि बागपत सांसद डा. राजकुमार सांगवान संसद के अंदर किसानों की बात करते हैं। वे अपने क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन, मजदूरों को काम दिलाने, किसानों को फसलों का उचित दाम मिलने के मुद्दे संसद में उठाते हैं। सांगवान ने लोकसभा अध्यक्ष को कांवड़ यात्रा के दौरान बागपत के प्रसिद्ध पुरा महादेव मंदिर आने का निमंत्रण दिया। रालोद खेल प्रकोष्ठ के दीपक तोमर और बीके कबड्डी एकेडमी के बिजेंद्र चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

**फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक**

**सरकार लेगी निवेश की गारंटी**

# देश के विकास का ग्रोथ इंजन बना यूपी : योगी

- आज प्रदेश में गंदगी, अव्यवस्था, अराजकता और दंगा नहीं दिखता
- धर्म और पर्व के नाम पर सड़कें होती थीं जाम
- 2017 से पहले कुंभ में गंदगी व अव्यवस्था थी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उद्योग संगठन फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य और उपभोक्ता व श्रम बाजार में उद्यमियों का स्वागत है।

निवेश के लिए सबसे पसंदीदा राज्य में तब्दील यूपी में देशभर के उद्योगपतियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि आज पूरे राज्य में कानून का शासन (रूल ऑफ लॉ) स्थापित है। यूपी ऐसा राज्य है जहां सरकार ने उनकी पूंजी और निवेश की गारंटी ली है। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाएं नहीं करते बल्कि जो वचन दिया है, उसका पालन भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में अराजकता, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार के कारण लोग अपनी पहचान छिपाने को मजबूर थे। आज प्रदेश में गंदगी, अव्यवस्था, अराजकता और दंगा नहीं दिखता। यूपी में सबसे ज्यादा माइक का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें उतारकर धर्मस्थलों से अनावश्यक शोर खत्म किया गया। कहा कि धर्म और पर्व के नाम पर सड़कें जाम होती थीं। प्रतिस्पर्धा की होड़ में एक पक्ष कहता था कि धर्मस्थल के अंदर जगह है लेकिन सड़क पर ही नमाज अदा करेंगे। जवाब में दूसरा पक्ष कहता था कि हनुमान चालीसा सड़क पर करेंगे। उन्हें भी अनुमति नहीं दी। हमने कहा कि सड़क चलने के लिए है। सड़क पर जाम लगेगा तो हर्जाना भरना पड़ेगा। आज पर्वों पर सड़कें खाली रहती हैं। यही है कानून का शासन, जिसे यूपी में लागू किया है। उन्होंने महाकुंभ के उदाहरण से समझाया कि 2017 से पहले कुंभ में गंदगी और अव्यवस्था थी, लेकिन इस बार स्वच्छता और सुव्यवस्था ने सबका ध्यान खींचा। पुलिस भर्तियों में पारदर्शिता लाई गई और 60 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को नौकरी दी गई। यह लंबे समय तक बीमारू राज्य बना रहा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के समय उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर थी, लेकिन धीरे-धीरे यह घटकर एक तिहाई रह गई। पिछले आठ वर्षों में राज्य सकल घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति आय दोगुना हो चुकी है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर देते हुए कहा कि पहले राज्य की पहचान खराब सड़कों और अंधेरे से थी लेकिन आज उत्तर प्रदेश के पास देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क, मेट्रो रेल, रेल नेटवर्क और जलमार्ग है।

# सीडीओ ने जिला चिकित्सालय ओयल का किया औचक निरीक्षण

## अनियमितताओं पर जताई सख्त नाराजगी

*अवधनामा संवाददाता*

त्त्म्झ्ड्ड4 त्त्म्झ्ह्यड्ड्म्ह्य×द्बद्ध0 1

**लखीमपुर खीरी।** सीडीओ अभिषेक कुमार ने सोमवार को जिला चिकित्सालय ओयल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए सख्त निर्देश दिए सीडीओ ने सबसे पहले ओपीडी पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद किया और चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। इसी दौरान चिकित्सक कक्ष में एक बाहरी अनाधिकृत व्यक्ति मौजूद मिला, जो मरीजों को बाहर की दवाएं लिख रहा था। सीडीओ ने तत्काल उसे पकड़कर ओयल पुलिस को सुपुर्द कर दिया। सीएमएस द्वारा उक्त व्यक्ति के विरुद्ध तहरीर दी गई है इस मामले में संबंधित



चिकित्सक के विरुद्ध मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को नियमानुसार विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में पुनः चेकिंग की जाएगी और यदि इस प्रकार की गतिविधियां दोबारा पाई गईं, तो संबंधित चिकित्सक को भी कठोर दंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को चिकित्सकीय कक्ष में नहीं देखा जाना चाहिए, अन्यथा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अस्पताल में स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की कमी को गंभीरता से लिया। उन्होंने प्रिंसिपल, मेडिकल कॉलेज को निर्देशित किया कि नियमानुसार आवश्यक संख्या में स्ट्रेचर व व्हीलचेयर की खरीद कर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, मरीजों की सुविधा हेतु वार्डबॉय की राउंड द क्लॉक ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए औचक निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के दवा वितरण काउंटर पर कुछ आवश्यक दवाओं की कमी पाए जाने पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने प्रिंसिपल, मेडिकल कॉलेज डॉ. वाणी गुप्ता को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि चिकित्सक किसी भी स्थिति में बाहरी दवाएं न लिखें और अस्पताल में सभी आवश्यक औषधियों की उपलब्धता बनी रहे, ताकि मरीजों को समुचित और समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.वाणी गुप्ता को समय-समय पर रैंडम जांच करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को पूरी और उचित दवा मिल सके।निरीक्षण के दौरान वाटर कूलर की टंकियां खराब पाई गईं, जिसे तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# किसान के खेत से लहसुन खोद ले गए चोर

**लखीमपुर-खीरी।** ईसानगर थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव में किसान के खेत से चोर लहसुन खोद ले गए। इस बीच किसान को आता देख चोरों ने लहसुन की बोरी पड़ोस के गन्ने के खेत में फेक दी और भाग निकले। किसान ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। हसनापुर गांव के किसान दुर्गेश त्रिवेदी ने 3 बीघे में गन्ने के साथ लहसुन की खेती की थी। बीती रात करीब साढ़े 9 बजे गांव के ही अशोक पुत्र रमाकांत व शिवम पुत्र सेवकराम दुर्गेश के खेत से चोरीकर लहसुन खोद रहे थे तभी अचानक किसान दुर्गेश को आता देख चोरों ने लहसुन की बोरी पड़ोस के गन्ने के खेत में फेक दी और भाग निकले। किसान दुर्गेश के तलाश करने पर करीब 40 किलो लहसुन की बोरी पड़ोस के गन्ने के खेत से बरामद हो गयी। जिसकी शिकायत किसान ने 112 पर की और थाने में तहरीर भी दी।

# सपा के जिला कार्यालय लोहिया भवन पर धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

*अवधनामा संवाददाता*





**लखीमपुर-खीरी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन पर भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया।इस अवसर पर लोहिया भवन में सपा. जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा. जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ऐसे धर्म को मानते थे जो स्वतंत्रता समानता और भाईचारा सिखाता हो, उन्होंने अपने जीवन काल में समानता एवं धन धर्मनिरपेक्षता के लिए संघर्ष किया, उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि बाबा साहब की जयंती के मौके पर उनके अनमोल विचारों को अपने जीवन में आत्मसार कर उन्हें अपनाने का कार्य करें, संविधान निर्माता के रूप में बाबा साहब के योगदान के लिए देश सदैव उनका आभारी रहेगा। बाबा साहब एक अपराजेय नायक थे जिन्होंने न्याय स्वतंत्रता समानता और धर्मनिरपेक्षता के लिए पूरे जीवन संघर्ष किया, हर साल 14 अप्रैल को पूरी दुनिया में बाबा साहब का जन्म दिवस अंबेडकर जयंती के रूप में मनाया जाता है, उन्होंने कहा कि बाबा साहब का कहना था कि शिक्षित बनो संगठित बनो, संघर्ष करो तभी देश की एकता अखंडता समानता तथा धर्मनिरपेक्षता को कायम रखा जा सकता है, उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जय भीम, एक महानायक के रूप में अमर हैं उन्होंने कहा कि बाबा साहब नें एक ऐसा मजबूत संविधान तैयार किया जिसे भारत के हर तबके की सुरक्षा और समानता के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रावधान किए गए हैं। आज हम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब के आदर्शों पर चलकर, सामाजिक समरसता धर्म निरपेक्षता, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों को मजबूत कर सकते हैं। इस अवसर पर खीरी सांसद मा0 उत्कर्ष वर्मा द्वारा डा0 अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया गया तथा समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष यशमोहन पटेल द्वारा अम्बेडकर पार्ट में एक भण्डारे का आयोजन किया गया।

# आज मुख्यमंत्री योगी का आगरा आगमन, प्रशासन अलर्ट



**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भीमनगरी आयोजन में आज आना तय हो गया है। वह भीमनगरी के मंच पर करीब दो घंटे तक मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय से सीएम योगी का अधिकृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम 6.30 बजे आगरा खेरिया एयरपोर्ट पर उतरेंगे। यहां से वह सीधे आवास विकास कालोनी में सजाई गई भीमनगरी के मंच पर रात सात बजे पहुंच जाएंगे। वह मंच पर आयोजित कार्यक्रमों के बाद लोगों को संबोधित करेंगे। इस दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर भी उनके साथ रहेंगे। सीएम योगी रात्रि आठ बजे भीमनगरी से खेरिया एयरपोर्ट पहुंचेंगे और रात 8.25 बजे लखनऊ के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। मंच और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा किया जा रहा है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। क्षेत्र में वाहनों का आवागमन भी बंद रहेगा। इधर भीमनगरी के पूरे क्षेत्र को नीले झंडों से पाट दिया गया है। साथ ही पूरा क्षेत्र नीली रोशनी से जगमग होगा। यह पहली बार होगा, जब भीमनगरी का पूरा क्षेत्र नीले रंग से पाटा गया है। वही भीमनगरी आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा पर आधारित होता है और यह सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के संदेश को फैलाने का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस कार्यक्रम में आना राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# वीआईपी कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर पुलिस आयुक्त आगरा द्वारा ब्रीफिंग गोष्ठी का आयोजन



**आगरा।** मंगलवार यानी आज प्रस्तावित वीआईपी कार्यक्रम के दृष्टिगत सोमवार को अपर पुलिस आयुक्त आगरा द्वारा एक ब्रीफिंग गोष्ठी का आयोजन किया गया। दरअसल इन दिनों आगरा की फिजा थोड़ी संवेदन शील नजर आ रही है। वही आज सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का आगमन हैं। इस लिए आगरा पुलिस काफी एक्टिव नजर आ रही है।इस गोष्ठी में पुलिस उपायुक्त नगर,पुलिस उपायुक्त पश्चिमी, पुलिस उपायुक्त यातायात, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल, एसीपी महिला अपराध, एसीपी कार्यालय, एसीपी कानून व्यवस्था, एसीपी एलआईयू, सीएफओ सहित कमिश्नरेट आगरा के समस्त एसीपी, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। अपर पुलिस आयुक्त द्वारा कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करते हुए यातायात व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने हेतु समुचित मार्ग डायवर्जन, संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त, फ्लैग मार्च करते हुए कार्यक्रम स्थल एवं आस-पास ड्रोन कैमरों की सहायता से निगरानी की जाये। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समन्वित कार्ययोजना एवं प्रभावी पुलिस प्रबंधन के माध्यम से कार्यक्रम को सुरक्षा मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाये।

# डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर समाज का निर्माण करें : दुर्गा शक्ति नागपाल

## बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समाज सेवा की मिसाल है : नरेंद्र सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर लखीमपुर खीरी में श्रद्धा, सम्मान और संकल्प का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सोमवार को जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। केवल जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि जनपद की सभी तहसीलों और ब्लॉक मुख्यालयों पर भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर डॉ. आम्बेडकर की विचारधारा को



सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक योगेश वर्मा, नपाप अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्यजन ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता के उनके संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया, वह सिर्फ कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का आधार है। हमें उनके सपनों का भारत बनाना है जहाँ हर वर्ग को समान अवसर मिले, और कोई भी भेदभाव का शिकार न हो डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं। आज के इस पावन और पुनीत मौके पर उन्हें स्मरण करने से मन प्रफुल्लित हो उठता है जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. आंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रहरी थे।

# सपा प्रदेश सचिव के कैंप कार्यालय पर अम्बेडकर जयंती मनाई गई, संगोष्ठी का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव नितिन कोहली के नेतृत्व में और बाबूलाल प्रधान की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134 वी जयंती मनाई गई। उनके केम्प कार्यालय पर बाबा साहेब की तस्वीर पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित की व संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रदेश सचिव नितिन कोहली ने अम्बेडकर की विचारों पर रोशनी डालते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के संविधान को भाजपा सरकार खत्म करने में लगी हुई है। पार्टी को मजबूत करने के लिए संकल्प लेनी की बात कही। वही पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के लिए मजबूती से काम न करने पर नाराजगी जाहिर की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 19



अप्रैल के संभावित दौरे को लेकर पार्टी के लोगों से विचार विमर्श किए और कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा। व्यापार सभा जिला अध्यक्ष राजीव पोद्दार ने कहा कि बाबा साहब ने जो संविधान लिखा है वो हम सबको पढ़ना चाहिए और लोगों को भी पढ़ाना चाहिए।

संविधान पढ़ हम सबको कही न कही फायदे मिलेंगे अगर हम संविधान समझ ले तो। और कहा कि अगर पिछले लोक सभा चुनाव में सपा ने 37-38 सांसद नहीं जीते होते तो बीजेपी द्वारा संविधान अब तक खत्म हो चुका होता। आगे कहा कि आज अखिलेश यादव जो पीडीए को आगे लेकर और संविधान बचाओ के नारे को आगे लेकर चल रहे हैं उस पर हम सबको आगे बढ़ना है जिससे 2027 में सपा सरकार बनाए। व्यापार सभा जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव ने संविधान बचाने पर जोर दिया और कहा कि आज जो भाजपा द्वारा सपा राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पर अत्याचार हो रहा है अगर आज वह सुरक्षित हैं तो सिर्फ बाबा साहब के संविधान की बदौलत। महिला सभा महानगर अध्यक्ष प्रियंका चौहान का कहना था कि बाबा साहब की बदौलत आज हम महिलाएं सर उठाकर जी पा रही है।

# महापौर ने दिया भरोसा, टैक्स को लेकर नहीं होगा उत्पीड़न

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल से जुड़े व्यापारियों को आज एक बार फिर भरोसा दिलाया कि टैक्स को लेकर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि टैक्स वृद्धि के सम्बंध में व्यापारियों की चिंता और भावनाओं से वे प्रदेश शासन को अवगत करायेंगे, चूंकि शासन के निर्देशानुसार ही जीआईएस सर्वे के आधार पर टैक्स वृद्धि हुई है।

महापौर ने कहा कि एक अभियान चलाते हुए शहर के विभिन्न वार्डो में कैम्प लगाकर व्यापारियों के सहयोग से समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निगम के अधिकारियों एवं व्यापारी प्रतिनिधियों के बीच समन्वय बनाते हुए भ्रांतियां दूर की जायेंगी और हर विषय को हल किया जायेगा।

# जले हुए ग्रासलैंड की जगह पर नई घास उगाने की तैयारी में वन विभाग

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी में पिछले कई दिनों से तेज हवा चलने से जंगल क्षेत्र में आग लग रही है। दुधवा से लेकर दक्षिण खीरी तक के क्षेत्र में आग लगी है। हालांकि विभाग ने इस पर काबू पाया लेकिन जंगल में आग की वजह से सूखी घास के साथ ही हरी और नर्म घास भी झुलसकर कोयला हो गई है। वन विभाग अब जले हुए ग्रासलैंड की जगह पर नई और नर्म घास उगाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। दुधवा टाइगर रिजर्व और दक्षिण खीरी के जंगलों में इस बार कई बार आग लगी। कई बार यह आग चरवाहों की लापरवाही से लगी तो कई दफा जंगल के भीतर कंट्रोलिंग फायर के विस्तार के दौरान भी आग लग गई। वन विभाग जंगल को भयंकर आग से बचाने के लिए फायर लाइन तैयार करता है। इसके लिए सूखी पत्तियों, टहनियों आदि को जलाकर जमीन समतल की जाती है। पर कई दफा तेज हवाओं के चलने से यह आग बढ़ भी जाती है। ऐसे में भी जंगल की वनस्पतियां झुलसती हैं। एक अनुमान के मुताबिक खीरी जिले में करीब बीस हेक्टेयर ग्रासलैंड आग की चपेट में आ चुका है। इसका असर शाकाहारी वन्यजीवों पर भी पड़ सकता है। जंगल के अंदर नीलगाय, खरगोश, चीतल, बारहसिंघा और पाढ़ा जैसे जानवर कोमल घासों पर निर्भर होते हैं, लेकिन आग में झुलस चुके घास के मैदानों की वजह से असर पड़ रहा है। ऐसे में वन विभाग ने जले हुए ग्रासलैंड की जगह पर नई घास उगाने की तैयारी में है।

# एक युवक और युवती चेंजिंग रूम में एक साथ देखे जाने से हुआ हंगामा

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ में रेडीमेड कपड़े की दुकान पर एक युवक और युवती चेंजिंग रूम में एक साथ देखे जाने से हंगामा हो गया। आस पास के लोगों ने दुकान का शटर गिराकर दोनों को बंद कर दिया। जिसके बाद मकान मालिक ने युवती को डाट कर भगा दिया। दुकानदारों का कहना है कि एक डिग्री कॉलेज की छात्रा के साथ एक युवक रेडीमेड कपड़े की दुकान पर आया और सीधे छात्रा को लेकर चेंजिंग रूम में चला गया। जिसे पास के ही अन्य दुकानदारों ने अंदर जाते देखा, लेकिन काफी देर तक वह दोनों चेंजिंग रूम से वाहर नहीं निकले तो पास के दुकानदारों ने हंगामा काटते हुए विरोध जताया और दुकान का शटर गिराकर दोनों को अंदर ही बंद कर दिया। हंगामा होते देख दुकान के बाहर भारी भीड जमा हो गई।

# युवक ने अपने ससुर के पेट में मारा चाकू

लखीमपुर-खीरी शहर के मोहल्ला हाथीपुर उत्तरी में ससुराल आए पीलीभीत के युवक ने अपने ससुर के पेट में चाकू घोंप दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर पति को बचाने पहुंची सास पर भी वार किया। चाकू हाथ में लगने से वह भी घायल हो गई। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन दोनों घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने ससुर की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया है शहर के मोहल्ला हाथीपुर उत्तरी निवासी पूजा चौरसिया पुत्री रामप्रकाश चौरसिया ने बताया कि उसकी बड़ी बहन मीना की शादी वर्ष 2011 में पीलीभीत शहर निवासी रवि कुमार से हुई थी। दोनों के बीच आपसी विवाद हो गया था। इस पर बड़ी बहन वापस मायके आ गई थी। 24 मई 2024 को बड़ी बहन ने पीलीभीत के मोहल्ला देशनगर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र भागीरथ मौर्य से शादी की और साथ में रहने लगी।

# अंबेडकर जयंती पर छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

**बदायूं।** जनपद में सोमवार को भारत रत्न ड0 भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन पूरे उत्साह व उमंग के साथ किया गया। वही जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बाबा साहब की जयंती पर आंबेडकर पार्क व अन्य स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम धूमधाम से उत्साह व उत्सव के रूप में मनाए गए।

# राजकीय सम्मान, उत्साह व उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

## डीएम ने सभी को कराया संविधान की प्रस्तावना का पाठन

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव राव अंबेडकर के जन्म दिवस यानी सोमवार को भीमराव आंबेडकर जयन्ती जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे राजकीय सम्मान के साथ धूमधाम से मनाई गई। वही कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा राजीव कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने डॉ आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर द्वारा देश के लिए किए गए योगदान को याद कर उनको नमन



किया। सभी ने राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ईमानदारी से निभाने पर जोर दिया यही महान पुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं डीएम ने सभी को संविधान की प्रस्तावना का पाठन भी कराया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि हम अच्छा सोचेंगे तो अच्छा होगा, आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर ने गरीब व शोषित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करते हुए समाज में समरसता व सामाजिक न्याय पर जोर दिया। उन्होंने आमजन से अपील की कि वह बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलें। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती हर साल 14 अप्रैल को मनाई जाती है। यह दिन भारत में समानता, सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए उनके योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। डॉ0 आंबेडकर ने हमेशा समाज में समरसता और सामाजिक न्याय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने एवं भारत के संविधान निर्माण में डा0 भीमराव राव आंबेडकर जी का अतुलनीय योगदान है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि स्वतंत्रता के अमृत काल में बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती के दिन 14 अप्रैल से आगामी 15 दिन, 28 अप्रैल, तक हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्सव के रूप में किया जाएगा, इसके लिए रूपरेखा निर्धारित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि गत कुछ दिनों से साफ सफाई व स्वच्छता अभियान जनपद में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती को मनाने के लिए जनपद को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा डॉ आंबेडकर के विचारों को व्यवहार में लाने के उद्देश्य से सफलतापूर्वक चलाया गया।उन्होंने बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते उनके बताए मार्ग पर चलते हुए नव भारत के निर्माण में अपनी भूमिका पूरी ईमानदारी व गंभीरता से निभाने का आवाहन सभी से किया।

# डॉ. अम्बेडकर ने किया सर्वसमाज को अधिकार दिलाने का काम

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी विचारधारा व सिद्धान्तों का अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। स्थानीय अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपाईयों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देहात विधायक आशु मलिक ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देश के ऐसे महापुरुष है, जिन्होंने वंचित, उपेक्षित, पीड़ित, पिछड़ी दबे कुचले समाज को उनके अधिकार दिलाकर उन्हें जीवन की मूल धारा में शामिल किया, ऐसे महापुरुष के कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि बाबा साहब एक दीपक के समान थे, जिन्होंने स्वयं को जलाकर समाज को एक ऐसी रोशनी देने का काम किया।

# पुलिस ने मुठभेड़ में घायल अवस्था में दबोचे दो ईनामी समेत चार शातिर लुटेरे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने मुठभेड़ में फाइनेंस कर्मी की लूट के बाद हत्या करने के मामले में वांछित चल रहे 25-25 हजार के दो ईनामी समेत चार शातिर लुटेरो को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये लुटेरो के कब्जे से नाजायज असलाह, घटना में प्रयुक्त बाईक, मोबाइल व लूटी गयी नगदी व अन्य कागजात बरामद कर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना सरसावा पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार शर्मा, निरीक्षक राजीव कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नीरज कुमार गुप्ता, उपनिरीक्षक ललित सिंह, नरेन्द्र कुमार, थाना गंगोह में तैनात उपनिरीक्षक नीरज सिंह, थाना देवबंद में तैनात उपनिरीक्षक नरेन्द्र भडाना, थाना नागल में तैनात उपनिरीक्षक महेश चन्द्र के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान अम्बाला हाइवे पर नकुड़ रोड स्थित निर्माणाधीन कालोनी में चार



संदिग्ध बदमाशों के अपराधिक घटना की फिराक में खड़े होने की सूचना मिलने पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो दो बाईकों पर सवार चार बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे। नकुड़ रोड पर बदमाशों का पीछा करते हुए जब बदमाशों माजरी गांव की तरफ फरार होने लगे, तो उनकी बाईक खडण्जे पर फिसल गयी तथा दोनो बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए आम के बाग में घुस गए। बदमाशों द्वारा चलायी गयी गोली बुलेट प्रुफ जैकिट में लगने से थाना प्रभारी घायल होने से बाल-बाल बच गये। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में दो बदमाश सहदेव उर्फ घोल्ला पुत्र ईश्वर व अनुज पुत्र महेन्द्र सिंह निवासीगण टिकौला थाना मंगलौर जिला हरिद्वार घायल हो गये। दूसरी टीम द्वारा मुठभेड़ में दो अन्य बदमाशों अमनदीप पुत्र आजाद सिंह निवासी टिकौला थाना मंगलौर जिला हरिद्वार, आकाश उर्फ गोल्डी पुत्र राजपाल निवासी कस्बा व थाना सरसावा को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये बदमाशों के कब्जे से लूटी गयी डेढ़ लाख रूपये की नगदी, एक पिस्टल 32 बोर, तीन जिंदा व तीन खोखा कारतूस, 3 तमंचे 315 बोर, 5 जिंदा व 6 खोखा कारतूस, चार मोबाइल, घटना में प्रयुक्त दो बाईक व मृतक के लूटे गए परिपत्र बरामद कर लिये।

# जंगल विशुनपुरा में हुई डकैती का पुलिस ने किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## 23 मार्च को असलहे के बल पर नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर लूट की घटना को दिया था अंजाम

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पडरौना शहर के जंगल विशुनपुरा मोहल्ले में हुई डकैती का पर्दाफाश पुलिस ने सोमवार को कर दिया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, बाकी फरार चल रहे तीन आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त लाठी और असलहा के बल पर लूटे गए कुछ सामान बरामद पुलिस ने किया है। पुलिस का दावा है कि यह एक अंतर्जनपदीय शातिर गैंग हैं जो आबादी से हटकर बने मकानों को निशाना बनाता है।

पडरौना कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर दो जंगल विशुनपुरा निवासी अजय चौरसिया के घर में 23 मार्च की आधी रात को खिड़की की जाली तोड़कर पांच की संख्या में नकाबपोश बदमाश दाखिल हुए। कमरे में आलमारी में रखा 50 हजार रुपए नकद, जेवर समेट लिए। अजय और इसकी पत्नी सभ्यता ने इसका विरोध किया तो बदमाश दंपती की पिटाई करने लगे। शोर सुनकर अन्य कमरों और दरवाजे पर सो रहे परिवार के अन्य सदस्यों की नीद खुल गई और डकैतों से आमना-सामना हो गया। खुद को घिरता देख डकैतों ने गोली चला दी। इसमें बड़े भाई अशोक चौरसिया और अजय पैर में गोली लगने से घायल हो गए। धारदार हथियार से छोटे भाई राकेश के चेहरे पर डकैतों ने वार कर दिया। डकैतों के भागते हुए पीछे का दृश्य पास के एक घर में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसमें डकैतों की संख्या तो दिख रही थी, लेकिन इनका चेहरा नहीं दिख रहा था। पुलिस चोरी के दौरान जानलेवा हमले का केस दर्ज कर विवेचना शुरू किया था। परिजनों ने डकैती को चोरी की धारा में केस दर्ज करने आरोप लगाया तो पुलिस ने विवेचना के दौरान डकैती समेत तीन धारा और बढ़ा दी। पडरौना सीओ अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि बस्ती जिले के बाहरी रोड पुरानी बस्ती थाना पुरानी बस्ती निवासी पसरू, पडरौना कोतवाली के शेख टोलिया जंगल बनवीरपुर निवासी परवेज आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबिश दे रही है, इस गैंग का सरगना पडरौना कोतवाली का रहने वाला लक्की है जो पुलिस की पहुंच से दूर है। घटना में प्रयुक्त खून से सनी लाठी और 11 हजार रुपए नकद पुलिस ने बरामद किया है। बस्ती के रहने वाले पसरू पर नौ मुकदमें दर्ज हैं, जिसमें आठ मुकदमा सिर्फ बस्ती जिले में दर्ज है। पडरौना कोतवाली में परवेज के खिलाफ तीन केस दर्ज है।

### चोरी के केस में डकैती की बढ़ी धारा

डकैती की वारदात के बाद कोतवाली पुलिस पहुंची तो अफसरों को गुमराह कर चोरी के दौरान जानलेवा हमला करने का केस दर्ज कर दिया। धाराओं में अल्पीकरण का मामला जब उजागर हुआ तो एसपी ने पेंच कसा तो विवेचना के दौरान पुलिस ने धारा 111 (2), 310 (2), 317 (3) बीएनएस की बढोत्तरी किया। इसके पहले पुलिस ने धारा 305, 331(8)बीएनएस दर्ज किया था। हालांकि पीड़ित परिवार डकैती का आरोप लगाता रहा, लेकिन पुलिस अपने हिसाब से तहरीर लिखवाकर धाराओं में अल्पीकरण की थी। कानून के जानकारों ने भी घटना मुकदमें के फर्द को देखने के बाद डकैती का मामला बताया था।

## भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर सांसद व समाजवादी विधायकों ने कलेक्ट्रेट स्थित मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय संविधान के निर्माता, परम पूज्य भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134वी जयंती के अवसर पर जनपद अम्बेडकरनगर के मुख्यालय कलेक्ट्रेट स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर समाजवादी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ता साथियों ने माल्यार्पण किया। उसके बाद राहुलनगर कॉलोनी अकबरपुर स्थित विधायक माननीय त्रिभुवन दत्त जी के आवास पर वरिष्ठ नेताओं ने वहां पर मौजूद कार्यकर्ताओ को संबोधित किया गया। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव/अंबेडकरनगर के सांसद माननीय लालजी वर्मा, सपा के राष्ट्रीय महासचिव अकबरपुर के विधायक माननीय रामअंचल राजभर,सपा के राष्ट्रीय सचिव/टांडा के विधायक माननीय राममूर्ति वर्मा,सपा के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व सांसद/आलापुर के विधायक माननीय त्रिभुवन दत्त जी,सपा जिला अध्यक्ष श्री जंगबहादुर यादव जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू सहित भारी संख्या में नेतागण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहें।*

# निहास की खुदाई के दौरान दीवार गिरने से दो मजदूरों की दर्दनाक मौत

**फर्रुखाबाद में बड़ा हादसा प्रशासन ने मौके पर संभाली कमान**

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद नगर के थाना कादरी गेट क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला अल्लानगर बढ़पुर में सोमबार को उस समय हड़कंप मच गया,जब एक निर्माण स्थल पर निहास की खुदाई के दौरान अचानक एक दीवार भरभराकर गिर गई। इस हादसे में मलबे के नीचे दबे दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य मजदूरों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है।

मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की।घटना मोहल्ला अल्लानगर बढ़पुर की है, जहां अड़ियाना निवासी राघव दुबे के प्लॉट पर निहास की खुदाई का कार्य चल रहा था। मजदूर निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्य कर रहे थे कि तभी बगल में स्थित पूर्व सैनिक अमरीश तिवारी के प्लॉट की पुरानी निहास की दीवार अचानक भरभरा कर गिर पड़ी। दीवार इतनी तेज़ी से गिरी कि मजदूरों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और कई मजदूर उसके नीचे दब गए। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही कादरी गेट पुलिस थाने की टीम, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची।तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद मलबे से दो मजदूरों ङ्क 50 वर्षीय इशरत पुत्र अशरफ निवासी अड़ियाना और 50 वर्षीय रंजीत पुत्र राजाराम जाटव निवासी बढ़पुर को निकाला गया और उन्हें तत्काल लोहिया अस्पताल भिजवाया गया लेकिन चिकित्सक डॉ. प्रमोद वर्मा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी और एसडीएम सदर रजनीकांत स्वयं मौके पर पहुंचे

## इलाज के दौरान अर्दली मंशाराम की मृत्यु

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील में उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल के अर्दली मंसाराम उम्र 46 वर्ष निवासी सिकंदराबाद नेहरू नगर टांडा का बीते दिनों 5 अप्रैल को तहसील दिवस समाप्त होने पर परिवार से मिलने घर गए थे रात में तबीयत बिगड़ने पर परिवार वालों ने मेडिकल कॉलेज टांडा भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने लखनऊ राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया था 13 अप्रैल रविवार को अपराह्न को इलाज के दौरान निधन हो गया। अर्दली की मौत की सूचना मिलते हैं उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव, जलालपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा व तहसील के कर्मचारियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके कार्यकाल को याद किया।

## बाबा साहब की जन्म जयंती धूमधाम से मनायी गयी

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की



135वीं जन्म जयंती पर मण्डलायुक्त संगीता सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन, प्रभारी सीडीओ भालचंद्र त्रिपाठी ने क्रमशः आयुक्त सभागार, कलैक्ट्रेट सभागार एवं विकास भवन सभागार में डॉ0 आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मंडलायुक्त संगीता सिंह ने डॉ0 भीमराव आंबेडकर के आदर्श, संघर्ष एवं विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कलैक्ट्रेट में डीएम संजीव रंजन ने देश की एकता, समानता, बंधुता एवं अखंडता में उनके योगदान के बारे में उपस्थित जन समूह को बताया। प्रभारी सीडीओ एवं पीडी भालचंद्र त्रिपाठी ने विकास भवन में कहा कि डॉ0 आंबेडकर समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंने सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी को अभिव्यक्ति की आजादी और सम्मान दिलाने का प्रयास किया।

## जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का पुलिस लाइन सभागार में होगा आयोजन

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** महिलाओं, बालक, बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के दृष्टिगत 17 अप्रेल से 16 मई तक ऑपरेशन जागृति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत पुनः ग्राम पंचायत, वार्ड एवं स्कूल कालेज में भ्रमण कर जन जागरूकता अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है। इस ऑपरेशन जागृति अभियान को सफल बनाए जाने के लिए जिला अभिमुखीकरण कार्यक्रम में 15 अप्रैल को यूनीसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा पुलिस लाइन सभागार में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ऑपरेशन जागृति अभियान को सफल बनाए जाने के लिए प्रशिक्षण के दौरान 11 बजे से 1 बजे तक मुख्य विकास अधिकारी, समस्त पुलिस अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी जनपद जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभारी ए0एच0टी0यू0, प्रभारी साईबर क्राइम, प्रभारी, परिवार परामर्श केन्द्र, प्रभारी विशेष जाँच प्रकोष्ठ, प्रभारी मॉनीटरिंग सैल, जिला विकास अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला मिशन मैनेजर एनआरएलएम, मैनेजर वनस्टोप सेंटर, एनजीओ, मनोवैज्ञानिक/काउंसलर्स, प्रभारी थाना साइबर सैल, प्रभारी नारकोटिक सैल उपस्थित रहेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में वरिष्ठ लेखिका नम्रता शुक्ला को किया गया सम्मान

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रही



वरिष्ठ पत्रकार व लेखिका नम्रता शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.-2025) में पत्रकारिता व सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन सिटी मोंटेसरी स्कूल ष्टरूस्- कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ, जहां सीएमएस की प्रबंधक गीता गांधी किंगडम, अभिनेत्री रूई जलगाँवकर और आरोशिखा डे, अभिनेता रवि भूषण और हेमवंत तिवारी मौजूद रहे। नम्रता शुक्ला ने सत्रह वर्ष की आयु से पत्रकारिता की शुरुआत की और टाइम्स ऑफ इंडिया, दैनिक जागरण, मिड डे जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में काम किया। उन्होंने दोहरी स्नातकोत्तर डिग्री के साथ फिल्म उद्योग में सर्टिफिकेट प्राप्त किया और आईएफएफआई, गोवा में कई स्टोरी लिखीं। इसके अलावा, उन्हें पर्यावरण कार्य के लिए मथुरा रिफाइनरी से पुरस्कार मिला और बच्चों के कल्याण के लिए लायंस क्लब ऑफ वृंदावन, मथुरा से सम्मानित किया गया। उन्हें भारत आईकॉन अवार्ड, एफआईसीसीआई सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने नम्रता शुक्ला की उपलब्धियों की सराहना की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संविधान निर्माता को हम सभी क्षेत्रवासी नमन करते हैं

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा जो संविधान बनाया गया है उसी के तहत आज दलित शोषित पिछड़े व नौजवान तथा हर समुदाय का व्यक्ति इस संविधान के तहत न्याय पा रहा है। ऐसे संविधान निर्माता को हम सभी क्षेत्रवासी नमन करते हैं और उनके जन्मोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हैं कि ऐसे संविधान निर्माता के जन्म दिवस को मनाया जाए यह उदगार आज क्षेत्र के पूरे ढोंढ़े मजरे पाली गांव में अंबेडकर जयंती के अवसर पर उपस्थित हजारों की संख्या को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी बाबा राम केवल अनशनकारी संबोधित कर रहे थे। बाबा रामकेवल अंसनकारी समाज व देश हित के लिए दिल्ली में बड़े-बड़े आंदोलन व विशाल धरना प्रदर्शन किया तथा उनके धरना प्रदर्शन को देखकर दिल्ली तक की सरकारें हिला दी गई थी बाबा द्वारा मांगी गई मांगों को पूरा किया गया संविधान निर्माता बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर जी का 134वां जन्मोत्सव कार्यक्रम ग्राम पूरे ढोंढ़े मजरे पाली महराजगंज में बड़े ही धूमधाम से शशांक मौर्य व धम्म गायिका शिल्पी शाक्य जी ने बुद्ध वंदना से शुभारंभ कर मनाया ।जिसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा छोटे बच्चो के द्वारा डांस प्रतियोगिता की गयी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनशनकारी बाबा रामकेवल जी ने जन्म दिन की हार्दिक बधाई।

## बाबा साहब का सपना सभी को समानता का अधिकार : शमसुल हसन उमरा

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती



समारोह बाराबंकी के उमरा में आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक मोर्चा शम्सुल हसन उमरा द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी लोगो को श्री हसन द्वारा बधाई दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के अन्तर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सभी का स्वागत करता हूॅ। बाबा साहब सिर्फ संविधान निर्माता ही नही थे उन्होने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के अपना पूरा जीवन समर्पित किया। बाबा साहब समाज सुधारक अर्थशास्त्री भी थे। आजाद के प्रथम कानून मंत्री बने और लोगो को समानता का अधिकार मिले इसके लिए कार्य किया। डा अम्बेडकर ने आगे चलकर बौद्ध धर्म अपनाया। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के सामाजिक और वैचारिक योगदानो के लिए हम सभी उनके ऋणी हैं। उक्त अवसर पर राम सजीवन, कमलेश प्रसाद, जमीरुल्लाह, अबूबकर, राम प्यारे, राम अजोर, बुधई, कमलेश गुप्ता, आशिक अली सहित सौकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पर अनुरागिनी संस्था द्वारा ग्राम सींगपुरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सामाजिक न्याय और सेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए अनुरागिनी संस्था द्वारा विकासखंड जालौन के ग्राम सींगपुरा में प्राथमिक विद्यालय परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस शिविर में 255 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सक दल का नेतृत्व डॉ. नवाब सिंह जादौन, पूर्व चिकित्सा अधिकारी ने किया। उनके मार्गदर्शन में चिकित्सकों की टीम ने ब्लड प्रेशर, मधुमेह, त्वचा रोग, स्त्री रोग, दंत रोग और अन्य सामान्य बीमारियों की जाँच की। सभी मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ भी प्रदान की गई। अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ..प्रवीण सिंह जादौन ने इस अवसर पर कहा, ÷बाबा साहब अंबेडकर के सिद्धांत हमें प्रेरणा देते हैं कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता के अधिकार पहुँचाए जाएँ। अनुरागिनी संस्था इन्हीं विचारों को लेकर समाज सेवा के कार्य कर रही है। यह शिविर स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ जनजागरूकता का भी माध्यम है। शिविर का शुभारंभ जिला केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के सभापति उपेंद्र सिंह राजावत, उप सभापति अजय महतेले,ग्राम प्रधान रेखा कुशवाहा तथा संस्था के संयोजक मनोज सिंह राठौर द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से अनुरागिनी संस्था द्वारा औषधि एवं न्युट्रिशनल ड्रिंक्स वितरित की गयी। ग्रामीणों ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पहली बार अपने गाँव में इस प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलीं। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में फर्रुखाबाद के राजकिशोर शुक्ल के पुत्र ध्रुव शुक्ल ने स्वर्ण पदक जीता

**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** 12 से 14 अप्रैल में मुरादाबाद में




16वीं उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता संपन्न। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर यूथ,सीनियर मास्टर, दिव्यांगजन श्रेणियों में महिला पुरुष के लिए आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग के संघ के महासचिव वीपी सिंह ने बताया प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से 20 टीमों ने भाग लिया ।इसमें फर्रुखाबाद, सहारनपुर, शामली , मुज्जफरनगर, बिजनौर, अमरोहा, सम्भल,रामपुर, हरदोई, लखनऊ, अंबेडकर नगर, बलिया, आजमगढ़, कानपुर, फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ हैं। अपने फर्रुखाबाद जिले से पहली बार 2 बेटियां आर्म रेसलिंग में गई और दोनों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सीधे हाथ से स्वर्ण पदक जीता। यूथ 50 किलो मे अंजू यादव पुत्री नक्षत्र पाल सिंह यादव ने स्वर्ण पदक हासिल किया व 60 किलो मे पूजा कौशल पुत्री कन्हैया कौशल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। यही पर पुरुष श्रेणी में सब जूनियर 50 किलो में प्रियम पटेल ने सीधे हाथ से स्वर्ण व दाहिने हाथ से भी स्वर्ण पदक हासिल किया व अनिल कुमार गुप्ता के पुत्र मेहुल गुप्ता ने 70 किलो में अपने सीधे हाथ से स्वर्ण पदक व दाहिने हाथ से रजत पदक हासिल किया। यही पर जूनियर 50 किलो श्रेणी में युवराज गंगवार ने अपना प्रदर्शन दिखाया व राघव मौर्य ने 55किलो यूथ श्रेणी में रजत पदक हासिल किया। यही पर फर्रुखाबाद जिले के कोच जो कि शिक्षक नेता राजकिशोर शुक्ला के पुत्र ध्रुव शुक्ला ने 60 किलो यूथ श्रेणी में दाहिने हाथ से स्वर्ण पदक हासिल किया। सफल प्रतिभागियों को मेरठ के मेयर ने मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने जिले में इस बार कुल 6 स्वर्ण पदक जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग में आए है।

# डॉ. गौरव गुप्ता द्वारा रोबोटिक तकनीक से घुटने की सर्जरी में नया बदलाव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** रोबोटिक घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी अब घुटनों के इलाज में एक नई और बेहतरीन तकनीक बन चुकी है। यह तकनीक खासतौर पर उन लोगों के लिए मददगार है जो घुटनों के दर्द से लंबे समय से परेशान हैं। इस तकनीक में खास मशीनों (रोबोटिक उपकरणों) और 3डी इमेजिंग का इस्तेमाल होता है, जिससे हर मरीज के घुटने की स्थिति के अनुसार अलग-अलग योजना बनती है। इससे सर्जरी बहुत ही सटीक और सुरक्षित तरीके से होती है, जिससे मरीज जल्दी ठीक हो जाते हैं और दर्द भी कम होता है।

डॉ. गौरव गुप्ता, जो रोबोटिक घुटना सर्जरी में माहिर हैं, बताते हैं कि इस तकनीक ने सर्जरी के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। उनका कहना है, रोबोटिक तकनीक से सर्जरी करने पर इंसानी गलतियों की संभावना बहुत कम हो जाती है, जिससे मरीज को बेहतर परिणाम और जल्दी राहत मिलती है। डॉ. गुप्ता ने पिछले 15 सालों में 2,000 से ज्यादा जोड़ बदलने की सर्जरी की हैं। 2015 में उन्होंने अपने क्षेत्र में पहली बार कंप्यूटर की मदद से (नेविगेशन सिस्टम के जरिए) जोड़ बदलने की सर्जरी की थी। उन्होंने जर्मनी, स्विट्जरलैंड और मलेशिया से रोबोटिक सर्जरी की ट्रेनिंग ली है और भारत में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में भी अग्रणी रहे हैं। इस तकनीक से बहुत से मरीजों को शानदार नतीजे मिले हैं। झांसी ऑर्थोपेडिक अस्पताल में हुई एक महिला की रोबोटिक घुटना सर्जरी इसका एक उदाहरण है। केवल डेढ़ महीने बाद ही वह प्रयागराज के कुंभ मेले में शामिल हुई, जहां वह मीलों पैदल चलीं।

## विधायक क्षेत्र विकास निधि की 21 लाख की धनराशि से होगा प्रतिमा स्थल का सौंदर्यकरण

**रायबरेली।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली नगर स्थित हार्थी पार्क चौराहे का नाम परिवर्तन कर 'बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर चौक' किए जाने की पहल की है। उन्होंने इस आशय का अनुरोध पत्र नगर विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित किया है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि यह चौराहा रायबरेली नगर के हृदयस्थल पर स्थित है, जहां बाबासाहेब की विशाल प्रतिमा स्थापित है। यह स्थल वर्षों से जनमानस की आस्था और प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त चौराहे को बाबा साहेब के नाम से विधिक रूप से नामित किए जाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए यह स्थल उनके योगदान की स्थायी स्मृति बना रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ अंबेडकर जयंती मनाई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सोमवार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक समरसता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के सभी विधानसभाओं में अंबेडकर प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान, संगोष्ठी एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने आवास विकास स्थित लोहिया अस्पताल में मरीज को फल वितरण किया। फतेहगढ़ मंडल में भोलेपुर जेएनवी रोड तिराहे पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया इसके उपरांत अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा पूरे जनपद में भाजपा द्वारा अंबेडकर जयंती को श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। बीजेपी का अनुसूचित मोर्चा इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है उन्होंने कहा डॉक्टर अंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि वह सामाजिक न्याय और एकता के प्रतीक थे भाजपा ने डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया उन्होंने भारतीय समाज में जातिवाद और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई थी और उनकी नीतियों को लागू करने में भाजपा सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

## भारतीय कृषक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने पदाधिकारी को मनोनीत किया

**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 14/4/2025 को लेकर संविधान



निर्माता बाबा सहाब डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने मंण्डी समिति कमालगंज में बैठक की पहले बाबा सहाब अम्बेडकर की फोटो पर माल्यार्पण किया इसी क्रम में पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें अल्पसंख्यक संख्यक प्रकोष्ठके प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद स ईक अहमद उत्तर प्रदेश और फिरोज खांन को जिलाअध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ फर्रुखाबाद और रिकूं को ब्लाक अध्यक्ष कमालगंज और धनीराम को नगर अध्यक्ष कमालगंज और डां आदर्श जिलाअध्यक्ष कन्नौज को मनोनीत किया गया इस मौके शीलचंद अम्बरीष शुक्ला किशन अग्निहोत्री निशान्त त्रिवेदी आषुतोष त्रिवेदी गजेन्द्र सिंह रामनारायन रामबीर पाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण उनके जीवन व सिद्धांत पर प्रकाश डाला



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, डॉ0 बी0आर0 अंबेडकर पार्क बहोरना पो जहानगंज में आयोजित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये व बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया व बाबा साहब के जीवन व सिद्धांत पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजन समिति की तरफ से जिलाधिकारी के हाथों से 06 गरीब कन्याओं को शादी अनुदान के रूप में 21-21 हज़ार के चेक वितरित कराये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी कमालगंज साथ रहे।

## अंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र स्थितआज चीनी मिल परिसर में स्थिति अम्बेडकर पार्क में स्थापित डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी एवं देश के प्रथम मुस्लिम देहदानी डॉ अरशद मंसूरी नमन कर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर बोलते हुए समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एक महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के निर्माता थे। उन्होंने ऊंच-नीच की खाई कों समाप्त करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना की। भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान कों कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस दौरान वीरू सिंह, गौरव सिद्धार्थ, मिथुन कुमार, बब्लू राठौर, बी. ए. ए. अज़हर, मोहम्मद वसीम मंसूरी आदि लोग उपस्थित रहें।

## आई एम इण्टर कालेज सिरसी में टीएमटी द्वारा आयोजित चेम्प्स प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजित किया गया

**संभल अवधनामा संवाददाता।** सिरसी आई एम इण्टर कालेज सिरसी में आयोजित



की गई प्रतियोगिता परीक्षा में 356 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। लखनऊ की संस्था टीएमटी द्वारा आयोजित चेम्प्स प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षा केंद्र आई एम इण्टर कालेज सिरसी को बनाया गया प्रतियोगिता परीक्षा में कक्षा 4 से कक्षा 11 तक के छात्र छात्राओं ने आन लाइन फार्म भरे थे जिसकी परीक्षा सोमवार की सुबह नो बजे से सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शुरु हुई परीक्षा से पहले सभी छात्र छात्राओं के एडमिट कार्ड और आधार कार्ड चेक करने के बाद ही सेंटर पर प्रवेश दिया गया परीक्षा में 120 छात्र और 236 छात्राएं उपस्थित रही जबकि 44 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे इस दौरान सेंटर इंचार्ज मोहम्मद शुएब जैदी कोऑर्डिनेटर मोलाना मोहम्मद अब्बास सुपरवाइजर मोहम्मद असगर आपजर्व हुसैन मेहंदी एव मुस्तफा अली, सज्जाद अली, हसन मेहंदी, मुकेश कुमार, सुभाष कुमार, अशरफ अली, आले जहरा, इतरत सय्यदा, समन जैदी, मोहम्मद रजा, हिदायत अली आदि का सहयोग रहा।

## वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी के 7 दोपहिया वाहन बरामद

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्राधिकारी तृतीय अभय कुमार पाडेय के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक क्वार्सी द्वारा पुलिस टीम के साथ कड़ी पतारसी, सुरागरसी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर प0दीन दयाल अस्पताल में वाहनो के चोरी की फिराक में घूम रहे दो नफर अभियुक्त 1. दानिश पुत्र गुलाम रसूल निवासी गली नं0 10 जीवनगढ थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ 2. राजकुमार पुत्र लख्मीचन्द निवासी इब्राहीमाबाद थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय अलीगढ से एक साइकिल स्पलेन्डर रजि0 नं0 यूपी 81 एएन 5336 (घटना में प्रयुक्त मो0सा0 जिसमें इंजन चोरी का ) के साथ गिरफ्तार किया गया।

## अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने की अग्नि पीड़ित परिवारों की सहायता

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने दीनापुर -घाटमपुर के चार अग्नि पीड़ित परिवारों को एक महीने का खाद्यान्न और आर्थिक सहायता प्रदान की। रामराज कोरी, राम जश कोरी, शिवबरन कोरी और लखराजी के मकान पिछले सप्ताह आग लगने से जल गये थे। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अमरेन्द्र सिंह पिंटू अपनी टीम के साथ दीनापुर -घाटमपुर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर सहायता प्रदान की।

## सरकार ने रखा दलितों का मान, अयोध्या में जयंती पर बाबा साहेब को मिला खूब सम्मान

# अयोध्या में हर्षोल्लास से मनी डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार में दलितों और वंचितों को खूब मान मिला है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बाबा साहेब की जयंती सम्मान के साथ मनाने का निर्देश दिया था। इसके तहत अयोध्या में जयंती की पूर्व संध्या पर सभी पार्कों, स्मारकों और चौराहों पर स्थापित बाबा साहेब सहित महापुरुषों व राष्ट्रनायकों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गई। जनप्रतिनिधि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, अमित सिंह, चंद्रभानु सिंह समेत अन्य राजनेताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। सोमवार को जयंती के अवसर पर जिले में विविध आयोजन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।प्रदेश की योगी सरकार के निर्देश पर अयोध्या में भी संविधान के शिल्पकार व भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सभी सरकारी कार्यालयों में ही नहीं बल्कि गली-गली व चौक-चौराहों पर संविधान निर्माता को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। रैलियां भी निकाली गईं।

**आयुक्त कार्यालय में माल्यार्पण कर अर्पित की पुष्पांजलि**

आयुक्त कार्यालय में मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन के विचारों के बारे में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों के बीच उद्बोधित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर कठिन पस्थितियों में अनेक विधाओं में शिक्षा ग्रहण करते हुए डिग्री प्राप्त की। उन्होंने इगलैण्ड में जाकर कानून की डिग्री हासिल की। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानताएं व कुरीतियों के विरूद्ध लड़ते हुए प्रत्येक वर्ग व व्यक्ति को शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी देश का विकास सम्भव नही हैं। डा. भीमराव अंबेडकर शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने के प्रति विशेष बल दिया।

तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को किया साझा

कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता व महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी तथा मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनकी विचारो लोगो के बीच साझा करते हुए अनुश्रवण करने का संकल्प भी लिया गया।

**यहाँ-यहां भी मनाई गई जयंती**

अयोध्या के संत रविदास मन्दिर व महोबरा बाजार पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन किया गया। साहबगंज, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, जलालपुरा व जिले में कई शिक्षण से स्थानों में जयंती मनाई गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या राजकरन नय्यर व सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर नगर निगम के जोनल कार्यालय अयोध्या धाम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अयोध्या के मलिन बस्तियों ,अंबेडकर पार्क,अंबेडकर कॉलोनी,अयोध्या नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत जो भी अंबेडकर की मूर्तियां पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों द्वारा अम्बेडकर जयंती पर महानगर में कई स्थान पर स्थापित डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या में भाजपाईयों द्वारा महानगर क्षेत्र में स्थापित 16 स्थानों पर अम्बेडकर प्रतिमा की साफ-सफाई किया गया। रात्रि में दीपक जलाए गए।

# बाबा साहेब द्वारा दिए गए संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपाः सांसद अवधेश प्रसाद

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी जिला/महानगर कार्यालय फैज़ाबाद अयोध्या लोहिया भवन गुलाबबाड़ी में सोमवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को याद किया और बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को खत्म करना चाहती है। बाबा साहेब की जन्म जयंती पर हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान की रक्षा के लिए हम सबको एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पवन पांडे ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति बल्कि एक विचार है। समाज में दबे, कुचले, शोषित, वंचित ,दलित, पिछड़ों के सम्मान व अधिकार का जो सपना बाबा साहब ने देखा था वह अभी अधूरा है। समाजवादी पार्टी बाबा साहब के सपने को हर हाल में पूरा करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एक समाज सुधारक के रूप में अपनी पहचान बनाई। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने दलित वर्ग के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए काम किया। उन्हें 1990 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। महानगर महासचिव हामिद जाफर मीशम, जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव,जिला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद, जेपी यादव,ओपी पासवान, जय सिंह राणा, राम अचल यादव, अनूप सिंह, बाबूराम गोंड, बलराम मौर्य, कन्हैया लाल गौड़, आकिब खान सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

## रोटरी क्लब बंटेगा जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनः विंध्यवासिनी



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** रोटरी क्लब की मासिक बैठक स्थानीय एक रेस्टोरेंट में चार्टर प्रेसिडेंट विंध्यवासिनी सिंह के अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें आगामी दो महीने में विभिन्न महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों को अंजाम देने के निर्णय लिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ चार्टर अध्यक्ष विंध्यवासिनी सिंह,आगामी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह,उपाध्यक्ष डा ए वी त्रिपाठी,सचिव देवेश पांडे,कोषाध्यक्ष डा साजिद अहरारी आदि रोटेरियन ने दीप प्रज्वलित कर किया।राष्ट्रगान के उपरांत सचिव देवेश पाण्डे ने सभी एजेंडे आम सभा के समक्ष रखा जिसमें लगभग सभी पर सहमति बनी।इस दौरान उपाध्यक्ष डॉ डी के साहनी ने फॉलोअप डायरेक्टर बनाए जाने की बात रखी जबकि पूर्व सचिव डॉ कृष्णा साहनी ने गरीब तबके के बच्चों में सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीनेशन पर जोर दिया।सचिव देवेश पांडे एवं पंकज मौर्य ने लघु नाटिका से लोगो में जागरूकता लाने की बात कही।रोटेरियन सुरेश कश्यप ने क्लब के कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर शेयर करने पर जोर दिया।कोषाध्यक्ष डा साजिद अहरारी ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए कपड़े के थैलों को बांटने की बात रखी।

पूर्व सचिव रोटेरियन डा हेमंत श्रीवास्तव ने वाटर कूलर को मुख्य चौराहे के पास स्थापित करने का प्रस्ताव दिया।

## समरसता दिवस के रूप में भाजपाईयों ने मनाई डा अम्बेडकर जयंती

### बाबा साहब के विचार आज भी देश को प्रेरणा देते हैंः महेन्द्र पाण्डेय

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों द्वारा अम्बेडकर जयंती पर महानगर में कई स्थान पर स्थापित डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या में भाजपाईयों द्वारा महानगर क्षेत्र में स्थापित 16 स्थानों पर अम्बेडकर प्रतिमा की साफ-सफाई किया गया। रात्रि में दीपक जलाए गए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जयपुरिया स्कूल में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय सचिव महेन्द्र पाण्डेय के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने पूराबाजार के सनेथू, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने मोहबरा, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने साहबगंज बालदा कालोनी, ब्लाक प्रमुख संघ के



जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह ने पूरा बाजार के दतौली, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी व भाजपा नेता अभय सिंह ने कृष्णा नगर वार्ड के मसिनियां में अम्बेडकर प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

सहादतगंज स्थित कार्यालय में डा. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्वत व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर सुनाया।

इस दौरान राष्ट्रीय कार्यालय सचिव महेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और समावेशिता के लिए समर्पित था, और उनके विचार आज भी देश को प्रेरणा देते हैं। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए गरीबों, मजदूरों, शोषितों व वंचितों के उत्थान के प्रति संकल्पित है। भेदभाव के खिलाफ व गरीबों शोषितों व वंचितों के हितों की रक्षा के लिए बाबा साहब द्वारा किये संघर्ष हमें आज भी प्रेरणा प्रदान करते है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब उनके सिद्धान्तों व विचारों का पालन करने के साथ हम समाज के हित काम करने का संकल्प लेंगे।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चल कर सरकार ने सबका साथ सबका विकास करने के लिए जनकल्याण कारी योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की हैं।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, डा राकेश मणि त्रिपाठी, काशीराम रावत, अभय सिंह, रवि सोनकर, बालकृष्ण वैश्य, हेमंत जायसवाल, सूरज सोनकर, नयन कमल चौधरी, बब्लू मिश्र सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित, मुख्यमंत्री योगी ने जताई प्रसन्नता



**अयोध्या।** अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण ने सोमवार को एक और ऐतिहासिक पड़ाव पार कर लिया। वैदिक ब्राह्मणों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ मुख्य शिखर पर कलश स्थापित किया गया। यह पवित्र कार्य सुबह 9¬15 बजे शुरू हुआ और 10¬30 बजे शिखर पर कलश की स्थापना पूरी हुई।इस अवसर पर अयोध्या में उत्सव का माहौल रहा और स्थानीय लोगों ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। राम मंदिर के निर्माण और अयोध्या के कायाकल्प से न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश में रामभक्ति की लहर और मजबूत हो रही है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि वैशाखी और बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर यह कार्य संपन्न हुआ। अब मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजदंड स्थापना की प्रक्रिया शुरू होगी। मंदिर निर्माण प्रगति पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि राम मंदिर का निर्माण न केवल आध्यात्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा की अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण देशवासियों की आस्था और संकल्प का परिणाम है। यह भारत की सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर और सशक्त करेगा। योगी ने ट्रस्ट और निर्माण कार्य से जुड़े सभी लोगों की सराहना की और इसे %नए भारत% की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अयोध्या को विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सड़क, रेल और हवाई संपर्क के साथ-साथ पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### जल्द होगी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा

चंपत राय ने जानकारी दी कि मंदिर परिसर से अब निर्माण मशीनें हटाई जाएंगी। प्रथम तल पर राजा राम, परकोटे और सप्तऋषियों के मंदिरों में मूर्तियों की प्रतिष्ठा का कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। मंदिर का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर आगे बढ़ रहा है, जिससे भक्तों में उत्साह है।

### बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर भव्य समारोह का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** भारतरत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सर्वोदय सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट सेवा ट्रस्ट, खेमापुर अंबेडकर नगर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय, वैष्णो पुरम कॉलोनी, देवकाली अयोध्या में आयोजित हुआ। समारोह की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. बसन्त कुमार प्रधानाचार्यने डॉ. अंबेडकर के राजनीतिक और शैक्षणिक दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब का दृष्टिकोण नैतिकता और धर्म पर आधारित था, लेकिन उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ माना। डॉ. कुमार ने संविधान सभा में 25 नवम्बर 1949 को दिए गए बाबा साहब के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा, ÷राजनीतिक लोकतंत्र तब तक जीवित नहीं रह सकता जब तक वह सामाजिक लोकतंत्र के मूल सिद्धांत - स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व - को स्वीकार नहीं करता। शिक्षा पर बोलते हुए डॉ. कुमार ने बताया कि बाबा साहब शिक्षा के महत्व को भली-भांति समझते थे। उन्होंने कहा, शिक्षा वह आधार है जो व्यक्ति को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि समाज को भी सशक्त करती है। उन्होंने बोधिसत्व डॉ. अंबेडकर की शिक्षा प्राप्तियों और कोलंबिया यूनिवर्सिटी में उनकी स्थापित प्रतिमा का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में डॉ. विक्रम, डॉ. पंकज कुमार, प्रदीप भारती, राजा राम, अशोक कुमार, हरिश्चंद्र, डॉ. आंबेडकर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री जगदीश बौद्ध, रविंद्र गौतम, राजेंद्र कुमार गौतम, अजय कुमार, अरविंद कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डॉ अम्बेडकर जयन्ती पर जिले में उत्सव का माहौल

## अंबडेकर चौराहे पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहब की जयंती





*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयन्ती उत्सव के रूप में भव्य रूप से मनाई गई। डॉ अम्बेडकर चौराहा(नाका सतरिख) स्थित डॉ अम्बेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति द्वारा हर्षोल्लास के साथ सुबह 08 बजे जयन्ती उत्सव की शुभारंभ पुष्पांजलि, दीपांजलि के साथ बुद्ध वन्दना से हुआ। वहीं दिन भर चले विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा साहब की प्रतिमा पर जिले के हर स्तर के लोगों ने माल्यार्पण किया। सांसद तनुज पुनिया, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, महामंत्री संदीप गुप्ता, एमएलसी अवनीश पटेल, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हफीज भारती, जैदपुर विधायक गौरव रावत, वन निगम के पूर्व उपाध्यक्ष विजय कुमार गौतम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसन्त सिंह गौतम, हापुड़ के पोस्ट मास्टर श्रवण कुमार सहित तमाम गणमान्य लोगों ने बाबा साहब को पुष्पाजंलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भंडारे का शुभारंभ पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने किया वहीं खीर दान का शुभारंभ वन निगम के पूर्व उपाध्यक्ष विजय कुमार ने किया। बैजनाथ रावत ने भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर पार्क अनुरक्षण समिति की ओर से डॉ अम्बेडकर पार्क की स्थापना में योगदान के लिए पूर्व विधायक रतनलाल राव एवं पार्क का उच्चीकृत जीर्णोद्धार के लिए पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत का नागरिक अभिनंदन किया गया। नागरिक अभिनन्दन करने वालों में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार, उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, महासचिव राम औतार, कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर उपाध्यक्ष देव कुमार गुप्ता, सचिव मंशाराम कनौजिया, रमेश चौधरी, केशनलाल चौधरी, सियाराम वर्मा, सहदेव प्रसाद, कमलेश कुमार, राम प्रगट कनौजिया, राजेन्द्र कनौजिया, उप सचिव विनोद कुमार, डॉ सतीश गौतम, दिनेश चंद्र रावत, आनंद चौधरी, अमित कुमार, राम दयाल, निधि गौतम, राम आसरे, बालजती, उर्मिला सूरज प्रकाश, पूनम रत्नाकर, रामकुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोक गायक जमुना प्रसाद कनौजिया व उनकी टीम द्वारा मिशन गीतों से लोगों का शमा बांधे रखा।

## जैदपुर में संविधान निर्माण बाबा भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण

जैदपुर के ग्राम करपिया पडरा सहित विभिन्न स्थानों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया नमन। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के पावन अवसर पर आज सोमवार करीब 1 बजे जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के करपिया पड़रा सहित विभिन्न गांव में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर शोभायात्रा भी निकाली गई। इस मौके पर ज़ैदपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी अम्बरीश रावत, जिला पंचायत सदस्य राम सिंह भुल्लन वर्मा, मंडल अध्यक्ष केवल प्रसाद वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे वही पडरा गांव में हरख ब्लॉक प्रमुख रवि रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी, श्रेष्ठ शर्मा, पूर्व प्रधान रणजीत वर्मा, विशंभर दयाल गौतम, दशरथ लाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नहर में मिला युवक का शव, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप



*अवधनामा संवाददाता*

**सिद्धौर बाराबंकी।** असन्द्रा थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव नहर से बरामद हुआ। युवक के मुंह से खून निकलने पर परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बथाना क्षेत्र के दुनिया का पुरवा गांव के निकट गुजरी नहर में सोमवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।युवक के मुंह से खून निकल रहा था और उसकी बाइक वहीं पास में ही खड़ी मिली। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया। बाद में शव की शिनाख्त टिकैतनगर थाना क्षेत्र के नागापुर गांव के शुभम कुमार (29) पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में की गई।सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि दो दिनों पूर्व वह रिश्तेदारी में आया था। मृतक की ससुराल भी इसी इलाके में है ।उसका पत्नी से विवाद चल रहा था। उसकी पत्नी मायके में रह रही है ।मृतक के पिता ने उसकी हत्या कर शव नहर में फेंके जाने की आशंका जताई है ।इस संबंध में इंस्पेक्टर आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है कि प्रथमदृष्टया नहर में डूबने से युवक की मौत होना प्रतीत होता है।

## प्रभु के अलावा कोई नहीं जानता कि यह दुनिया कब बनीः महाराज पंकज



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के तत्वाधान मे चल रही 57 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के अपने अट्ठाइसवें पड़ाव पर सोमवार को ग्राम पंचायत देवकलिया मे संस्थाध्यक्ष संत पंकज जी महाराज शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक का संदेश दिया। संत पंकज जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि ''मिली नर देह यह तुमको, बनाओ काज कुछ अपना।'' पंक्तियों को उद्धृत करते हुये कहा सर्वश्रेष्ठ मानव शरीर आपको मिल गया है। इससे अपना आत्म कल्याण करा लीजिये। प्रभु के अलावा कोई नहीं जानता कि यह दुनिया कब बनी। लेकिन इतना जरूर है कि हम लोग जन्म मरण के बन्धन में बराबर धक्के खा रहे हैं। दयालु प्रभु ने दया करके संतों को इस कलियुग में भेजा, उन्होंने आकर अपना परिचय देते हुये कहा ''हम आये वहि देश से जहां तुम्हारा धाम। तुमको घर पहुंचावना एक हमारा काम।।'' आप अजर-अमर देश सतलोक के वासी हो। आप प्रभु को प्राप्त करने वाले सन्त महात्मा, फकीर के सानिध्य में आकर अपना आत्म कल्याण करा लें। यही जीवन का असली लक्ष्य है। उन्होंने गृहस्थ आश्रम को सबसे अच्छा आश्रम बताया। इसमें रहकर मेहनत और ईमानदारी से रोजी-रोटी कमायें और अपना आत्म कल्याण करा लें। यदि खेती दुकान दफ्तर में काम करने वाले लोग मेहनत, ईमानदारी से अपना-अपना काम करने लगें तो यह देश दो वर्षों में स्वर्ग बन जाये। हमारी संस्था ने गांव गोद लेकर शाकाहारी-सदाचारी और नशा मुक्त बनाने और परस्पर प्रेम सद्भाव से रहने का अभियान चलाया है। जब गांव-गांव के लोग शाकाहारी हो जायेंगे व चरित्रवान हो जायेंगे और भजन करने लगेंगे तो निश्चय ही कलयुग में रामराज, सतयुग आ जायेगा। इसलिये समय की मांग है अच्छा समाज बनाने के लिये मानव धर्म अपनायें।

उन्होंने आगरा-दिल्ली बाईपास मथुरा में बने बरदानी जयगुरुदेव मंदिर की महिमा पर प्रकाश डालते हुये कहा यहां बुराईयां चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है। इसी प्रकार का भव्य बाबा जयगुरुदेव मंदिर जिला इटावा उ.प्र. के खितौरा धाम बना है यहां सभी धर्मों, जातियों के लोग आते हैं। शान्ति व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर रामचन्द्र यादव, सतीश वर्मा, विजय बहादुर वर्मा प्रधान, डा. कृष्ण मुरारी, सोमेश वर्मा, भूपेश, ओम प्रकाश, राज बहादुर, बलराम यादव 'लल्लूराम' रामउजागिर चैधरी, रामलौट यादव, विजयमल वर्मा, संतराम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। आशीष कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग गृहस्थी हुई राख

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम कपिलनगर मजरे धरौली मे संदिग्ध परिस्थितियों मे लगी आग से नगदी सहितघर गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया है ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग को शांत किया। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धरौली के मजरे कपिलनगर की निवासिनी सरस्वती पत्नी भुल्लू मजदूरी करती है।जो काम करने के लिए तीन दिन पूर्व में कही गई हुई थी।पति मानसिक रूप से बीमार है। घर मे मौजूद 14 वर्षीय लडकी अपने चाचा के घर पर सो रही थी। रात करीब 2 बजे अचानक घर से धुआँ उठने लगा और देखते ही देखते आग की लपटे बढ़ने लगी शोर मचाने पर दौड़े ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू को शांत किया। लेकिन तब तक घर में रखा आनाज, कपड़े, जेवर एवं नगदी जलकर राख हो गई।

## अंबेडकर जयंती पर विकास व समर्पण का लिया संकल्प



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा एवं नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पलता मंगल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके द्वारा वंचितों, शोषितों और पिछड़े वर्गों के कल्याण हेतु किए गए संघर्षों को याद किया। अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज वर्मा, एसडीएम रमेश कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। जिले के समस्त कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में भी अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोष्ठियाँ, वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ एवं प्रभात फेरियाँ आयोजित की गईं।

# बाजारो में धड़ल्ले से बिक रही नकली खोये की मिठाईयां

जामिन रिजवी



**डुमरियागंज सिद्धार्थ नगर।** नकली खोये की मिठाईयों की भरमार है बाजारों में धड़ल्ले से बिक रही है नकली खोये की मिठाईयां फूड अधिकारी भी नहीं रोक पा रहे हैं नकली खोये की मिठाईयां आज कल के दौर में नकली खोये की मिठाईयां हर चौराहे, हर गांव में आपको मिल जायेगी और ये मिठाईयां शरीर में एक स्लो प्वाइजन का काम कर रही है मगर इसको रोकना फूड डिपार्टमेंट के बस की बात नहीं है वो भी जब जांच करने आते हैं तो दुकानदार को पहले से इसकी खबर मिल जाती है और दुकानदार दुकान बन्द कर देते हैं और अधिकारी चुपचाप लौट जाते हैं यदि कोई दुकानदार पकड़ जाता है तो वहीं कुछ ले देकर उसका समाधान हो जाता है और अगले दिन से फिर नकली खोये की मिठाईयां बिकने लगती है अब इसका कौन जिम्मेदार है यही सवाल सबके दिमाग में चलता है यदि जल्दी इसका समाधान नहीं हुआ तो घर घर में बीमारियां होगी। खाद्य सामग्री की जांच को लेकर विभाग गंभीर नहीं है, चिक्त्सिा और स्वास्थ्य विभाग मात्र खानापूर्ति करने में लगे हें।

**गांव-गांव में खुले आम चल रहा धंधा फूड अधिकारी भी है लाचार रोक नहीं पाते मिलावट**

विभाग तथा सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। इस सम्बंध में एस एस ओ जय प्रकाश का कहना है शिकायत मिली है जल्द ही सख्त कार्रवाई की जायेगी जिस दुकानदार के यहां मिलावटी सामान मिलेगा उस पर कानूनी कार्रवाई होगी।

# भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनी जयंती

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बोधिसत्व, भारत रत्न, भारतीय संविधान निर्माता, स्वतंत्र भारत के कानून मंत्री, नारी को शिक्षा एवं समानता का अधिकार दिलाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को बडे धूमधाम एवं भव्य रैली निकाल कर मनाया गया। यह रैली मधुकर पुर गांव से निकल कर पटखौली कुदारन होते हुए बासी कस्बे से रोडवेज होते हुऐ माधव तिराहा होते हुए आजाद चौक से सोनारी रासी नगर मे बाबा साहब के मूर्ति पर माल्यार्पण कर रैली का समापन किया गया।

रैली को संबोधित करते हुए रवि कपूर राव ने बताया कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू मिलिट्री, छावनी इंदौर में पिता जी रामजी राव माता भीमा बाई के यहाँ हुआ था घोर सामाजिक यातनाओं एवं अशिम कठिनाइयों का सामना करते हुए देश विदेशो मे उच्च शिक्षा प्राप्त किया। अपने सुख सुबिधाओं को त्याग कर भारत मे उपेक्षित दलितों पीछडों, अल्पसंख्यकों, निर्वलों एंव महिलाओ को उच्च शिक्षा, समानता और सम्मान का अधिकार दिलाया।उन्होंने छुआछूत और जातीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के शिल्पकार रहे। वह भारत के संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित संविधान की नींव रखी। बीआर अंबेडकर हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर सभी देश वासियों को हार्दिक बधाई एंव बहुत बहुत शुभकामनायें ज्ञापित किया गया।।इस दौरान जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू प्रधान, आशीष भारती, विजय बहादुर अम्बेडकर, रवि कपूर राव, चक्रधारी गौतम, सुनील जाटव, राजकुमार, डॉ हंसराज कुशवाहा वीरेंद्र प्रताप, ओमप्रकाश, श्रवन निषाद, बिरेन्द्र कुमार, राजीव सिन्हा, बासूदेव, माधुरी गौतम सोनू, लक्ष्मण प्रसाद, नरेंद्र मौर्या, कुलदीप मौर्य, शैलेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, शैलेश कुमार, कृष्णा कुमार, प्रमोद कुमार, रणजीत गौतम, गीरीश चन्द, राजकुमार, धर्मेंद्र प्रताप सहित तमाम लोग रैली मे शामिल रहे।

## अंबेडकर जयंती पर निकली रैली



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सदर विकास खण्ड अंतर्गत महादेवा बुजुर्ग से डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर स्वामी नाथ व संतोष बौद्ध की अध्यक्षता में विशाल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महादेवा बुजुर्ग से प्रारंभ होकर महादेवा बाजार भैसहवा देउरा जंगल, गनेरा, सोहास से मोहाना आदि चौराहों से होते हुए डफालीपुर तक निकली गई। रैली में ग्राम प्रधान चंद्रजीत जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब ने सभी जन मानस को शिक्षा पर विशेष जोर देने को कहा। रैली में श्यामाचरण, अर्जुन बौद्ध, रंजीत, राम अचल अभिषेक डिवाइन, मनोज, योगेंद्र भारती, बबलू, राम बेलास, संदीप, सबलू, रवीश परमेश्वर, दीपचंद, रवि जाटव व जितेंद्र आदि शामिल रहे।

## गाजे बाजे के साथ निकली बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की शोभायात्रा



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी में बोधिसत्व, भारत रत्न व भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी का 134 वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसके परिपेक्ष्य में शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ बड़े ही भीड़ भाड़ के साथ महला उत्तरी डीह से पकड़िहवा, महला चौराहा होते साधूनगर, फिर वापस महला दक्षिणी डीह, तक निकाला गया, महला चौराहे पर बाबा साहब के संदर्भ में जीवन संघर्ष का एक झलक का चर्चा महला दक्षिणी डीह पर भी प्रकाश डाला गया और फिर उत्तरी डीह महला गाँव में जाकर शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान ग्राम प्रधान गंगाराम, सर्वजीत यादव, सचिव रामस्वरूप गुप्ता, रोहित यादव, डा, राजेश, डा, राम अचल, अनिरुद्ध, अनिल गौतम, कृष्ण कुमार, रामकुमार, शिवप्रसाद, राघवेंद्र दूबे, दीपू तिवारी, नेता राधेरमण तिवारी, अरून चौधरी, ओमप्रकाश, खुनुवा पुलिस चौकी इंचार्ज सर्वेश यादव, चन्दन कुमार, अनिल गुप्ता आशीष कुमार के अलावा भारी संख्या में अनुयायी शामिल रहे।

## दर्जनों किसानों की फसल जलकर हुई राख

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद में गेहूँ की खड़ी फसलों में आग लगकर जलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। जिससे किसानों को भारी क्षति हो रही है। ताजा मामला विधानसभा शोहरतगढ़ क्षेत्र के विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत धनौरा बुजुर्ग का है जहां सोमवार की सुबह करीब एक दर्जन किसानों के गेहूँ की लगभग 12 बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई। गांव निवासी हफीजुल्लाह, वहीदुल्लाह, शिवकुमार, जन्नतुनिशा, मतीउल्लाह, इबादुल्लाह, रामकुमार, कमलावती, कृष्ण कुमार आदि किसानों का कहना है कि गांव के जागरूक लोगों द्वारा आग लगने की सूचना फायर सर्विस को दी गई लेकिन वह लेट से पहुंची। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया नहीं तो सैकड़ों बीघा फसल जलने से कोई नहीं रोक सकता था। ग्रामीणों ने जिले के उच्चाधिकारियों से ब्लॉक स्तर पर आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ी की व्यवस्था किए जाने की मांग करने के साथ ही फसलों की मुआवजा जल्द दिलाये जाने की मांग की है।



# सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर : कन्हैया

**डॉ भीमराव अम्बेडकर के सपने को भाजपा कर रही साकार : जिलाध्यक्ष**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित का उनको नमन किया।

जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा सर्वसमावेशी, सर्वहितग्राही, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को समृद्ध करते भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। बाबा साहब सच्चे अर्थों में भारत रत्न एवं लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे, समतामूलक एवं न्यायप्रिय समाज की स्थापना के लिए उनका संघर्ष हम सभी को अनंत काल तक प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

राष्ट्र और समाज के कमजोर वर्ग की उन्नति के लिए बाबा साहब ने जो सपना देखा था उसे नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार साकार कर रही है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्रा, जिला मंत्री द्वय फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, जिला संयोजक निर्वाचन सच्चिदानंद चौबे, फूलचंद जायसवाल, संतोष शुक्ला, महेंद्र लोधी, राजेश दूबे, अनुराग गगन, अरविंद पाण्डेय, रमेश पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहें।

# संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की मनाई गई 134वी जयन्ती

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में डा भीमराव अम्बेडकर की 134 जयन्ती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई।

**सपा विधायिका सैय्यदा खातून ने बांटा खाद्य सामग्री**



भारतीय संविधान के शिल्पकार डा भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था वे एक प्रसिद्ध वकील, अर्थ शास्त्र, राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक थे बाबा साहेब के नाम से डा अम्बेडकर ने छूआ छूत और जातिय भेद भाव के खिलाफ जोरदार आन्दोलन चलाया भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रुप में उन्होंने देश के लिए एक मजबूत संविधान की नीव समता स्वतंत्रता बधुत्व और न्याय पर रखी गयी आज जगह जगह उनकी जयन्ती विभिन्न कार्यक्रमो द्वारा मनाई जा रही है वहीं हल्लौर में प्रधान ने स्टाल लगा कर जुलूस को बिस्कुट और पानी बांटा सपा विधायिका ने डुमरियागंज में खाद सामग्री बांटी डुमरियागंज मेन चौराहे पर बाबा साहेब की जयन्ती पर घोष्टी हुयी जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रावेन्द्र प्रताप सिंह, सपा विधायिका सैय्यदा खातून, अम्बेडकर चेतना मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गौतम, श्याम मिलन गौतम, सचिन कुमार, संतोष सिधानिय, रणजीत प्रधान,विजय कुमार, मनोज सिद्धार्थ, शैलेन्द्र प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि राशिद रिज़्वी, विरेन्द्र कुमार, सर्वर कुमार, बुद्धि राम,लक्षि राम, छेदी लाल, हरी लाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## आरएसएस ने अंबेडकर जयंती पर किया समरसता सहभोज का आयोजन




**उसका बाजार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उसका बाजार इकाई की ओर से सोमवार को अमृत लाल महाविद्यालय परिसर में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में समरसता सहभोज का आयोजन हुआ। शुभारंभ आरएसएस के जिला प्रचारक विशाल, कार्यक्रम के अध्यक्ष गंगाराम, खण्ड संघचालक अनूप छापड़िया ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर, डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। जिला प्रचारक विशाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने डा. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती का उत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह हिंदू समाज के सारे भेदभाव भुलाकर एक करने वाला दिन है। बताया कि डा. अंबेडकर का आरएसएस से भी गहरा नाता रहा है। वह हिंदू समाज को बिखरते नही देखना चाहते थे। इसलिए इन्होंने संविधान में सबके अधिकार की बात लिखी थी, लेकिन राजनीतिक दलों ने इसकी परिभाषा अपने फायदे के हिसाब से किया। कार्यक्रम के अंत में संघ की प्रार्थना हुई, इसके बाद सभी लोगों ने एक साथ सहभोज किया। इस दौरान हेमंत जायसवाल, आशीष शुक्ला, रामेश्वर पांडेय, मनोज कुमार, देवी प्रसाद, अमित उपाध्याय, राकेश आर्या, मनीष पांडेय, बृजेश उपाध्याय, राजधर पांडेय, प्रहलाद, सोमनाथ मिश्रा, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

## 43वीं वाहिनी एसएसबी ने 1746 ग्राम चरस को किया जब्त

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** रविवार की शाम 43वी वाहिनी की सीमा चौकी चेरीगवा के गश्ती दल ने सीमा स्तंभ संख्या 561/1 के समीप एक मोटर साइकल सहित 1746 ग्राम चरस को जब्त किया। दैनिक प्रचालन गतिविधि के तहत सीमा चौकी चेरीगवा से एक गश्ती दल सीमा स्तंभ संख्या 561/1 के लिए रवाना हुआ। गंतव्य स्थान के समीप पहुँचने पर गश्ती दल बारिश के कारण एक पेड़ के नीचे छिप गए। थोड़ी ही देर में गश्ती दल ने देखा कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहा है। संदेह के आधार पर गश्ती दल उसके तरफ बढ़ने लगा। गश्ती दल को देखते ही वह व्यक्ति मोटर साइकल को नेपाल के तरफ घूमकर भागने का प्रयास करने लगा, परंतु बारिश के कारण वह व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित फिसल कर गिर गया और मोटर साइकिल छोड़ नेपाल क्षेत्र में भाग गया। तत्पश्चात गश्ती दल द्वारा उक्त मोटर साइकिल की तलाशी ली गई जिसमें उक्त मोटर साइकिल के डिक्की से पारदर्शी प्लास्टिक में चरस जैसा पदार्थ बरामद हुआ। गश्ती दल द्वारा समवाय कमांडर को तथा समवाय कमांडर द्वारा औषध निरीक्षक तथा वाहिनी के स्वान दस्ता को बुलाया गया तथा बरामद उक्त पदार्थ की जांच की गई, जिसमें चरस जैसा पदार्थ की पुष्टि हुई। गश्ती दल द्वारा समीप से इलेक्ट्रॉनिक तराजू मँगवाया गया तथा बरामद पदार्थ का वजन किया गया जिसमें कुल 1746 ग्राम चरस जैसा पदार्थ पाया गया । तत्पश्चात, गश्ती दल द्वारा बरामद 1746 ग्राम चरस जैसा पदार्थ और मोटर साइकिल को जब्त कर उचित कागजी कार्यवाही के उपरांत पुलिस थाना शोहरतगढ़ को सुपुर्द कर दिया गया।



# धूमधाम से मनाई गयी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में भारत के प्रथम कानून मंत्री बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के जन्म दिन के अवसर पर बसपा कार्यकर्ताओ के अगुवाई में अम्बेडकर साहब के जयंती के अवसर पर लोटन ग्राम पंचायत के आयोजक राजेन्द्र प्रसाद के घर से रैली निकाल कर पुरे कस्बे में भ्रमण किया गया। रैली में हजारों युवा महिला व पुरुषों की सहभागिता रही।

रैली में दर्जनों गाड़ियों में बैठ कर भी लोग पीछे पीछे चलते रहे शामिल लोगों ने उनके विचारों पर चलने के लिए लोगो को बताया ।अलग अलग ग्राम पंचायत से आये लोगों ने नारे भी लगाया नारे मे उन्होने कहा जब तक सुरज चांद रहेगा भारत के प्रथम कानून मंत्री बाबा अम्बेडकर साहब का नाम रहेगा ।2 बजे लोटन कस्बा होते हुए घोघी पुल ठोठरी तिराहे से होकर ग्राम पंचायत लोटन मे ही आकर समापन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ने रैली में शामिल लोगों को रोड के एक तरफ से चलने के लिए लोग को निर्देश देकर साथ साथ पैदल जलते रहे आयोजक करता प्रशासन को धन्यवाद दिया । भीमराव अम्बेडकर जयंती पर सुब्रत पाण्डेय द्वारा सेमरहना चौराहे पर जलपान का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें सहिला सैनुआ, भगता भेलौजी आदि गांवों के लोगों जलपान किया गया।

इस दौरान उप निरीक्षक संजीत सिंह, सौरभ सिंह, संजय गौतम, बुद्धेश कुमार, जगदीश यादव, आयोजक राजेन्द्र प्रसाद, सागर,अमीर कुमार, आजाद,लाल बेनी,राम वृक्ष,राम लखन, दुखी अगस्त,शांति, सीमा, अंजनी, मीरा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नारायण सिंह, मनोज कुमार, अशर्फी प्रधान, कन्नौजिया, शैलेश कुमार चौरसिया, इरशाद खान, रिंधु पासवान, अतीउल्लाह,महेश कन्नौजिया, प्रदीप कुमार, कमलेश चौरसिया, लक्ष्मी राम, तेज प्रताप सिंह अनुप यादव सुग्रीव कुमार जितेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, मौसम सिंह, राम नेवास यादव, प्रदीप मोदनवाल राजकुमार, मनीष कुमार यादव, अनील राव, शिवम् विश्वास, शिव कुमार, हरी लाल कन्नौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह का एनटीपीसी मे शुभारम्भ

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (अग्निशमन शाखा) द्वारा दिनांक 14.4.2025 को अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभय कुमार मिश्रा महाप्रबंधक परिचालन एवं अनुरक्षण, एनटीपीसी टांडा केऔसुब के उप कमांडेंट रागुल एम.आर.अपर महाप्रबंधक अनुरक्षण प्रमोद कुमार ,एनटीपीसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश कुमार ठाकुर, सहायक कमांडेंट राजीव कुमार सिंह ,केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निरीक्षक/अग्नि रोशियो बाबू निरीक्षक /कार्य अहत्तर इमाम तथा एनटीपीसी के परियोजना के अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए उप कमांडेंट श्री रागुल एम.आर ने 14 अप्रैल 1944 को शाहिद हुए अग्निशमन कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए अग्नि सुरक्षा जागरूकता के संबंध में सप्ताह के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की विधिवत जानकारी दी।

## आरएसएस संघ ने पथ संचलन निकालकर किया नगर का भ्रमण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोमवार 14 अप्रैल को बांसी में पथ संचलन निकालकर नगर का भ्रमण किया। दोपहर बाद 03 बजे से तिलक इंटर कॉलेज से निकली यात्रा रोडवेज, पेट्रोल पंप,बउरहवा बाबा मंदिर अशोक नगर, आजाद तिराहा, मंगल बाजार से होते हुए पुन- तिलक स्कूल में आकर संपन्न हो गया। इस दौरान कई स्थानों पर नगर वासियों द्वारा स्वयं सेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा भी किया गया। सैकड़ों की संख्या में पंक्ति से वाद्ययंत्रों की धुन पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे स्वयं सेवकों को देखने के लिए रास्ते चलते लोग रुक जाते थे। इससे पूर्व बौद्धिक के दौरान स्वयं सेवकों को कर्तव्य की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के पश्चात जलपान भी कराया गया। कार्यक्रम में आरएसएस के विभाग जिला एवं खंड कार्यकारणी के अधिकांश पदाधिकारी और स्वयं सेवक उपस्थित रहे। पथ संचलन मे पूर्व कैबिनेट मंत्री सतीश द्विवेदी, अमय पाण्डेय, मनोज बाबा, सुनील मिश्रा, हर गोविन्द साहू, मंगल चौरसिया धर्मेंद्र गुप्ता, रामशरण मोर्य, अंगद वर्मा, ओम सिंह, शनि जयसवाल, रवि अग्रहरि, सोनू जयसवाल सहित काफी संख्या मे उपस्थित रहे। इस दौरान काफी संख्या मे पुलिस बल मौजूद रहे।

# बाबा साहेब की लिखी संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी आप पर है : वीरेंद्र चौधरी

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को फरेंदा के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने जिले भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों से लोगों को अवगत कराया। अपने विधानसभा क्षेत्र फरेंदा मुख्यालय पर महराजगंज तिराहे पर स्थित बाबा साहेब के विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद वहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा बाबा साहेब के लिखित संविधान के चलते समाज के तमाम वंचित वर्ग के लोगों को बहुत सारे अधिकार प्राप्त है। इसमें आरक्षण एक ऐसी व्यवस्था है जो पिछड़ों को दलितों को समृद्ध जीवन का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा अफसोस आज देश की मौजूदा हुकूमत इस संविधान को बदलने की साज़िश रच रही है। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा पिछड़े, वंचितो, अल्पसंख्यकों और दलित समाज के बल पर हमारे नेता राहुल गांधी भाजपा के इस साज़िश को कभी सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के लिखित संविधान पर हमला करने वाले ये लोग चाहे जितना अंबेडकर का नाम जप लें,इनके मन में कुछ और ही है। लेकिन आप सब वह ताकत हैं जो संविधान बदलने की नियत रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। इसके पहले बृजमनगंज क्षेत्र में जितेंद्र कुमार भीम आर्मी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक वीरेंद्र चौधरी ने बाबा साहेब पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा पूर्व प्रधान रघुनाथ द्वारा अम्बेडकर पार्क मुजुरी,अरविंद मौर्य द्वारा मथुरा नगर, अमित राज गौतम द्वारा आयोजित कार्यक्रम बड़हरी,रामू अर्कवंशी द्वारा आयोजित कार्यक्रम बेलौही चौराहा तथा धर्म सिंह चौहान द्वारा आयोजित कार्यक्रम बेलसड़ में भी विधायक श्री चौधरी ने शिरकत कर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने विचार व्यक्त किए।

अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित क्रमवार कार्यक्रमों उनके साथ राजेश मौर्या, अरविन्द मौर्या, गंगा पासवान, आर.एल मौर्या, लाल जी, संतराम भारतीय, युवराज गौतम, सुरेश प्रसाद, राजन शुक्ला, अमर मनी पासवान, शिवदयाल भारतीय, अनिल मौर्या, अनिल पासवान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल शर्मा,पूर्व प्रधान व पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी सपा नेता दिलीप चौधरी , पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी राकेश यादव , ईश्वर यादव, लड्डू प्रधान,श्री बगेदू, श्री अखिलेश मौर्या, रामललित मौर्या, जिला पंचायत सदस्य पप्पू यादव,, मो. सफीक प्रधान, अजय कुशवाहा, कृष्णा, आनन्द गौतम, संजय राव, फौजदार, अवधेश भारती, महेन्द्र भारती, अरुण जायसवाल, योगेश धर दुबे, कलीम इद्रीशी, दर्शन चौधरी आदि शामिल रहे। फरेंदा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन युवा शिक्षक व अंबेडकर विचार वादी भीमसेन गौतम ने किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** दलितों, शोषितों, वंचितों के मसीहा बोधिसत्व भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती जिले में बड़े ही हर्षौल्लस के साथ मनाई गई।जगह जगह शोभा यात्राएं निकालकर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पंचायत बढ़नी में भी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। बाइक, ट्रैक्टर ट्राली, टेम्पो तथा ई रिक्शा तथा पैदल डीजे की धुन पर नाचते युवाओं की टोली लगातार जय भीम, जय भीम के नारे से वातावरण गूंज रहा था। संविधान निर्माण में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की भूमिका अहम मानी जाती है, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों के फलस्वरूप हमें आजादी मिली और देश में 26 जनवरी 1950 को अपना कानून लागू किया गया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष उनके अनुयायी उनके जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके पग चिन्हों पर चलकर तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लेते है।

# गर्मी ने पसीने छुड़ा दिये

कई शहरों के तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुचे गये है। मौसम विभाग ने एक्स्ट्रीम वेदर कन्डीशन की चेतावनी जारी की है। इस परिप्रेक्ष में गर्मी के हिसाब से तैयारी लाजमी है। इस साल गर्मी कुछ जल्दी आ गई है। जनवरी में औसत तापमान 1991-2020 के औसत से 0.79 डिग्री ज्यादा रहा। एक सदी के सबसे गर्म जनवरी का रिकार्ड बनाया। हालाकि कुछ जिलों में हुई बारिश ने कुछ राहत पर अल्पकालीन रहा। इस साल की गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ सकती है। गर्मी हर साल नये रिकार्ड बनाती जा रही है यह चिन्ता का बात है। पिछले साल पूर्वी और दक्षिणी भारत में गर्मी 5 अप्रैल को आई पर इस बार फरवरी में ही दस्तक दे दी। अगले कुछ दशक में अनुमान है देश का 70 प्रतिशत इलाका गर्मी नहीं भीषण गर्मी की गिरफ्त में होगा। पिछले पीक सीजन में बिजली मांग 250 मेगावाट तक पहुंच गई थी। 270 मेगावाट तक पहुंच गई थी। 270 मेगावाट इस साल होने का अनुमान है। बिजली का ज्यादा एसी में फुक्रती है। एसी वाले भी इस खपत से डर जाते है। सरकार कह रही है वह बिजली की मांग पूरी करने के लिये तैयार है। अपने यहां अभी आठ प्रतिशत लोगो के पास ही एसी उपलब्ध है। पर एसी का मार्केट तेजी से बढ़ता जा रहा है। नेशनल सेन्टर फार डीजीज कन्ट्रोल के पास 2024 में संस्पेक्टेड हीट स्ट्रोक के ग्राफबन जाते है। इसके अन्तरगत स्ट्रीट वेन्डर, ड्राइवर डिलेवरी ब्याय जैसे लोग आते है। बडी संख्या में मजदूर झोपडे यहां में गर्मी झेलते रहते है। गर्मी से बचाने के लिये ऐक्शन प्लान होना चाहिये। काम के घन्टो में बदलाव, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करनी चाहिये। साथ ही शेल्टर होम की व्यवस्था अहम होनी चाहिये। सामाजिक संस्थायें इस क्षेत्र में महात्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। वे भी पेयजल व्यवस्था अस्थायी शेलटर होम जैसी व्यवस्था कर सकते है। झुग्गी झोपडियां वालो के निम्न श्रेणी का रहने वालो को लू से बचने के उपायों की जानकारी दे सकते है। लू से बचाने वाली कुछ चीजें और दवायें बांट सकते है। जैसे ग्लूकोस, मठ्ठा पर्याप्त पानी की व्यवस्था जैसे उपाय कर सकते है। भान्डारे करने के बजाय यह व्यवस्था ज्यादा पुण्यकारी होगी। ऊपर की दुनियां के बजाये नीचे की दुनियां जो आंखो के सामने है उसे सुधारना ज्यादा हितकारी होगा। पर्यावरणविदो की भूमिका व्यवस्था में प्रभावी सुधार ला सकते है। शासन को सुझाव से प्रेरित कर सकते है कि कैसे पृथ्वी के बढ़ते तापमान को नियन्त्रित किया जा सकता है। कोयला इकाई कोयले का उपयोग करते है उन पर अंकुश लगा ऊर्जा के लिये अन्य श्रोत इस्तेमाल करने के लिये समझाया जाय, कुछ मुद्रा दे प्रोत्साहित किया जाये। अमीर देश गरीब देशों को वित्तीय सहायता देकर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम निभा सकते है। अभी सभाओं में बैठको में बड़ी बड़ी घोषणायें कर देने का वादा करते है। वित्तीय सहायता का आश्वासन देने का वादा करते है। वित्तीय सहायता का आश्वसन देते है। पर सभाओं और बैठकों के बाद सब भूल जाते है। भावी पीढ़ी को कुछ सही टेम्प्रेचर सौप कर जाये।

# आठवें वेतन आयोग के गठन में इतना विलंब क्यों



बलदेव राज भारतीय

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल 2025 भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है, और न ही इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए जनता या विशेषज्ञों से सुझाव मांगे गए हैं। यह देरी न केवल कर्मचारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने में बाधा बन रही है, बल्कि यह सवाल भी उठा रही है कि क्या सरकार इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को समय रहते पूरा कर पाएगी। वेतन आयोग भारत में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्तों और अन्य सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए गठित किया जाता है। यह प्रक्रिया स्वतन्त्रता के बाद से नियमित रूप से चली आ रही है, जिसमें हर दस साल में एक नया वेतन आयोग गठित किया जाता है। सातवें वेतन आयोग, जिसका गठन फरवरी 2014 में हुआ था, ने अपनी सिफारिशें नवंबर 2015 तक दे दी थी। जिससे सातवां वेतन आयोग जनवरी 2016 से अपने समय पर लागू हो गया था।

अब आठवां वेतन आयोग जिसको जनवरी 2026 से लागू किया जाना है, के गठन की घोषणा हुए भी चार महीने बीतने को हुए, परन्तु अभी तक सरकार द्वारा घोषणा के अतिरिक्त अन्य कोई कदम इस दिशा में नहीं उठाया गया। आठवां वेतन आयोग जिससे अपेक्षा की जा रही है कि वो न केवल वेतन संरचना में बदलाव लाएगा, बल्कि महंगाई, जीवन यापन की लागत और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के लिए एक नया ढांचा तैयार करेगा। आठवें वेतन आयोग की घोषणा के साथ ही कर्मचारी संगठनों ने इसे एक स्वर्णिम अवसर के रूप में देखा। बढ़ती महंगाई, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की लागत ने कर्मचारियों के मासिक बजट पर भारी दबाव डाला है। विशेष रूप से मध्यम और निम्न वेतन वर्ग के कर्मचारियों के लिए यह वेतन वृद्धि किसी वरदान से कम नहीं होगी। लेकिन इस प्रक्रिया में हो रही देरी उनकी उम्मीदों पर अनिश्चितता की काली घटाओं की तरह मंडरा रही है। आठवें वेतन आयोग के गठन में देरी के कई संभावित कारण हो सकते हैं। सबसे पहले, सरकार को इस आयोग के लिए उपयुक्त अध्यक्ष और सदस्यों का चयन करना होगा, जो न केवल अनुभवी हों, बल्कि विभिन्न हितधारकों के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम हों। दूसरा, आर्थिक स्थिति भी इस देरी का एक कारण हो सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था हाल के वर्षों में कई चुनौतियों से गुजरी है, जिसमें वैश्विक मंदी, महामारी के प्रभाव और मुद्रास्फीति शामिल हैं। वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने में सरकार को भारी वित्तीय बोझ उठाना पड़ता है, और संभवतः सरकार इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति का आकलन कर रही है। तीसरा, वेतन आयोग की प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है। आयोग को न केवल वेतन संरचना की समीक्षा करनी होती है, बल्कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने, डेटा विश्लेषण करने और फिर अपनी सिफारिशें तैयार करने में भी महीनों लग सकते हैं। इसके बाद सरकार को इन सिफारिशों की समीक्षा करनी होती है, जिसमें कई बार संशोधन और कटौती भी शामिल होती है। यह पूरी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि यदि वेतन आयोग का काम समय पर शुरू न हो, तो जनवरी 2026 तक इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। कर्मचारी संगठनों ने इस देरी पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि सरकार ने घोषणा तो कर दी, लेकिन उसका कोई ठोस रोडमैप सामने नहीं आया है। कई संगठनों ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द आयोग के सदस्यों की घोषणा करे और इस प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से शुरू करे। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि अगर देरी और बढ़ी, तो उनकी वित्तीय स्थिति और खराब हो सकती है, क्योंकि महंगाई का दबाव लगातार बढ़ रहा है। आठवां वेतन आयोग न केवल कर्मचारियों के लिए, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। सरकारी कर्मचारी देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उनकी खर्च करने की क्षमता बाजार को गति देती है। वेतन वृद्धि से न केवल उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, बल्कि इससे उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी, जो अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी युनिवर्सिटी का महत्व



बालासुब्रमण्यम अय्यर

**भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी युनिवर्सिटी, त्रिभुवन सहकारी युनिवर्सिटी के लिए विधेयक का संसद में पारित होना भारतीय सहकारी आंदोलन की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इसका 2025 के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान संपन्न होना इसके महत्व को और बढ़ाता है। जैसा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा, यह युनिवर्सिटी सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने में एक शक्तिशाली माध्यम बनने के लिए तैयार है। भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज़्यादा सहकारी समितियाँ और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियाँ सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएँ नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।**

2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुँच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है। सहकारिता मंत्रालय ने सराहनीय कदम उठाए हैं 67,390 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ आवंटित करना, 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों को करने में PACS को सक्षम करने के लिए 32 राज्यों में मॉडल उपनियमों को लागू करना, 2 लाख नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियाँ बनाने का लक्ष्य रखना, 1,100 किसान उत्पादक संगठनों (FPO) को समर्थन देना और 44,000 PACS को सामान्य सेवा केंद्रों (CSC) में बदलना। कर प्रोत्साहन, आसान ऋण और विकेंद्रीकृत भंडारण सुविधा सहकारी समितियों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। बीज, निर्यात और जैविक उत्पादों के लिए तीन नए राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना इस बात का संकेत है कि सहकारी समितियों को भारत के विकास के प्रमुख एजेंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है। परन्तु, अपने विस्तार और पहुंच के बावजूद, सहकारी क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की



अवरचना आंशिक, अविकसित और असमान रूप से वितरित है। प्रबंधकीय और प्रशासनिक से लेकर तकनीकी और परिचालन तक योग्य पेशेवरों की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। मौजूदा कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों की क्षमता निर्माण में निवेश करने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है। इन कर्मचारियों में से कई के पास नियमित प्रशिक्षण या शिक्षा के अवसरों तक पहुंच नहीं है। मानकीकृत पाठ्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत सामंजस्य के बिना, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का पूरी तरह से लाभ नहीं ले सकता है या अपने विकास को बनाए नहीं रख सकता है। सहकारी आंदोलन में नई और युवा पीढ़ियों को आकर्षित करने की भी सख्त जरूरत है - ऐसे व्यक्ति जो न केवल पेशेवर हों बल्कि सहकारी मूल्यों से प्रेरित हों और क्षेत्र में नवाचार करने के लिए आतुर हों। यहां, त्रिभुवन सहकारी युनिवर्सिटी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है- शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में सेवा करके जो नई पीढ़ी के सहकारी नेताओं को बढ़ावा देते हुए सभी स्तरों पर उनकी क्षमता का निर्माण कर सकेगा अमूल मॉडल के वास्तुकार, दूरदर्शी श्री त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर, और भारत की डेयरी सहकारी क्रांति के उद्गम स्थल आनंद में स्थित यह युनिवर्सिटी एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि है, साथ ही यह एक रणनीतिक हस्तक्षेप भी है। ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद का चयन - एक ऐसा संस्थान जिसने दशकों से सहकारी प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है - इस युनिवर्सिटी की नींव के रूप में व्यावहारिक और प्रेरणादायक दोनों है। आनंद में IRMA को सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के रूप में नामित किए जाने के साथ, यह युनिवर्सिटी सहकारी उद्यमों की चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए सुसज्जित पेशेवरों को तैयार करने की एक मजबूत विरासत का निर्माण करेगा। युनिवर्सिटी का विज़न सिर्फ़ औपचारिक प्रबंधन डिग्री तक सीमित न होकर काफी विस्तृत है। यह प्राथमिक और माध्यमिक सहकारी समितियों के बोर्ड सदस्यों, सहकारी क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों, और नैतिक, सस्टेनेबल और समावेशी व्यवसाय मॉडल में रुचि रखने वाले युवाओं की नई पीढ़ी तक अपनी पहुँच बढ़ाएगा। इसके लिए, युनिवर्सिटी लचीले शिक्षण मॉड्यूल, प्रमाणन कार्यक्रम, डिग्री कार्यक्रम, डिजिटल पहुँच प्रदान करेगा और क्षेत्र-आधारित ऐसे शोध का जरिया बनेगा, जिनसे स्व-सहायता, लोकतांत्रिक नियंत्रण और पारस्परिक जिम्मेदारी के सहकारी मूल्यों का लाभ सभी को मिल सकेगा। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक राष्ट्रीय ज्ञान मंच के रूप में भी काम कर सकता है, हितधारकों के बीच संवाद को सुविधाजनक बना सकता है, साक्ष्य-आधारित नीतिगत अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है और ग्रामीण वास्तविकताओं के अनुरूप नवाचारों का समर्थन कर सकता है। डेयरी, ऋण, आवास, मत्स्य पालन, कपड़ा आदि जैसे भारत के विविध सहकारी परिदृश्य में, विश्वविद्यालय एक ऐसे केन्द्र के रूप में विकसित होगा जहां, शिक्षा, नीति निर्माता और सहकारिता से जुड़े विशेषज्ञ उन्नयन के नये पथ ईजाद कर सकेंगे। वैश्विक स्तर पर, सहकारी शिक्षा सहकारी आंदोलनों की सफलता का आधार रही है। 1844 में रोशडेल पायनियर्स के समय से ही, आचरण के मूल नियमों में मुनाफे का एक हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करना शामिल था। पाँचवाँ सहकारी सिद्धांत - शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना - आंदोलन का एक मुख्य स्तंभ बना हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य, नेता और समुदाय सहकारी मॉडल को समझें और उसका पालन करें। यह गहरी जड़ें जमाए बैठी शैक्षिक परंपरा ही है जो सहकारी शासन को बनाए रखती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और जवाबदेही को मजबूत करती है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की विरासत और भारत के संविधान को बचाने की आज सबसे बड़ी जरूरत

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारत के जिस जनकल्याणकारी संविधान को बनाया था आज उस पर पूंजीवादी और सांप्रदायिक तत्वों के गठजोड़ द्वारा सबसे बड़ा हमला किया जा रहा है। संविधान विरोधी इन ताकतों के गठजोड़ ने भारत के संविधान के बुनियादी सिद्धांतों को जानबूझकर कर मटिया बैठ कर दिया है और डॉ भीमराव अंबेडकर ने आजादी, समता, समानता, भाईचारे और जनतंत्र का जो झंडा बुलंद किया था, आज भारत के जनतंत्र और संविधान विरोधी ये पूंजीवादी और सांप्रदायिक ताकतें उसी मनुवाद को लागू करने में लग गई हैं, जिसका डॉक्टर अंबेडकर ने दिलो जान से डटकर मुकाबला और खत्म किया था। इन्होंने जनहितकारी आरक्षण का खात्मा कर दिया है और ये ताकतें जनता के शिक्षा और रोजगार के अधिकार पर सबसे बड़ा हमला कर रही है और उसे अशिक्षित और आर्थिक रूप से गरीब और पिछड़ा बनाए रखने की मुहिम में जुट गई हैं। वैसे तो दुनिया में बहुत सारे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने समय-समय पर समाज को मुक्तिकारी दिशा दी है और समाज को बदला है। इनमें मुख्य रूप से गौतम बुद्ध, कबीर दास, अरस्तु, रूसो, प्लेटो, अब्राहम लिंकन, कार्ल मार्क्स, फ्रेडरिक एंगेल्स, रामास्वामी पेरियार, ज्योतिबा फुले, लेनिन, जॉर्डन ब्रूनो, कॉपरनिकस, न्यूटन, होब्स, लोक, रुसो, माओ त्से तुंग, हो ची मिन्ह, फिदेल कास्त्रो, चे गुवेरा, जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, भगत सिंह, बिस्मिल, मुजफ्फर अहमद, राजा महेंद्र प्रताप सिंह, राहुल सांकृत्यायन आदि रहे हैं। मगर इन्हीं में एक प्रमुख नाम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का भी है जिन्होंने हमारे देश के शूद्रों, वंचितों, पीड़ितों और अभावग्रस्त इंसानों को मुक्ति की राह दिखाई और समाज में समता, समानता, न्याय और आपसी भाईचारा पैदा करने की बात की और औरतों को शिक्षा, समानता और आजादी की मुहिम चलाई और इसे पूरा किया।



अंबेडकर 14 अप्रैल 1891 को पैदा हुए थे, उनके पिता राम जी और माता भीमाबाई थी। भीमराव अंबेडकर को अपने जन्म से ही संघर्ष का सामना करना पड़ा था, उनको सामाजिक अन्याय और छूआछूत का सामना करना पडा। नाई ने उनके बाल नहीं काटे, गाड़ी वाले ने गाड़ी पर नहीं बिठाया, तांगे वाले ने तांगे पर नहीं बिठाया, पानी नहीं पीने दिया गया, मंदिरों में घुसने नहीं दिया गया, तालाबों से पानी नहीं पीने दिया गया, ऊंची जातियों ने कमरा नहीं दिया और सड़क पर चलने तक की मनाही उनको झेलनी पड़ी। अंबेडकर अपने बचपन से ही पढ़ाकू प्रवृत्ति के विद्यार्थी थे, इसी मनोवृति के तहत उन्होंने शिक्षा की कई डिग्रियां हासिल कीं जैसे एम ए, एमएससी, डीएससी, बार एट ला, एल एल डी आदि डिग्रियां उन्होंने प्राप्त की। वे जातिवाद, छुआछूत और वर्ण व्यवस्था को सामाजिक कोढ समझते थे। यहीं पर यह जानना बहुत जरूरी है कि आखिर अंबेडकर ने क्या किया? उनके कार्यों की सूची बहुत लंबी है जैसे उन्होंने जनता को वाणी दी, नारे दिए, लड़ना और संघर्ष करना सिखाया, कालेज खोले, अखबार और पत्र निकाले, लेख लिखे, किताबें लिखीं, ज्ञान प्राप्ति की, जनता को जगाया, खतरे मोल लिए, तर्क करना सिखाया, शिक्षा का प्रचार किया, मनुवाद की कब्र खोदी और श्रमिक एकता की बात की और जनता का लिखने, पढ़ने, संगठित होने और संघर्ष करने का आह्वान किया, जिससे एक नया समाज बनाया जा सके, जिसमें समता हो, समानता हो, आपसी भाईचारा हो, न्याय हो, सबका विकास और आजादी हो। वे एक ऐसे समाज का सपना देखते थे जिसमें भाईचारा हो, बंधुत्व हो, शोषण ना हो ,समता और समानता हो, अन्याय न हो, भेदभाव ना हो और ऐसे ही समाज की स्थापना के लिए पूरी जिंदगी लगे रहे, संघर्ष करते रहे। उन्होंने पत्थर खाए, जलसों का नेतृत्व किया, सत्याग्रह किए, अछूत समुदाय के लोगों को तालाबों और मंदिरों में प्रवेश कराए, जाति की खाई को पाटने वाला पुल बने। अन्याय, अत्याचार का विरोध किया। वे अवैज्ञानिकता, अंधविश्वासों, पाखंडों और अज्ञानता के जानी दुश्मन थे। मनुस्मृति को मानव विरोधी किताब बताकर उसका सरेआम दहन किया। वे कहते थे कि बंधुत्व के बिना प्रजातंत्र, समता, समानता, न्याय, गणतंत्र, धर्मनिरपेक्षता सब अधूरे हैं। उनका कहना था कि अस्पृश्यता और असमानता के विनाश के लिए, असली जनतंत्र और क्रांति की जरूरत है। वे विद्रोह का प्रतीक थे, विज्ञान के शिल्पी थे। उन्होंने अज्ञान, अत्याचार, दमन और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ सतत संघर्ष किया और वे चिर विद्रोही थे। उन्होंने अपने जीवन में नारा दिया, अस्पर्शता जलाओ, जातिभेद जलाओ, मनुस्मृति जलाओ और उन्होंने यह किया भी। उन्होंने भारत की जनता को नारे दिए, शिक्षित हो, संगठित हो, संघर्ष करो, प्रचारक बनो और आशावादी बनो। उनके ये कमाल के नारे हैं, जिन्हें आज भी हमारी जनता अपने संघर्षों में खुलकर इस्तेमाल करती है। अंबेडकर साहेब जन्मजात बागी थे। कांग्रेस से बगावत, गांधी से बगावत, शोषक और अन्यायी हिंदू समाज से बगावत, जातिवाद से बगावत, वर्णवाद से बगावत। वे उच्च कोटि के त्यागी, तपस्वी, संघर्षी, अविराम विद्रोही, तेजस्वी वक्ता, लेखक, महान विचारक, आंदोलनकर्ता, चिरविद्रोही, पुस्तक प्रेमी, संयमी, मितव्यई, पढ़ाकू और सत्रह अट्ठारह घंटे अध्यन करने वाले स्वाबलंबी व्यक्ति थे। उनकी लिखी पुस्तकों की सूची भी लंबी है जैसे 1.शूद्र कौन, 2.जाति विनाश, 3.हिंदुत्व की पहेलियां, 4.भारत में जातियां, 4.भारत में खेती-बाड़ी और उनका निदान, 5.रुपए की समस्या, 6. पाकिस्तान का विचार। वे स्पष्ट वक्ता थे, अपनी बात के पक्के थे, अपनी धुन के पक्के थे, वे पूंजीवाद, जातिवाद, वर्णवाद और मनुवाद के जानी दुश्मन थे। वे इन चारों को मजदूरों और समाज का दुश्मन समझते थे। वे भारतीय संविधान के शिल्पी थे। जनतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, भाईचारा, सामाजिक न्याय, समता, समानता, बोलने, लिखने यूनियन बनाने और धर्म की आजादी, सबको सस्ता और सुलभ न्याय, आर्थिक विषमता का खात्मा, राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता, आरक्षण, ज्ञान विवेक और वैज्ञानिक संस्कृति और भारत की मिली जुली संस्कृति भारत के संविधान के बुनियादी सिद्धांत हैं। उन्होंने अपने मिशन को पूरा करने के लिए प्रोफेसर, लेक्चरर, जज जैसे पद छोड़ें, समाज सेवा के लिए नौकरी नहीं की और वकालत की, ताकि अभावग्रस्त और वंचितों की कानूनी सहायता की जा सके और मजदूरों के संघर्ष को आगे बढ़ाया जा सके। उनका मानना था कि हिंदू धर्म एक रोग है, एक विकृति है, यह अधिकांश जनों को धन संग्रह नहीं करने देता, अशिक्षित रखना चाहता है, निर्धन रखना चाहता है, अनपढ़ रखना चाहता है, मंदिर नहीं जाने देता, यह भाईचारे और समानता का विरोधी है। यह लोगों में छुआछूत फैलाता है और उनको अछूत ही बनाए रखना चाहता है और उनको सब प्रकार की आजादी का विरोधी है। **-साभार**

# कला सशक्त माध्यम है दुनिया को खूबसूरत बनाने का



ललित गर्ग

**कला जीवन को रचनात्मक, सृजनात्मक, नवीन और आनंदमय बनाने की साधना है। कला के बिना जीवन का आनंद फीका अधूरा है। कला केवल एक भौतिक वस्तु नहीं है जिसे कोई बनाता है बल्कि यह एक भावना है जो कलाकारों और उन लोगों को खुशी और आनंद देती है जो इसकी गहराई को समझते हैं। कला अति सूक्ष्म, संवेदनशील और कोमल है, जो अपनी गति के साथ मस्तिष्क को भी कोमल और सूक्ष्म बना देती है। हम जो कुछ भी करते हैं उसके पीछे एक कला छिपी होती है। कला का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है। इसी महत्व के लिये विश्व कला दिवस विभिन्न कलाओं का एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव है, जिसे दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कला संघ (आईएए) द्वारा घोषित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय कला संघ की 17वीं आम सभा में 15 अप्रैल को इस दिवस को घोषित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका पहला समारोह 2012 में आयोजित किया गया था। इस प्रस्ताव को तुर्की के बेदरी बैकम ने प्रायोजित किया और मैक्सिको की रोजा मारिया बुरीलो वेलास्को, फ्रांस की ऐनी पौरनी, चीन के लियू दावेई, साइप्रस के क्रिस्टोस सिमेयोनिडेस, स्वीडन के एंडर्स लिडेन, जापान के कान इरी, स्लोवाकिया के पावेल क्राल, मॉरीशस के देव चूरामुन और नॉर्वे की हिल्डे रोगनस्कॉग ने सह -हस्ताक्षर किए।**

विश्व कला दिवस की 2025 की थीम है 'अभिव्यक्ति का उद्यानः कला के माध्यम से समुदाय का विकास करना'। इस थीम का उद्देश्य कला के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना है। दुनिया भर के कलाकारों के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है, जिसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों और उनकी कला को सुरक्षित, संरक्षित एवं सवंर्धित करना और उन्हें अपनी बुद्धिमत्ता, रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। कला दिवस विश्व में विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। कलाकार कविता, पेंटिंग, मूर्तिकला, नृत्य, संगीत जैसे विभिन्न भौतिक साधनों के माध्यम से अपने विचारों, रचनात्मकता, ज्ञान, भावनाओं और कल्पना का आदान-प्रदान करते हैं। यह दिन हमें अपने आस-पास की प्रकृति में गोता लगाने, उसकी सुंदरता का निरीक्षण करने और अपने आस-पास की छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देने को प्रेरित करता है। इसके माध्यम से जीवन की खूबसूरती को उकेरने एवं मोहक दुनिया का सृजन करने का प्रयत्न किया जाता है।

विश्व कला दिवस की तिथि लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में तय की गई थी, जो इटली के महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, कुशल यांत्रिक, इंजीनियर और वैज्ञानिक थे। लिओनार्दो अपनी कला की वजह से दुनिया भर में मशहूर थे, दा विंची को विश्व शांति, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सहिष्णुता, भाईचारे और बहुसंस्कृतिवाद के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में कला के महत्व के प्रतीक के रूप में चुना गया था। कला और कलाकारों की



कलात्मक सोच को सम्मानित और आत्मसात करने के उद्देश्य से ही हर साल यह दिवस मनाया जाता है। रंगों और आकृतियों के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए, कला जीवन के सार को पकड़ती है, भावनाओं को जगाती है और शब्दों के बिना भी संबंध को बढ़ावा देती है। विंची एक महान कलाकार थे। उन्होंने कई ऐसी पेंटिंग बनाई हैं, जो विश्वभर में प्रसिद्ध हुई हैं। इन सब में 'मोना लिसा की पेंटिंग' के बारे में बच्चे-बच्चे को पता है। लेकिन, विंची ने मोना लिसा के अलावा भी कई विख्यात पेंटिंग बनाई हैं, जिनमें से कुछ हैं - लास्ट सपर, सेल्फ पोर्ट्रेट, द वर्जिन ऑफ द रॉक्स, हेड ऑफ अ वुमेन आदि। उनकी बनाई गई पेंटिंग्स आज भी दुनियाभर के म्यूजियम में रखी हुई हैं, जिन्हें देखने हर साल कई लाख लोग आते हैं। दुनिया में कला के विविध रंग बिखरे हैं, कई अद्भुत आर्ट फॉर्म्स प्रचलित है। पॉप आर्ट एक खास तरह का आर्ट फॉर्म है, जो सदियों से लोगों का पसंदीदा रहा है। इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटिंग को एक कल्पना के तहत बनाया जाता है। इसमें पेंटिंग्स के पारंपरिक तरीकों का प्रयोग किया जाता है। कंटेम्परी आर्ट का सीधा मतलब है, ऐसा आर्ट जो हाल के समय में बनाया गया हो। इस तरह के आर्ट में हाल में हुई घटनाओं पर फोकस किया जाता है। कई लोग मानते हैं कि कंटेम्परी आर्ट और मॉडर्न आर्ट एक ही हैं। मगर ऐसा नहीं है, कंटेम्परी आर्ट के उलट मॉडर्न आर्ट के पेंटिंग्स में पारंपरिक तरीकों को फॉलो नहीं किया जाता है। इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटर्स को छूट होती है, अपनी कल्पना के तहत पेंटिंग्स बनाने की। एब्सट्रैक्ट आर्ट की पेंटिंग्स बनाना एक बहुत मुश्किल और उलझा हुआ काम है। इस तरह के आर्ट में रंगों और अलग-अलग तरह की आकृतियों का इस्तेमाल किया जाता है, जो एक दूसरे में घुली-मिली-सी होती हैं। एब्सट्रैक्ट आर्ट में कलर्स का इस्तेमाल खासतौर पर भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है। स्पिरिचुअल आर्ट में अध्यात्म और भक्ति से जुड़ी हुई पेंटिंग्स बनाई जाती हैं। कई बार कलाकार पूरी तरह से भक्ति और अध्यात्म में डूबकर ही इस तरह की पेंटिंग्स को पूरा कर पाते हैं। हर देश में वहां के कल्चर, अध्यात्म, आस्था और भगवान के अनुसार स्पिरिचुअल आर्ट्स बनाए जाते हैं। संगीत भी कला का माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं, ये कला के बेजोड़ नमूने है। भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास भक्ति संगीत एवं साहित्य विलक्षण उदाहरण हैं कठपुतली भी कला का ही एक नमूना है, लकड़ी अर्थात काष्ठ से इन पात्रों को निर्मित किये जाने के कारण अर्थात् काष्ठ से बनी पुतली का नाम कठपुतली पड़ा। पुतली कला कई कलाओं का मिश्रण है, जिसमें-लेखन, नाट्य कला, चित्रकला, वेशभूषा, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र-निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य आदि।

# फ़तेहपुर-84 व सुमेरपुर के बीच खेला गया क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** पं0 दीनदयाल स्टेडियम में उन्नाव टीचर्स क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पहले सेमीफाइनल मैच का आयोजन हिलौली और फ़तेहपुर-84 टीमों के बीच सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। मैच की शुरुआत बार एसोसिएशन उन्नाव के अध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र ने दोनों टीमों के खिलाडियों का परिचय लेकर किया। फ़तेहपुर-84 ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिलौली ने 5 विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाये। 102 रन के जवाब में फ़तेहपुर-84 ने 6 विकेट नुकसान 103 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मैन आफद मैच नवीन अवस्थी को प्रदान किया गया। दूसरा सेमीफाइनल सुमेरपुर और गंजमुरादाबाद के बीच खेला गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने दोनों टीम के खिलाडियों का परिचय लेकर मैच की शुरूआत करायी। सुमेरपुर टीम ने टॉस जीतकर 7 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाये। 133 रन के जवाब में गंजमुरादाबाद ने 9 विकेट के नुकसान पर 90 रन ही बना सकी और मैच को 43 रन से गवां दिया। मैन आफद मैच मिलन गोस्वामी को सफीपुर विधायक के सुपुत्र अश्वनी दिवाकर ने प्रदान किया। फाइनल मैच फ़तेहपुर-84 और सुमेरपुर हो टीम के बीच अपरान्ह 3रू00 बजे से प्रारम्भ हुआ। सुमेरपुर टीम के कप्तान अजयदीप और फ़तेहपुर-84 के कप्तान नवीन अवस्थी के बीच टॉस किया गया, फ़तेहपुर-84 ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उन्नाव के पदाधिकारियों में गजेन्द्र सिंह सेंगर, संजय कनौजिया, कृष्ण शंकर मिश्र, अवनीश कुमार पाल, दीपक वर्मा पटेल, वेद नारायण मिश्र, दिलीप अवस्थी, राकेश बघेल, अनिल वर्मा, विनीत बाजपेयी, धर्मेन्द प्रताप सिंह, वीरेन्द्र कुमार सैनी, पवन पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह पटेल, अमित शर्मा, विवेक द्विवेदी, वैष्णव कनौजिया सुजीत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## डम्पर की टक्कर से प्राइवेट बस में सवार आधा दर्जन यात्री घायल

**उन्नाव।** सवारियां लेकर जा रही प्राइवेट बस में पीछे से डंपर ने टक्कर मार दी जिससे बस में सवार आधा दर्जन से अधिक सवारियां चोटहिल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। फ़तेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को हरदोई-उन्नाव मार्ग पर दोपहर बाद एक प्राइवेट बस उन्नाव से सवारियां लेकर हरदोई जा रही थी। अभी बस क्षेत्र के ग्राम उत्तमपुर के पास ही पहुंची ही थी तभी पीछे से एक डंपर ने बस में टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार शिवम, सूफियान, रफीक, सलमान, रमेश, भट्ठनखेड़ा निवासी हकीमन और उसका बेटा अजीज व बांगरमऊ के चहलहा निवासी संदीप आदि घायल हो गए। घायलों को सी एच सी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत देखते हुए अजीज को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पीआरवी ने बस तथा डंपर को बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में पकड़ लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बस तथा डंपर चालक ने आपस में सुलह समझौता कर लिया है।

**एआइपीएमएम ने मनाई डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती**

# डॉ. अम्बेडकर हमें विषम परिस्थितियों में जीना सिखाते हैं: शाहीन अंसारी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय कार्यालय लखनऊ पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर संगठन के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी शाहीन अंसारी ने कहा जिसने हमें अधिकार दिए, सोचने की आजादी दी और समानता का रास्ता दिखाया- ऐसे महान व्यक्तित्व डॉ. भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देना हम सबका कर्तव्य है। हर साल 14 अप्रैल को पूरा देश अंबेडकर जयंती मनाता है, जिसमें न सिर्फ बाबा साहेब के जन्मदिन बल्कि उनके विचारों और संघर्षों को भी याद किया जाता है। जी हां, जब हम बराबरी, शिक्षा और न्याय की बात करते हैं, तो उसके पीछे डॉ. अंबेडकर की दूरदर्शिता और महान सोच छिपी नजर आती है। उन्होंने कहा जैसा कि हम सब जानते हैं कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। वे एक गरीब परिवार से थे और बचपन में उन्हें जातिवाद और भेदभाव का गहरा अनुभव हुआ, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और कठिन संघर्षों के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की और अपने ज्ञान से पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें सिखाता है कि हालात कितने भी मुश्किल हों, अगर मन में आत्मविश्वास और लक्ष्य को पाने की जिद हो, तो कुछ भी असंभव नहीं। अंबेडकर जयंती सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है- एक बेहतर भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की। संगठन के लखनऊ जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद ने कहा डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज में फैली छुआछूत, जातिवाद और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए कई आंदोलन चलाए और भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उनका सपना था- 'ऐसा भारत जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार मिले, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का हो।' उन्होंने कहा अंबेडकर जयंती हमें यह याद दिलाती है कि हमें समाज में समानता और न्याय के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर संगठन प्रदेश सचिव सिराज, पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष महताब आलम इदरीसी, जिला उपाध्यक्ष हबीब अंसारी, नईम इदरीसी, ब्रजेश जी, शमसुद्दीन बरकती, जिला कार्यकारिणी सदस्य जफर आलम, एहतेशाम आदि लोग उपस्थित रहे।

## चोरी के आरोप से नाराज आरोपियों ने ग्रामीण को पीटा

**उन्नाव।** शराब की चोरी का आरोप लगाए जाने से नाराज़ होकर आरोपियों ने एक ग्रामीण को डंडे से पिटाई कर दी। पिटाई से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल रेफ़र किया गया है।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के आरएस चौराहा स्थित ठेका देशी शराब का सेल्समैन इसी थाने के ग्राम गढ़ा के प्रेमशंकर पुत्र सालिकराम द्वारा बांगरमऊ में दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि बीते 10 अप्रैल को उसके ठेके से 315 पौवा देशी शराब और 4 हजार रुपए चोरी हो गए थे। ग्रामीणों से जानकारी के आधार पर उसने कबीरपुर गांव के ही अरविंद पुत्र कामता प्रसाद और उसके बेटे अविरल के खिलाफघटना की तहरीर पुलिस को दी थी। इसी रंजिश के चलते बीते 12 अप्रैल को कबीरपुर गांव निवासी अरविंद कुमार पुत्र कन्नौजीलाल अपने दरवाजे पर बैठा था तभी शराब चोरी के आरोपी अरविंद पुत्र कामता प्रसाद डंडा लेकर आ धमके और उसकी पिटाई कर दी। जिससे उसके हाथ सहित पूरे शरीर में गंभीर चोटें आईं। बेहटा मुजावर पुलिस आरोपितों पर मारपीट का अभियोग दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

# मां ने पांच पर लगाया हत्या का आरोप, तीन हिरासत में

अवधनामा संवाददाता

- मृतक के अंतिम संस्कार में नहीं शामिल हुई पत्नी, ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बर्फबेचने निकला युवक रात में घर नहीं पहुंचा शनिवार की सुबह पुल के पास खंती में उसका संदिग्ध परिस्थितियों में शव पडा मिला था। मृतका की मां ने पूर्व में हुई मारपीट की घटना में शामिल पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। शनिवार पीएम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव रात भर गांव में रखा रहा। रविवार की सुबह परिजन मृतक का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया, कहा कि पहले गिरफ्तार किया जाय। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और दोपहर बाद गांव के बाहर निजी भूमि पर शव को दफ्ना दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों को पकड़कर पूंछताछ कर रही है।

हैदराबाद कस्बा के मोहल्ला बिनोवा नगर निवासी कमलेश पुत्र होशराम 40 गांव गांव ठेलिया पर बर्फ बेचने का काम करता था। शुक्रवार को वह बर्फबेचने गया था लेकिन रात में घर नही पहुंचा। शनिवार की सुबह हैदराबाद गोसवा सम्पर्क मार्ग पर रेपर पुल के पास सड़क किनारे खंती में शव पडा हुआ मिला था। मृतक के शरीर पर चोट के निशान बने थे जिसको लेकर मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था लेकिन पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही थी। शनिवार पीएम के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे मृतक की मां सीमा ने पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट की घटना के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया जिसपर पुलिस के हाथ पांव फूल गए और आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाने लगे और कार्यवाही का भरोसा दिलाया जिसके बाद परिजन दोपहर बाद शव करने पर तैयार हुए। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक युवक की मां ने पूर्व की घटना को लेकर पांच लोगों के खिलाफतहरीर दी है जिसमें तीन लोगों को पकड कर पूछताछ की जा रही है मामले की जांच के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। मृतक की पत्नी अनीता और पुत्री मौत की सूचना के बाद भी पति के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुई जिसको लेकर ग्रामीण चर्चा करते रहे।

# भव्यता से मनायी गई डा.भीमराव अम्बेडकर की जयंती

अवधनामा संवाददाता

- कलैक्ट्रेट, विकास भवन, अम्बेडकर पार्क सहित सभी कार्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम
- भव्य जूलूस, शोभायात्राएं व विचार गोष्ठियों में बाबा साहब के सिद्धान्तों को बताया
- एकता व समरता के संकल्प के साथ देश के विकास में भागीदार बने : प्रभारी जिलाधिकारी
- प्रभारी बाबा साहब के सिद्धान्तों को आत्मसात करके अपने दायित्वों का निर्वहन करें सीडीओ




**ललितपुर।** बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर जुलूस, शोभायात्राएं व विचार गोष्ठियों का आयोजन हुआ, जिसके क्रम में कलैक्ट्रेट सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व विकास भवन सभागार में सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके साथ ही जेल चौराहा स्थित अम्बेडकर पार्क में अम्बेडकर महासभा के तत्वाधान में वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गए। साथ ही वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने-अपने विचार प्रकट किये। जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस व शोभायात्राएं निकाली गई व बाबा साहब की प्रतिमाओं पर राजनैतिक दलों, प्रशासनिक अधिकारियों व आमजनों ने माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की। शासन के निर्देशों के क्रम में 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक बाबा साहब की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो आज से प्रारंभ होकर 28 अप्रैल तक अनवरत चलते रहेंगे, इसके लिए ब्लॉकवार एवं तहसील वार अधिकारियों को नामित किया गया है। प्रभारी जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि महान विभूतियां संघर्ष से ही जन्म लेती हैं, चाहें व हमारे ईष्ठ हों या कोई व्यक्ति। भगवान श्री राम को भी 14 वर्ष का वनबास काटना पड़ा था और श्रीकृष्ण का जन्म कारागार में हुआ था, इसी प्रकार बाबा साहब का जीवन भी संघर्षो से गुजरा है। प्रतिकूल परिस्थिति में भी उन्होंने 32 डिग्रियां हासिल की और पूरे विश्व का अध्ययन कर विश्व का सबसे बड़े संविधान- भारतीय संविधान की रचना की। उन्होंने बताया कि कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में बाबा साहब की मूर्ति स्थापित है, जहां लिखा गया है कि आज तक बाबा साहब जैसे छात्र यूनिवर्सिटी में नहीं आये। बाबा साहब मात्र दलित समाज के नहीं, बल्कि पूरे भारतवासियों के लिए एक आइडल हैं, उनके सिद्धान्तों को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना है। उन्होंने सभी से कहा कि एकता व समरता के सिद्धान्त के साथ देश के विकास में भागीदार बनें। एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी मिले हुए 78 वर्ष हो चुके हैं, आज तक कोई भी सामाजिक भेजभाव, साम्प्रदायिक भेदभाव देखने को नहीं मिलता, इसका कारण हमारे संविधान की शक्ति है, जो बाबा साहब की देन है। सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय ने सबसे छोटे कर्मचारियों से बाबा साहब के चित्र का अनावरण कराया, तत्पश्चात उन्होंने स्वयं बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किये। अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि एक लम्बे समय सके जो लोग पिछड़े थे, जो शोषित और वंचित थे, उन्हें समानता की जरुरत थी, बाबा साहब ने भी ऐसा ही जीवन व्यतीत किया है, जिसके कारण उन्होंने व्यवस्था को बदलने का संकल्प लिया और संघर्ष करते हुए भारतीय संविधान की नीव रखी। डिप्टी कलैक्टर मनीष कुमार ने कहा कि इस बात को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि बाबा साहब ने किस तरह व्यवस्थाओं को बदलने की लिए संघर्ष किया। डिप्टी कलैक्टर मो.नासिर ने कहा कि बाबा साहब ने हमारे संविधान की रचना की, जिसमें समरसता का सूत्र दिया। प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने संघर्षों के साथ जीवन जीते हुए कई कुरीतियों का अंत किया, भारत महापुरुषों की भूमि है, जिनके विचार सदा अजर-अमर हैं।

# अखिल भारतीय परशुराम बिग्रेड की योजना बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** शुक्लागंज मरहला चौराहा स्थित सूर्या गैलेक्सी के हाल में अखिल भारतीय परशुराम ब्रिगेड की योजना समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें कार्यक्रम की तैयारी की योजना समीक्षा हेतु ब्रिगेड के सभी साथियों और युवा ब्रिगेड के पदाधिकारियों से चर्चा कर जिम्मेदारी तय की गयी।

कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए महापुरुषों सन्तों महात्माओं राजनेताओं को भी आमंत्रण देने की बात हुयी और श्रेष्ठजनों तथा प्रबुद्धजनों के प्रतिवर्ष होने वाले सम्मान समारोह की चर्चा कर समाज मे भगवान परशुराम के आदर्शो सनातन संस्कृति के अनुरूप चेतना जागृत करने का भी संकल्प लिया गया। कार्यक्रम ब्रिगेड के संयोजक सूर्यप्रकाश दीक्षित की अध्यक्षता मे सूर्या गैलक्सी में समीक्षा बैठक कर संस्थापक और अन्य पदाधिकारियों सदस्यों की उपस्थिति मे किया गया। उपस्थित संस्थापक उमेश शुक्ल, अध्यक्ष राजेन्द्र बाजपेई, उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद गंगाघाट अध्यक्ष प्रतिनिधि, प्रवीण मिश्रा भानू अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद उन्नाव, बिरेंद्र शुक्ला, श्रीकान्त पांडे, अवधेश दुबे, विजय दीक्षित, राजेन्द्र अकेला, महासचिव इन्द्रेश शुक्ल, यूथ ब्रिगेड के मोहित शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, ऋषभ दीक्षित, प्रदीप शुक्ला, काशी शुक्ला, दिलीप शुक्ला, जितेन्द्र अवस्थी, महेश मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, ओमप्रकाश मिश्रा, अंजनी कान्त मिश्रा, गोरेलाल दीक्षित, राजेन्द्र अकेला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फायर स्टेशन पर मनाया गया अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, एएसपी अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी डा.मतबूल हुसैन व अन्य पुलिस/फायर सर्विस कर्मियों की उपस्थिति में शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमें शहीदों को पुलिस गार्द द्वारा शोक- शस्त्र करते हुये सलामी दी गयी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन व्रत रखा गया। तत्पश्चात् एक-दूसरे को पिन फ्लैग लगाया तथा गाडियों पर लगाने हेतु स्टीकर व पम्पलैट आदि वितरित किये गये। इसी क्रम में जनपद में अग्नि से जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार हेतु अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया, जो शहर के मुख्य मार्गो से अग्नि सुरक्षा संबंधी पम्पलेट्स वितरित करते हुये एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से स्कूलों, संस्थानों, व्यवसायिक भवनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों आदि सार्वजनिक स्थानों पर भी अग्नि से रोकथाम हेतु प्रचार-प्रसार किया।

# इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया...

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई, इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया। कदाचित यह पंक्तियां आज उस समय जीवंत हो उठी, जब शहर के प्रमुख समाजसेवियों में अपना कद ऊंचा रखने वाले परोपकारी कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे बुढ़वार की चौथी पुण्यतिथि पर सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुक्ति संस्था के तत्वाधान आयोजित इस संगोष्ठी में राजनेता, पत्रकार, अधिवक्ता, सामाजिक संस्थाओं समेत शहर के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। सर्वप्रथम अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा और कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे बुढ़वार के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गयी। तदोपरान्त विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे कम उम्र के बुढ़वार गांव से प्रधान बने और लोगों की सेवा में तल्लीन रहे। इसके बाद उन्होंने मुक्ति संस्था के मार्गदर्शक बनकर जिले में मिलने वाली लावारिस शवों का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार के कार्यों में जुट गये। मुक्ति संस्था की कमान शहर की जानी मनी शख्सियत अजित जैन अज्जू बाबा के हाथ हैं। इसके अलावा मुक्ति संस्था ने ललितपुर को हरा-भरा बनाने के लिए वृहद स्तर पर पौधों का रोपण किया, जो कि आज वृक्ष बनकर लोगों को छाया उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा पत्रकारिता के क्षेत्र में आकर उन्होंने नये आयाम तय किये। आमजन और प्रशासन-शासन के मध्य सेतू बनने का कार्य करते हुये उन्होंने समाज के निचले, दबे-कुचले और शोषित वर्ग को न्याय दिलाने का कार्य भी बखूबी किया। वक्ताओं ने आगे कहा कि कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे स्वयं न्याय की प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरणादायक और पत्रकारिता जगत में प्रासंगिक हैं। इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, सिद्धि समूह के चेयरमेन भूपेंद्र जैन, प्रेस क्लब संरक्षक सदस्य मंजीत सिंह सलूजा, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ, पं.सुशील चौबे, वरिष्ठ भाजपा नेता गन्धर्व सिंह लोधी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र गोस्वामी, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी एड., पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश खटीक, मनीष जैन मंगौड़ी, महेश भैया, बब्बू राजा, सुनील शर्मा, भाकियू लोकशक्ति के प्रदेश महासचिव गजेन्द्र सिंह बुन्देला, उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष मनमोहन जड़िया, महेंद्र सिंह बुन्देला पप्पू राजा, राजीव सुडेले, कार्यक्रम संयोजक अज्जू बाबा, कार्यक्रम व्यवस्थापक भरत रावत, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा ज्योति सिंह लोधी, शत्रुघन शुक्ला, विनीत चतुर्वेदी, दिनेश संज्ञा, सनत जैन, रमाकांत तिवारी, भारत भूषण चौरसिया, पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू, संजय नीलकमल, दीपू गंगवानी, रवि नारायण चौबे, ब्रजमोहन संज्ञा, डा.राजीव निरंजन, नरेन्द्र कड़ंकी, सर्वदेव तिवारी, निराला त्यागी, मौसम सेन, अक्षय अलया, भरत सेन, मनोज मेडिकल, हरिश्चन्द्र नामदेव, पुनीत सिंह, रामकुमार साहू, अशोक गोस्वामी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## बाबा साहब ने दलित, शोषित, वंचितों को सम्मान देने का किया कामः नेपाल सिंह

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने डा.अम्बेडकर पार्क पहुंच कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सपा कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें सभी ने बाबासाहेब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि आज हम बाबा साहब की जयंती मना रहे हैं, हमें याद रखना चाहिए कि उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने हमें हमारे अधिकार और सम्मान दिए हैं। हम संकल्प लेते हैं कि समाज में सामाजिक न्याय स्थापित होना चाहिए। आज भी हम देखते हैं कि ताकतवर लोग अभी भी कमजोरों पर अत्याचार कर रहे हैं। बाबा साहब के संविधान ने पीडीए को सम्मान और हमारा अधिकार दिया है।

# एआइपीएमएम ने की मुर्शिदाबाद हिंसा की कड़ी निन्दा

अवधनामा संवाददाता

**वक्फ संशोधन कानून**
- मोदी सरकार को पसमांदा मुस्लिमों का जीतना होगा भरोसा
- वक्फ संपत्तियां पूरी तरह सुरक्षित तथा वक्फ कानून में मस्जिद, मदरसे,मजार-कब्रिस्तान रहेंगे महफूज

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के विरोध में भड़की हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह हिंसा गलतफहमियों, भ्रामक प्रचार और सामाजिक तनाव का परिणाम है, जिसने मुर्शिदाबाद की ऐतिहासिक सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को गहरा आघात पहुँचाया है। संगठन शांति, संयम और संवाद की अपील करता है तथा हिंसा के मूल कारणों, विशेषकर वक्फ अधिनियम से जुड़ी भ्रांतियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करता है। साथ ही, हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विशेष निवेदन करते हैं कि वे अपने संबोधन के माध्यम से स्पष्ट करें कि इस अधिनियम से मुस्लिम समाज, विशेषकर पसमांदा मुस्लिम समाज की मस्जिदों, मजारों, कब्रिस्तानों और मदरसों को कोई नुकसान नहीं होगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा मुर्शिदाबाद, जो कभी बंगाल के नवाबों की राजधानी और हिंदू-मुस्लिम सौहार्द का प्रतीक रहा, हाल ही में हिंसा और विभाजन का गवाह बना। वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर फैली अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं ने सामाजिक तनाव को बढ़ावा दिया, जिसके परिणामस्वरूप निर्दोष लोगों की जान गई, संपत्ति को नुकसान हुआ और समुदायों के बीच अविश्वास का माहौल बना। संगठन इस हिंसा को दुखद मानता है और इसे एक ऐसी त्रासदी करार देता है, जिसे संवाद और जागरूकता से रोका जा सकता था।

श्री हनीफ ने कहा हिंसा का तात्कालिक कारण वक्फ अधिनियम को लेकर गलतफहमियाँ थीं। कुछ समूहों ने इसे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता पर हमले के रूप में गलत तरीके से प्रचारित किया, जबकि कुछ अन्य संगठनों की भड़काऊ टिप्पणियों ने स्थिति को और जटिल बनाया। उन्होंने कहा हम स्पष्ट करते हैं कि यह अधिनियम वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए है, न कि किसी समुदाय के अधिकारों का हनन करने के लिए। फिर भी, भ्रामक प्रचार ने सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुँचाया, जिसका सबसे अधिक खामियाजा पसमांदा जैसे सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समुदायों को भुगतना पड़ा। हम मुर्शिदाबाद के हिंदू और मुस्लिम समुदायों से संयम और एकता बनाए रखने की अपील करते हैं। हिंदू समुदाय से अनुरोध है कि वे वक्फ अधिनियम को लेकर भ्रामक टिप्पणियों से बचें, क्योंकि इसका उनसे कोई सीधा संबंध नहीं है। मुस्लिम समुदाय, विशेषकर पसमांदा समाज, से आग्रह है कि वे उकसावे या भड़काऊ प्रचार का शिकार न बनें।

राष्ट्रीय कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने कहा हमारा दृढ़ मत है कि यदि अधिनियम को लेकर कोई असहमति है, तो उसे संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीकों से व्यक्त किया जाए, जैसे कि अदालत में याचिका दायर करना या शांतिपूर्ण संवाद। हिंसा न केवल समाज को कमजोर करती है, बल्कि पसमांदा समुदाय जैसे वंचित वर्गों को सबसे अधिक नुकसान पहुँचाती है। संगठन गंभीर चिंता व्यक्त करता है कि कुछ संगठन अपने निहित स्वार्थों के लिए पसमांदा समाज को गलत सूचनाओं के आधार पर हिंसा के लिए उकसा रहे हैं, जो निंदनीय और समाज के लिए हानिकारक है।

# भाषा विवि में अम्बेडकर जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में अम्बेडकर जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के अटल सभागार में किया गया।विदित है कि प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में बोधिसत्व भारतरत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में हरदोई सीतापुर रोड अवस्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में बाबासाहेब की 134 वीं जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्रो. जे पी पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. कालीचरण स्नेही, सेवानिवृत्त, लखनऊ विश्वविद्यालय ने कहा कि बाबासाहेब विश्वभूषण हैं। जनता ने दुनियां को बता दिया कि अंबेडकर जयंती कैसे मनाई जाती है। आज 192 देशों में बाबासाहेब की जय जयकार होती है। अमेरिका ने भी माना कि बाबासाहेब अंबेडकर ने हमारे यहां शिक्षा ग्रहण करके उसका सफल प्रयोग भारत में किया। प्रो. स्नेही ने कहा कि मोदी सरकार ने आज बाबासाहेब पर चर्चा और विमर्श कराए जा रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश सरकार तो 10 दिन का अंबेडकर जयंती कार्यक्रम करा रही है। अकादमिक जगत में बाबासाहेब पर चर्चा-परिचर्चा होनी चाहिए। प्रो. कालीचरण ने डॉ. अम्बेडकर को कोट करते बताया कि जाति के विनाश से ही स्वस्थ्य लोकतंत्र का निर्माण संभव है। स्वतंत्रता, समता और बंधुत्वा किसी भी संवैधानिक राष्ट्र के कारक होने चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब प्रत्येक नागरिक के लिए एक आदर्श हैं। आज भारत में सभी जगह महिलाओं के प्रतिनिधित्व में डॉ. अम्बेडकर का ही योगदान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यवसाय प्रशासन के विभागाध्यक्ष डॉ. मुशीर अहमद ने की। एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 300 के लगभग विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया जिसमें चुनिंदा प्रतिभागियों ने शोध पत्र का प्रस्तुतिकरण भी किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अंबेडकर जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाषा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार की महती भूमिका रही जबकि संगोष्ठी के आयोजक के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संयोजक डॉ. अभय कृष्णा, सह संयोजक डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. मनीष कुमार, आयोजन सचिव के डॉ. जफरुन नकी रहे। मंच का संचालन विवि के विद्यार्थी नशरा अंसारी और रुद्राक्ष ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष कुमार ने दिया। संगोष्ठी के दौरान प्रो. सौबान सईद, डॉ. राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. सिद्दार्थ सुदीप, डॉ. लक्ष्मण सिंह के साथ विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनी भीमराव अम्बेडकर की जयंती

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** जनपद में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी ग्राम करकौरा में आज 14 अप्रैल को बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 199 जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। अम्बेडकर पार्क में पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।पार्क में बौद्धवन्दनाकर नारे लगाते हुए भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर के अनुयाई हाथों में पंचशील,नीले झण्डे लेकर चल रहे थे महिलाए, बच्चे,युवक तथा बुजुर्ग लोगों में जोश था।इस अवसर पर रिन्कू गौतम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार गौतम, सचिव दिनेश कुमार गौतम, महासचिव सुदामा,कोषाध्यक्ष वंटी गौतम, पूर्व फौजी , रोशन सिंह गौतम, सरदार प्यारा सिंह, भगवान दास गौतम, आदि।महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज, संभल में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस



अवसर पर कॉलेज के विभिन्न प्रोफेसरों ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर निरंकार सिंह ने अंबेडकर के जीवन और उनके योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के विचार और आदर्श हमें समाज में व्याप्त असमानता और भेदभाव को दूर करने के लिए प्रेरित करते हैं।

श्रीमती राजेश्वरी त्यागी ने अंबेडकर के शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के प्रयासों से समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा और सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हुआ।डॉ दिलदार हुसैन ने अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान का निर्माण हुआ, जिसने देश को एक मजबूत और न्यायपूर्ण व्यवस्था प्रदान की।

समाजसेवी सागर सिंह ने अंबेडकर के सामाजिक न्याय और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए।

मुख्य वक्ता कवि संदीप कुमार सचेत ने अंबेडकर की महिमा का बखान करते हुए एक कविता प्रस्तुत की। उन्होंने अंबेडकर को एक सच्चे समाजसेवक और न्याय के प्रणेता के रूप में चित्रित किया।

छात्रों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अंबेडकर के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर अजय कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया और अपने संदेश में कहा कि अंबेडकर जयंती का आयोजन हमें उनके आदर्शों और मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमें अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। नूरियो सराय में बाबा साहब की जंयती पर निकाली गयी रैली मे मुस्लिम समाज के लोगो ने पुष्प वर्षा करके रैली का स्वागत किया इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

## सुहेलदेव पार्टी अनाथ बच्चों और मरीजों को फल वितरण कर मनाई अंबेडकर जयंती

**मथुरा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयो ने मथुरा कलेक्टरी स्थित राजकीय वाल ग्रह शिशू सदन में अनाथ बच्चों के साथ संविधान निर्माता सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश के संविधान रचयिता, भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बच्चों में चिप्स, मिष्ठान, विस्कुट, चाकलेट, फल व जूस बांटकर धुमधाम से मनाया इसके बाद जिला अस्पताल पहुंच कर मरीजों को फल विस्कुट जूस का वितरण किया जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने कहा अंबेडकर को बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से जाना जाता था और सभी जानते हैं कि वे भारतीय संविधान के निर्माता थे। बहुत प्रसिद्ध राजनीतिक नेता प्रख्यात न्यायविद, बौद्ध दार्शनिक, मानवविज्ञानी, इतिहासकार, वक्ता, लेखक थे बाबा साहब को भुलाया नहीं जा सकता वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे।

# भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मथुरा में धूमधाम से मनाई गई

अवधनामा संवाददाता

■ अंबेडकर भवन डीग गेट, के अलावा विभिन्न जगहों पर प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण और पुष्पांजलि

**मथुरा।** भारतीय संविधान के शिल्पी महान विद्वान और मानव.... मानव एक समान यह सजग प्रहरी भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण स्मरण करते हुए पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर स्मरण किया गया इस अवसर पर मुख्य आयोजन मथुरा शहर के हृदय स्थल डीग गेट स्थित अंबेडकर भवन पर किया गया जहां पर डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के द्वारा पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण का आयोजन किया गया यहीं पर जिला प्रशासन के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों और तमाम समाजसेवियों अंबेडकर वादिओं नए सैकड़ो की संख्या में पधार कर अपने भाग्य विधाता डॉ भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि एवं माला अर्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसार करने का संकल्प लिया गया। डॉ आंबेडकर जन्मोत्सव मेला समिति के द्वारा डीग गेट स्थित अंबेडकर भवन जिसमें बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा स्थापित है को भव्यता पूर्वक सजाया गया और मुख्य द्वार पर शहनाई की मधुर धुन वातावरण को मंत्र मुग्ध किए हुए थी। मेला समिति के द्वारा भवन परिसर में एक आशिक सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनपद के न्यायाधीश चंद्र प्रकाश सिंह अपने अधीनस्थों के साथ तमाम व्यस्त कार्यक्रमों के बाद डीग गेट स्थित डॉ अंबेडकर भवन पर पहुंचे जहां पर उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर उन्हें अपनी ओर से अपने अधीनस्थ सरकारी अधिकारी कर्मचारी की ओर से तथा राज्य सरकार की ओर से भावांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस जनों ने विश्व रतन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी प्रतिमा पर फूल माला पहनकर पुष्पांजलि अर्पित की गई कांग्रेस जनों ने बाबा साहब के जीवन की महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरुक करते हुए कहा बाबा साहब और उनके बने संविधान के बिना देश और समाज का भला नहीं हो सकता संविधान को बचाना वर्तमान प्रवेश में बहुत आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी और मथुरा वृंदावन नगर निगम के महापौर के साथ भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को समान अधिकार दिलाने वाले भारतीय संविधान के रचयिता और विश्व के ख्याति प्राप्त बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मथुरा में धूमधाम से मनाई

अवधनामा संवाददाता

■ अंबेडकर भवन डीग गेट, के अलावा विभिन्न जगहों पर प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण और पुष्पांजलि

■ मथुरा महानगर के अलावा जिले के विभिन्न भागों में नगरीय क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में मनाई गई अंबेडकर जयंती

■ अंबेडकरवादी विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने मानवता के मसीहा डॉ अंबेडकर को स्मरण किया

**मथुरा।** भारतीय संविधान के शिल्पी महान विद्वान और मानव.... मानव एक समान यह सजग प्रहरी भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण स्मरण करते हुए पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर स्मरण किया गया इस अवसर पर मुख्य आयोजन मथुरा शहर के हृदय स्थल डीग गेट स्थित अंबेडकर भवन पर किया गया जहां पर डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के द्वारा पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण का आयोजन किया गया यहीं पर जिला प्रशासन के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों और तमाम समाजसेवियों अंबेडकरवादिओं नए सैकड़ो की संख्या में पधार कर अपने भाग्य विधाता डॉ भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि एवं माला अर्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसार करने का संकल्प लिया गया।डॉ आंबेडकर जन्मोत्सव मेला समिति के द्वारा डीग गेट स्थित अंबेडकर भवन जिसमें बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा स्थापित है को भव्यता पूर्वक सजाया गया और मुख्य द्वार पर शहनाई की मधुर धुन वातावरण को मंत्र मुग्ध किए हुए थी। मेला समिति के द्वारा भवन परिसर में एक आशिक सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनपद के न्यायाधीश चंद्र प्रकाश सिंह अपने अधीनस्थों के साथ तमाम व्यस्त कार्यक्रमों के बाद डीग गेट स्थित डॉ अंबेडकर भवन पर पहुंचे जहां पर उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर उन्हें अपनी ओर से अपने अधीनस्थ सरकारी अधिकारी कर्मचारी की ओर से तथा राज्य सरकार की ओर से भावांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस जनों ने विश्व रतन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी प्रतिमा पर फूल माला पहनकर पुष्पांजलि अर्पित की गई कांग्रेस जनों ने बाबा साहब के जीवन की महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरुक करते हुए कहा बाबा साहब और उनके बने संविधान के बिना देश और समाज का भला नहीं हो सकता संविधान को बचाना वर्तमान प्रवेश में बहुत आवश्यक है।

## ठगी के मामले में मथुरा बनता जा रहा है नया जामताड़ा

**मथुरा।** देश में ठगों के नाम से प्रसिद्ध जामताड़ा भारत भर में प्रसिद्ध हुआ करता था, आज के दौर में मथुरा ठगों की नई शरणस्थली के रूप में उभर कर सामने आ रही है,यहां के साइबर अपराधी देशभर में लोगों को ठग रहे हैं। मेवात से सटे मथुरा के पांच थाना क्षेत्रों के तहत ऐसे 15 गांव हैं, जिनमें बैठे कई साइबर अपराधी लोगों को चूना लगा रहे हैं। इन सभी गांवों को पुलिस ने रेड जोन घोषित कर दिया है। राजस्थान और हरियाणा की सीमा से सटा मथुरा यूं तो धर्मनगरी है। पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध यह जिला अब साइबर क्राइम के लिए बदनाम हो रहा है। मेवात से सटे इस क्षेत्र में साइबर क्राइम इन्फोर्समेंट एजेंसी ने ऐसे 15 स्थान चिह्नित किए हैं, जहां से साइबर ठग रैकेट संचालित कर रहे हैं। सीमावर्ती गांव होने के कारण ये ठग मोबाइल नेटवर्क का लाभ उठाते हैं। सीमा पर कभी यूपी तो कभी दूसरे राज्य का नेटवर्क काम करता है। इसी का लाभ उठाकर लोगों को फंसाया जाता है। हालांकि, यहां के 20 से ज्यादा ऐसे अपराधी पकड़े भी गए हैं पर ठगी बदस्तूर जारी है। मथुरा में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अब गोवर्धन क्षेत्र में भी एक साइबर थाना खोलने की तैयारी है।

# इमाम जाफर सादिक की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** नगर के मुहल्ला नूरियो सराय स्थित इमामबाडा बाबुल हवाईज मे शिया समाज के लोगो ने इमाम हजरत जाफर सादिक इब्ने मोहम्मद बातिक अलैहिस्सालाम की यौमे शहादत के शोक में शबीहे ताबूत बरामद किया जिसमें मातम व नोहाख्वानी की गयी रविवार की रात मे एक मजलिसे अज़ॉ इमामबाडे मे आयोजित की गयी जिसकी शुरूआत शमाईम रजा सलीम मेहदी असगर और आयन ने मरसिया पढकर की इस के बाद सिरसी से तशरीफ लय मौलाना काजी सुबाहान साहब किबला ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में इल्म से बडी कोई दौलत नही है इसलिए इल्म हासिल करे मौलाना ने कहा कि इमाम जाफर सादिक ने अपने जीवन काल में लोगों को इल्म हासिल करने की हिदायत की है क्योंकि इल्म से बडी कोई दौलत नही होती घर के चिराग से घर रोशना होता है इल्म की रोशनी से दुनिया मे रोशनी होती हैं मौलाना ने इमाम जाफर सादिक की शहादत बयान की तो मजलिस मे मौजूद लोगों की आँखों से आँसू छलक आये बाद मजलिस के इमाम जाफर सादिक का शबीहे ताबूत रंजोगम के साथ बरामद किया गया जिसकी मजलिस मे मौजूद लोगों ने जियारत की आसिफ अली अब्बास ने नोहाख्वानी की अन्य लोगों ने मातम किया इस दौरान मासूद मिया रहबर हुसैन साजिद रजी हैदर नैय्यर अब्बास शाने अब्बास शाहिद पैकर संभली हैदर मेहदी नईम हसन कैसर बाकरी मुर्तजिस सज्जाद सुहैल अब्बास अली मेहंदी शाहा आलम आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 अप्रैल से शुरू होगा उर्से जहूरी



**बिलग्राम हरदोई।** नगर के मोहल्ला मैदानपुरा स्थित खानकाहे जहूरिया के बुजुर्ग हजरत ज़हूरुद्दीन शाह अलमारूफ छोटे मियां नसीरी चिश्ती कादरी बिलग्रामी का सालाना उर्स जहूरी 15, 16,17, को मनाया जायेगा उर्स की जानकारी देते हुए मास्टर असगर जहूरी बिलग्रामी ने बताया कि 15 अप्रैल को बाद नमाज इशा मिलाद शरीफ का एहतमाम किया जायेगा 16 अप्रैल को छोटे दायरे में क़व्वाली का प्रोग्राम होगा 17 तारीख 4:00 बजे गागर का जुलूस निकाला जायेगा जिसके बाद रात में महफिले सिमा (कव्वाली) का प्रोग्राम होगा सुबह 3:00 बजे आखिरी कुल होगा जिसके बाद सज्जादा नशीन हजरत अनीस मियां ज़हूरी चिश्ती दुआ फरमायेगें और उर्स का समापन होगा।

### डीएम व एसपी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**कन्नौज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा थाना कोतवाली कन्नौज क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला काजीटोला व नसरापुर तिर्वा रोड पर स्थापित डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कन्नौज एवं पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों, आदर्शों एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन सामाजिक समानता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से सामाजिक समरसता, संवैधानिक मूल्यों एवं विधि के शासन के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बच्ची को सुपुर्द किया




**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत नगर के तिर्वा रोड पर अल्ट्रासाउंड कराने महिला के साथ आई बच्ची अपनी मां से बिछड़ गई थी। किसी की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। सोमवार की दोपहर नगर के तिर्वा रोड पर अपनी मां के साथ आई 05 वर्षीय रोजी पुत्री डब्लू निवासी इस्माइलपुर लापता हो गई थी। जिसके बाद बच्ची की मां सहित परिजनों ने काफी खोजबीन की। इसी दौरान कुछ नागरिकों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर कोतवाली की मुख्य महिला आरक्षी अमिता सिंह एवं कांस्टेवल गितेन्द्र कुमार बच्ची को तत्काल संरक्षण में लेकर उसके परिजनों से संपर्क किया गया। बच्ची की सही पहचान और दस्तावेजों की पुष्टि के बाद पुलिस ने उसे सकुशल उसके माता-पिता को सौंप दिया। बच्ची को देखकर परिजनों की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### चोरों ने मंदिर से चोरी किये आभूषण घंटा व नगदी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर अनौगी निवासी महेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसके पिताजी द्वारा काली माता का निजी मंदिर का निर्माण कराया गया था। जिसमें 25/26 मार्च 2025 की रात में अज्ञात चोरों द्वारा माता जी के श्रंगार में मुकुट व छत तीन हार, मंगलसूत्र, तीन जोड़ी पायल व एक हाथ पेटी जो सभी चांदी के थे व कुछ चढ़ावे के पैसे भी थे। एवं माता जी के वस्त्र तथा 35-40 घंटे काटकर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### एक्सप्रेस-वे पर कार दुर्घटना में दम्पति व अबोध घायल

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह तेज रफ्तार कार अन्य वाहन के पीछे जा घुसी। हादसे में कार सवार दंपति और उनका एक अबोध बच्चा तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी एंबुलेंस ने तीनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। घायल महिला को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला औरैया के थाना व कस्बा दिबियापुर फफूंद निवासी तालिब (27) अपनी पत्नी अमीषा (25) और बेटे हैदर (05) को लेकर कार से लखनऊ जा रहा था तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्थित ग्राम जोगीकोट के सामने आज सुबह करीब नौ बजे तेज रफ्तार कार अचानक अन्य वाहन के पीछे जा टकराई। हादसे में दंपति और उनका बेटा तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम एंबुलेंस के जरिए आनन-फानन तीनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल अमीषा की हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेस्क्यू टीम ने कार सुरक्षित स्थान पर खड़ी कर मार्ग पर आवागमन बहाल कराया।

# चित्रकूट पर हुए रसिया दंगल का मुकाबला रहा बराबरी पर

अवधनामा संवाददाता

■ हाथरस के मनोज शर्मा अखाडा व राया के जीतू शर्मा के मध्य हुआ मुकाबला

**मथुरा।** श्री रामलीला सभा मथुरा के तत्वावधान में चित्रकूट मसानी पर आयोजित दो दिवसीय हनुमान जयन्ती महोत्सव का समापन रसिया दंगल मुकाबले के साथ सम्पन्न हुआ।

रामायण पाठ के समापन पर पं. गोविन्द गोस्वामी के आचार्यत्व व अनिल स्वामी के निर्देशन में मार्गदर्शक गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, उप सभापति नंद किशोर अग्रवाल जुगल किशोर अग्रवाल महामंत्री मूल चंद गर्ग कोषाध्यक्ष शैलेश सर्राफ मंत्री प्रदीप पीके बिजय सर्राफ किरोड़ी आय-व्यय निरीक्षक अजय मास्टर आदि ने हवन पूजन एवं हनुमान जी का पंचामृत अभिषेक किया। सायं भव्य फूल बंगला व छप्पन भोग दर्शन हुये। रात्रि प्रहर में रसिया दंगल में हाथरस के मनोज शर्मा खिच्चो आटे बाला अखाडा तथा राया के जीतू शर्मा बिस्सो ढेय्या अखाडा के मध्य हुआ। रात्रि भर हजारों लोगों ने रसिया दंगल का आनन्द लिया जिसमें दोनों अखाड़े बराबरी पर रहे। दोनों अखाड़ों को सभा के पदाधिकारीयों द्वारा स्वाफा पहना कर कलश प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी,सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, उपसभापति जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, महामंत्री मूल चन्द गर्ग, मंत्री विजय सर्राफा करोड़ी, आय-व्यय निरीक्षक अजय मास्टर, शैलू हकीम, पं.शशांक पाठक ,संजय बिजली, कल्याण दास अग्रवाल ,राजकुमार अग्रवाल,अंशु बजाज ,कृष्ण मुरारी नेताजी सौरभ बजाज ,अश्विनी गर्ग, दिनेश सादाबाद ,डॉ.डीडी गर्ग ,सोनू मित्तल ,आदित्य अग्रवाल ,मुकेश अग्रवाल ,रामगोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## वार्ड व गलियों में भाजपाई जनता पर पहुंचा रहे सरकार की नीतियां

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी अपनी स्थापना के 46वें वर्ष में गांव चलो-गली चलो-वार्ड चलो अभियान के तहत जनता से संवाद कर रही है। मांट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोनई में आयोजित कार्यक्रम में जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने प्रतिभाग किया। उन्होने यहां गांव चलो-गली चलो-वार्ड चलो अभियान के तहत अभियान के दौरान ग्रामीणों से सम्पर्क करके केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया।

श्याम चर्तुवेदी ने कहा कि मोदी-योगी सरकार समाज के हर वर्ग की समृद्धि और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड मिला है। 56 लाख से अधिक लोग प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी बने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख दुनिया में बढ़ी है। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ निर्माण की भी चर्चा की।

# अम्बेडकर ने किया समाज से भेदभाव को दूर करने का काम

■ जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने जुलूस पर पुष्पवर्षा कर माल्यार्पण किया

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** देश के संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिवस को नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने जगह जगह गोष्ठी का आयोजन कर कार्यकर्ताओं के बीच बाबा साहब के जीवन परिचय पर विस्तृत प्रकाश डाला। वही मझपुर्वा सहित नगर में निकाली गई रैली मे सैकडों लोगों ने शामिल होकर धूमधाम से डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिवस मनाया। सोमवार को मझपुर्वा, सरायप्रयाग व आजादनगर मे अम्बेडकर मूर्ति पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, ईओ अनिल कुमार ने सभासदों सहित सभ्रांत जनों के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा कराये गये कार्यो पर प्रकाश डाला। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस पर पुष्पवर्षा कर एवं पाटुका पहनाकर व स्वल्पाहार कराकर बाबा साहब के जन्मदिन का कार्यकर्ताओं को संदेश दिया। वहीं नगर के मोहल्ला तिर्वारोड पर सपा नेता राजसिंह चौहान, सलोबा राष्ट्रीय सचिव अरूण शर्मा, जुनैद सिद्दीकी, महेंद्र भारती, चंद्र भान, नासिर सिद्दीकी, मनी गुप्ता, रामसेवक बाथम ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये कहा कि डा. अम्बेडकर ने हमेशा अशिक्षित और पिछड़े समाज को देश के विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया था। उधर उपखण्ड कार्यालय में एसडीओ बृजेश कुमार सिरोही, जेई विकास कुमार ने कहा कि हम सभी को ऐसे महापुरूष के आदर्शो का अनुसरण करना होगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों मे युवा सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता, प्रधान अरूण कुमार, सभासद परमजीत, चरणजीत, शहंशाह, संतोष गुप्ता मुल्लू, सिराज अहमद, दीपक गुप्ता, मोनू गुप्ता, उमाकान्त सैनी, सुगम दुवे, सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे, आजाद चक, सभासद सुरेन्द्र कुमार, विपिन चौरसिया आदि मौजूद रहे। उधर सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर कमलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे सहित कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक हरीश कुमार भारी पुलिस बल जुलूस के दौरान तैनात रहा।

# संविधान रचयिता की जयंती को धूमधाम से मनी

■ जुलूस निकालकर एवं बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें किया याद

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** देश के प्रथम कानून मंत्री बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगह-जगह जुलूस निकालकर एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। उनके व्यक्तित्व पर जनप्रतिनिधियों ने प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किया। सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्रा ने कहा की बाबा साहब में छुआछूत प्रथा को खत्म कर समाज के शोषित वंचित लोगों को उनका हक दिलाने का कार्य किया। उनकी विधाता को देखते हुए आजादी के बाद नेहरू



बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्रा आदि

जी के मंत्रिमंडल में वह देश के प्रथम कानून मंत्री बने। नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने कहा की बाबा साहब ने समाज में वंचितों को समान अधिकार दिलवाया। इस अवसर पर पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र बाबू द्विवेदी, संदीप त्रिवेदी, प्रेमचंद पाल, विनोद यादव, रामनरेश बाथम, शानू, अंकित बाथम, प्रियांशु कुशवाहा, प्रभात कुमार, दिलीप कुमार शुक्ला, जुगल किशोर पाठक, दिलीप कुमार तिवारी, अखिलेश कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे। उधर नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत समधन सहित तमाम क्षेत्रों में भारत रत्न बाबा साहब भीमराम अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर अम्बेडकर पार्क में सजावट कराई गई। नगर पालिका में अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, अधिषासी अधिकारी अनिल पंडित एवं नगर पंचायत समधन में चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी एवं वरिष्ठ नागरिकों ने माल्यार्पण कर बाबा साहब को याद किया। तदुपरांत पालिका सभागार में अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अधिषासी अधिकारी अनिल पंडित ने बाबा साहब के जीवन संघर्षो एवं उनके समाज के प्रति किये गये उल्लेखनीय कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। ग्राम पंचायत फराहरन में सहकारी क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, अरूण सिंह, सतेन्द्र सिंह, संजीव कुमार मिश्रा, प्रधान रामकिशोर मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी ने माल्यार्पण करनें के उपरान्त कहा कि बाबा साहब ने जनजन में ऊॅच नीच, जातिबाद और अगड़ा पिछड़ा के भेदभावो को समाज से दूर करने के आवश्यक कदम उठाये थे।

# यमुना की दुर्दशा पर भड़के रामभद्राचार्य

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वृंदावन में एक समारोह में जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने यमुना की दुर्दशा पर चिंता जताई, उन्होंने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी को यमुना को अविरल और निर्मल बनाने का काम करने की नसीहत दी, जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने वक्फ बिल का विरोध करने वालों को मूर्ख बताया। उत्तर प्रदेश के मथुरा के कोटवन में जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया समारोह में संतों, महंतों और महामंडलेश्वर शामिल हुए, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कोटवन में जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी से राम कथा करने का निवेदन किया तो रामभद्राचार्य महाराज साफ मना कर दिया, उन्होंने कहा कि जब तक यमुना साफ नहीं होगी, तब तक वह यहां कथा नहीं करेंगे, यमुना की हालत पर चिंता जताते हुए कथा के लिए मना कर दिया। महाराज ने कहा कि जब तक यमुना जी साफ नहीं हो जाती तब तक वह वहां कथा नहीं करेंगे, मुझे यमुना अविरल और निर्मल चाहिए, उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि सिर्फ भाषण देने से काम नहीं चलेगा. अब काम करके दिखाना पड़ेगा, उनकी बात को सुनकर वहां पर मौजूद संतों ने यमुना मैय्या का जयकारा लगाया। वृन्दावन के परिक्रमा मार्ग स्थित आश्रम कुंज में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए रामभद्राचार्य ने पत्रकारों के इस सवाल पर कि वक्फ संशोधन कानून लागू होने के बाद भी इसका विरोध किया जा रहा है पर कहा कि वे (प्रदर्शनकारी) मूर्ख हैं।

# जान्हवी कपूर ने तमिल-मलयाली फैंस को दी विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं

**मुंबई।** जान्हवी कपूर ने आज सोशल मीडिया पर अपनी दो बेहतरीन तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही अपने तमिल और मलयाली फैंस को विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं दी हैं।

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इंडियन ड्रेस में अपनी दो बोहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं। इन्हीं तस्वीरों के साथ जान्हवी ने अपने फैंस को विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं दी हैं और साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो बेहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। पहली तस्वीर में जान्हवी ट्रेडिशनल साउथ इंडियन साड़ी में हैवी गोल्ड ज्वैलरी में सेल्फी लेजी नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में परम सुंदरी अभिनेत्री लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरों और वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं। मेरे मलयाली और तमिल परिवार, मुझे उम्मीद है कि आपका आने वाला साल प्यार, समृद्धि और खुशी से भरा होगा। आप लोगों ने हमेशा मुझे बहुत प्यार और प्रोत्साहन दिया है और मुझे अपना हिस्सा होने का एहसास कराया है- और यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। जान्हवी ने आगे लिखा, अगर मैं कम से कम आपकी मीठी मीठी भाषा में बात करने की कोशिश नहीं करती तो मैं उस विशेषाधिकार के लायक महसूस नहीं करती। तो यह मेरा प्रयास है। प्लीज मेरी गलतियों के लिए मुझे माफ करें। मैं अभी भी सीख रहा हूं, लेकिन जल्द ही वहां पहुंच जाऊंगी मैं वादा करती हूं। मेरे मलयालम और तमिल ट्यूटर्स को खास धन्यवाद....परमसुंदरी। जान्हवी की इस पोस्ट पर उनकी बहन खुशी कपूर ने कमेंट किया। खुशी ने लिखा, OMG ब्यूटी

जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म परम सुंदरी और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के अलावा पेद्दी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। परम सुंदरी में जान्हवी की जोड़ी सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएगी। वहीं, फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में जान्हवी की जोड़ी वरुण धवन के साथ नजर आएगी। इन दोनों के अलावा जान्हवी पेद्दी में राम चरण के साथ नजर आएंगी।

**सुंदरी**

**जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म परम सुंदरी और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के अलावा पेद्दी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं।**



## ‘जाट’ में अभिनय करके गदगद हुए विनीत सिंह, सनी देओल के साथ काम करने को बताया सपना

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ ‘जाट’ की बीटीएस तस्वीरें शेयर की। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पहली साउथ की फिल्म को लेकर निर्देशक और सनी देओल का आभार जताया।

अभिनेता विनीत कुमार सिंह ‘छावा’ में अपने किरदार के लिए प्रशंसा प्राप्त करने के बाद अब ‘जाट’ में नजर आए हैं। सनी देओल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म में अभिनेता ने खलनायक की भूमिका अदा की है। सोमवार को विनीत ने ‘जाट’ की कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों में वह सेट पर सनी देओल निर्देशक के साथ नजर आए। इस पोस्ट के साथ अभिनेता ने एक लंबा-चौड़ा नोट भी लिखा।

‘जाट’ की बीटीएस तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, ‘‘जाट’ के कुछ बिहाइंड द सीन पलों को शेयर करते हुए वाकई बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझ पर विश्वास करने और सोमुलु को जीवंत करने के लिए निर्देशक गोपीचंद का दिल से आभार। यह पहली बार है जब मैं खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं। मैंने इसके बारे में कभी नहीं सोचा था। उनके दृढ़ विश्वास ने मुझे



यह कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस भूमिका ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं इसके लिए आभारी हूं।’

विनीत ने आगे लिखा, ‘मेरे बचपन के हीरो सनी देओल सर के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था। उनके मार्गदर्शन और गर्मजोशी के लिए आभारी हूं। रणदीप हुड्डा और मेरे सभी शानदार को-एक्टर्स को बहुत-बहुत धन्यवाद। सोमुलु के किरदार के लिए और सेट को परिवार जैसा महसूस कराने के लिए लेखकों विवेक, सौरभ गुप्ता और निश्चित रूप से गोपी सर को धन्यवाद।’ साथ ही अभिनेता ने निर्माता और पूरी टीम का धन्यवाद दिया। अभिनेता ने कहा, एक्शन डायरेक्टर राम सर, लक्ष्मण सर, पीटर मास्टर, वेंकटेश सर का शुक्रिया। आप सभी के प्यार से अभिभूत हूं। ‘छावा’ और ‘सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव’ के बाद इस साल ‘जाट’ तीसरी सफल फिल्म है।’

अभिनेता ने साउथ में पहली फिल्म करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, ‘यह मेरा पहला साउथ प्रोडक्शन है। मैं इसमें शामिल सभी लोगों के जुनून और प्रतिभा से अभिभूत हूं। इस टीम के साथ काम करना एक सपना रहा है। मैं इस अनुभव के लिए बहुत आभारी हूं।’ अभिनेता ने भविष्य में आने वाले अवसरों के लिए उत्साह जताया और कहा कि वह जल्द ही कुछ नया लेकर मिलते हैं।

## प्रमोशन में जुटी केसरी चैप्टर 2 की स्टार कास्ट



**मुंबई।** अनन्या पांडे, अक्षय कुमार और आर माधवन इस समय अमृतसर, पंजाब में हैं। केसरी चैप्टर 2 की रिलीज से पहले पूरी स्टारकास्ट ने गोल्डन टेंपल के दर्शन किए। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें उनके साथ आर माधवन और अक्षय कुमार हाथ जोड़े खड़े नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह तस्वीर पंजाब के अमृतसर की है, जहां पर केसरी चैप्टर 2 की स्टार कास्ट रिलीज से पहले वाहेगुरु का आशीर्वाद लेने पहुंची है। केसरी चैप्टर 2 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की रिलीज से पहले पूरी कैस्टरी चैप्टर 2 की पूरी स्टार कास्ट अमृतसर पहुंची, जहां पर उन्होंने गोल्डन टेंपल में फिल्म की सफलता के प्रार्थना की। अनन्या ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर गोल्डन टेंपल की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें केसरी चैप्टर 2 के तीनों मुख्य कलाकार नजर आ रहे हैं। माधवन ने सफेद कुर्ता पहना है, अनन्या ने हल्के पिंग रंग का सूट पहना है और अक्षय ने ब्लू रंग का कुर्ता पहना हुआ है। ये तीनों हाथ जोड़े खड़े नजर आ रहे हैं। इस शानदार तस्वीर के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह केसरी चैप्टर 2 केसरी चैप्टर 2 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। फिल्म में अक्षय कुमार सी. शंकरन नायर की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक मशहूर वकील और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता थे। उन्होंने जलियांवाला बाग की घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए ब्रिटिश सरकार के खिलाफ कोर्ट में बहादुरी से लड़ाई लड़ी।

## एटली की फिल्म को लेकर आया बड़ा अपडेट, फिल्म में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करेंगे अल्लू अर्जुन

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन तमिल डायरेक्टर एटली की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। वहीं फिल्म को लेकर जानकारी आई है कि इस फिल्म में अल्लू के साथ एक नहीं बल्कि दो अभिनेत्रियां रोमांस करती नजर आएंगी।

जवान फिल्म के निर्देशक एटली अब एक और दमदार फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अल्लू के साथ दो बॉलीवुड अभिनेत्रियां नजर आएंगी। जानिए कौन हैं वे दो अभिनेत्रियां जो करेंगी अल्लू की फिल्म में कमाल।

ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, अल्लू के साथ इस फिल्म में दो बॉलीवुड हीरोइन होंगी। जान्हवी कपूर का नाम लगभग फाइनल है, जबकि दूसरी हीरोइन के लिए दिशा पटानी और श्रद्धा कपूर जैसी अभिनेत्रियों से बात चल रही है।

# फैंस के लिए शाहरुख खान के बंगले में रात बिताने का मौका

**आनंद**

**आर्किटेक्चरल डाइजेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार इस बंगले में मेहमान शानदार सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। इस घर में हर वह सुविधा है, जो एक सपनों के घर में होनी चाहिए।**



**मुंबई।** शाहरुख खान अपने फैंस को एक अनोखा तोहफा दे रहे हैं। अब आप उनकी शाही लाइफस्टाइल को एक रात के लिए जी सकते हैं। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में उनका शानदार बंगला किराए पर उपलब्ध है। यह आलीशान घर मशहूर रोडियो ड्राइव से बस कुछ मिनट दूर है। इसमें छह खूबसूरत बेडरूम हैं, जो मेहमानों को एक शानदार अनुभव देगा। आर्किटेक्चरल डाइजेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार इस बंगले में मेहमान शानदार सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। इस घर में हर वह सुविधा है, जो एक सपनों के घर में होनी चाहिए। इसमें लोग चमकते स्विमिंग पूल में तैर सकते हैं, जकूजी में आराम कर सकते हैं, निजी केबिन में सुकून भरे पल बिता सकते हैं या टेनिस कोर्ट पर दोस्तों के साथ खेल सकते हैं। शाहरुख ने 2019 में इस घर की तस्वीरें एक्स पर साझा की थीं, जिसने सबका ध्यान खींचा था। अब जो लोग मोटी रकम खर्च कर सकते हैं, उनके लिए यह विला एक रात के लिए एक लाख 96 हजार रुपये में खुला है। विला का अंदरूनी हिस्सा देखकर आप हैरान रह जाएंगे। यह आधुनिक और पुराने डिजाइन का शानदार मिश्रण है। सफेद और बेज रंग की दीवारें शांति का एहसास कराती हैं। दीवारों पर सजी पेंटिंग्स, खूबसूरत आइने घर को और रौनक देते हैं। शानदार फर्नीचर इस घर को और भी खास बनाते हैं। वहीं, किताबों की अलमारियां और कलाकृतियां इस घर के लुक में चार चांद लगाती हैं।

बाहर का नजारा भी कम कमाल का नहीं। घर के हरे-भरे टेनिस कोर्ट, आरामदायक केबिन, बड़े जैकूजी और स्विमिंग पूल का लोग लुत्फ उठा सकते हैं। शाहरुख की सिर्फ यह प्रॉपर्टी ही नहीं, उनके और भी कई घर सुर्खियों में रहते हैं। मुंबई में उनका मशहूर बंगला ‘मन्नत’ अक्सर चर्चा में रहता है। यह भारत के सबसे महंगे घरों में से एक है। इसके अलावा, उनके पास दुबई में पाम जुमेराह में एक शानदार विला है। उनके पास लंदन के पार्क लेन में एक आलीशान फ्लैट और अलीबाग में एक खूबसूरत फार्महाउस भी है।

## अब की बार अर्जुन सरकार, एक्शन से भरपूर हिट 3 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** नानी की हिट 3 का ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज हुआ है। फिल्म में नानी अर्जुन सरकार की भूमिका में नजर आएंगे, जो एक पुलिस अधिकारी है। फिल्म के ट्रेलर को लेकर अब प्रशंसकों ने अपनी राय सोशल मीडिया पर शेयर की है। साउथ सुपरस्टार नानी की फिल्म हिट 3 का दमदार ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज किया गया है। एक्शन और मारधाड़ से भरपूर इस ट्रेलर में नानी पुलिस अधिकारी के दमदार किरदार में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर रिलीज पर फैंस अपनी प्रतिक्रिया लगातार शेयर कर रहे हैं। नानी की फिल्म हिट- द थर्ड केस का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर कुल 3 मिनट 31 सेकंड का है, जो नानी के प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। इस ट्रेलर में नानी पुलिस अधिकारी अर्जुन सरकार के दमदार अंदाज में नजर आए, जो पल भर में दुश्मनों के छक्के छुड़ाता है। HIT 3 के ट्रेलर में साफ नजर आ रहा है कि नानी इस फिल्म में अर्जुन सरकार नाम के एक गुस्सैल पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं, जो गलती करने वालों को माफी नहीं बल्कि सजा देता है। हिट- द थर्ड केस 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद फैंस की उत्सुकता फिल्म की रिलीज को लेकर और अधिक बढ़ गई है।

# तीरंदाजी विश्व कप में धीरज ने व्यक्तिगत कांस्य जीता, पुरुष टीम को रजत पदक

**पदक**

**धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार गए थे।**



**ऑबर्नडेल।** भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे। भारत ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार गए थे। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। इससे पहले भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

# 93 पदक जीतकर बने काशी चैंपियन, भाई-बहन की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

**वाराणसी।** वाराणसी के विभिन्न स्थानों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में प्रदेशिक ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाई-बहन की जोड़ी ने युगल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता है। अन्य खेलों में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी किया गया। इसमें 93 पदक जीतकर वाराणसी की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। वहीं, 19 पदक जीतकर प्रयागराज की टीम उपविजेता बनी। आयोजन सचिव रजत मिश्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 450 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। पांच वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में वाराणसी के खिलाड़ियों ने 40 स्वर्ण, 35 रजत, 18 कांस्य समेत कुल 93 पदक के साथ चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रयागराज की टीम 10 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य समेत कुल 19 पदक जीत दूसरे स्थान पर रही। बलरामपुर की टीम 9 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक के साथ तीसरी रही। समापन मुख्य अतिथि महिला महाविद्यालय की प्रो. नीधी मिश्रा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया। संचालन आयोजन सचिव रजत मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह ने किया। रेफरी की भूमिका अनुभव सिंह, हर्ष सिंह, श्रद्धा दिक्षीत, अरविंद यादव ने निभाई। प्रदेशिक ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाई-बहन की जोड़ी ने युगल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता है। चार दिवसीय प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो संघ की ओर से कानपुर में खेली जा रही है। स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले वाराणसी के सात खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन जूनियर बालिका वर्ग में वाराणसी की यशश्विनी सिंह ने अलीगढ़ के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण जीता। जबकि बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में अनंत वर्मा को हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। युगल मुकाबले में अनंत वर्मा और अंकिता वर्मा की जोड़ी ने अलीगढ़ के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में वाराणसी के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, तीन रजत समेत कुल सात पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। रविवार को खेले गए मुकाबले में वाराणसी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए क्योरगी अंडर-14 रुस्तम पटेल ने रजत, पूमसे कैडेट में नैंसी सिंह, सुहानी जायसवाल और बालक वर्ग में अर्श सिंह ने स्वर्ण पदक जीता था। स्वर्ण और रजत पदक विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में यूपी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता 25 से 29 अप्रैल तक नासिक में खेली जाएगी।

**मुकाबले**

**युगल मुकाबले में अनंत वर्मा और अंकिता वर्मा की जोड़ी ने अलीगढ़ के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक जीता।**



काशी के दो खिलाड़ियों के प्रदर्शन से ओडिशा में खेली गई 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल ट्रॉफी यूपी ने जीत ली है। प्रतियोगिता में वाराणसी के विकास ने छह और अभ्युदय पांडेय ने चार कुल छह अंक अर्जित किए। फाइनल में खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से निर्धारित समय तक दोनों टीमें 30-30 के स्कोर से बराबरी पर रही। एक्स्ट्रा समय में यूपी ने एक गोल से राजस्थान की टीम को हरा दिया। 2006 के बाद यूपी ने 2025 में स्वर्ण पदक जीता है गत वर्ष यूपी ने रजत पदक जीता था। यह जानाकरी यूपी हैंडबॉल संघ के अमित पांडेय ने दी है। सकेवीटी किंग्स चेस एकेडमी की ओर से ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 14 अप्रैल को जगतगंज स्थित एक होटल के बैंक्वेट हॉल में खेली जाएगी। इसमें खेलने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों के करीब 270 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। आयोजन सचिव विनीत राज तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता की तैयारी कर ली गई है। इसमें वाराणसी के अलावा दिल्ली, कोलकाता, बंगलूरू, हैदराबाद, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, देवरिया, बरेली, मथुरा के शतरंज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता स्विस पद्धति से 8 चक्रों में खेली जाएगी। मेरठ में खेली जा रही प्रादेशिक मुक्केबाजी में वाराणसी के चार खिलाड़ियों ने मुकाबले जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

# आईलीग में विवाद, विजेता घोषित नहीं किए जाने पर सुपर कप से हटा चर्चिल ब्रदर्स

**नई दिल्ली।** एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे को शनिवार को लिखे पत्र में गोवा के क्लब ने 20 अप्रैल से तीन मई तक चलने वाले टूर्नामेंट से नाम वापस लेने का एक अन्य कारण सुपर कप ड्रॉ में अनियमितताओं को भी बताया।

चर्चिल ब्रदर्स ने उन्हें आधिकारिक तौर पर 2024-25 आईलीग चैंपियन घोषित नहीं करने के अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के फैसले का विरोध करते हुए 20 अप्रैल से भुवनेश्वर में शुरू होने वाले सुपर कप टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। चर्चिल ब्रदर्स ने इसे देश में खेल की संचालन संस्था द्वारा नियमों और मिसाल की घोर अवहेलना बताया है। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे को शनिवार को लिखे पत्र में गोवा के क्लब ने 20 अप्रैल से तीन मई तक चलने वाले टूर्नामेंट से नाम वापस लेने का एक अन्य कारण सुपर कप ड्रॉ में अनियमितताओं को भी बताया। चर्चिल ब्रदर्स ने पत्र में कहा, यह आपको सुपर कप 2025 से हमारे नाम वापस लेने की सूचना देने के लिए है। नौ अप्रैल 2025 को हमने आपको पत्र लिखकर सुपर कप 2025 ड्रॉ के तरीके में अनियमितताओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया था। पत्र के मुताबिक, हमें ड्रॉ आयोजित करने में एआईएफएफ द्वारा अपनाई गई अत्यधिक अनियमित और अपरंपरागत प्रक्रिया के कारण के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है, ना ही उक्त प्रक्रिया में सुधार किया गया है। तथ्य यह है कि प्रतियोगिता के लिए वरीयता को निर्धारित करने के लिए विभिन्न टीम को अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल करना पड़ा है जो स्पष्ट रूप से अनुचित है। क्लब ने कहा, यह उल्लेखनीय है कि यह घटना एआईएफएफ द्वारा चर्चिल ब्रदर्स एफसी को 2024-25 आईलीग ट्रॉफी देने से इनकार करने की पृष्ठभूमि में हुई है जैसा कि आईलीग नियम 2024-25 के नियम 14.4 के तहत आवश्यक है।



## लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना का चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड

**रमोना।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैट डेनी ने 74.78 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम किया, लेकिन 22 वर्षीय अलेक्ना ने जल्द ही फिर से उसे अपने नाम कर दिया। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में यहां अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। उन्होंने ओक्लाहोमा थ्रोज सीरीज वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्टार खिलाड़ी में इससे पहले अपने शुरुआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था।

## हिमाचल के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में जीता स्वर्ण

**शिमला।** राष्ट्रीय स्तरीय बीच ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के कुलदीप को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हैनॉल्ट स्कूल में चल रही राष्ट्रीय स्तरीय बीच ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने दमदार प्रदर्शन किया। कुल 16 विजेता खिलाड़ियों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने विभिन्न वजन वर्गों में पदक जीते। हिमाचल प्रदेश के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के कुलदीप को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।130 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के सचिन ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि उत्तर प्रदेश के अजयवीर को दूसरा स्थान मिला। 77.7 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली के सुजीत ने स्वर्ण पदक



जीता और हरियाणा के मोहम्मद अमन ने रजत पदक हासिल किया। 92 किलोग्राम वजन वर्ग में हरियाणा के दीप ने पहला और मिस्देस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 81 किलोग्राम वर्ग में राजस्थान की पिंकी ने स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली के गौरव कुमार ने 84 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। 71 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के यशेन ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 97 किलोग्राम वर्ग में राजस्थान के दारा सिंह को दूसरा स्थान मिला। उत्तर प्रदेश के दिग्विजय ने 66 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक और छत्तीसगढ़ के सलीम ने रजत पदक हासिल किया। 62 किलोग्राम भार वर्ग में आंध्र प्रदेश के दोल्या ने पहला और दिल्ली के कृष्णा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में देशभर से आए कुल 350 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, यह प्रतियोगिता विभिन्न आयु और वजन वर्गों में आयोजित की जा रही है, जिसमें अंडर-11 से लेकर वेटरन खिलाड़ियों तक के मुकाबले हो रहे हैं।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025



# राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं अगले साल विधानसभा चुनाव



**कोलकाता।** बंगाल के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हालिया हिंसा के पीछे जिहादी तत्व हैं। इन लोगों को खुला घुमने की मंजूरी मिली हुई है। हम उनका सामना करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बराबरी का मुकाबला होना चाहिए। चुनाव आयोग को गंभीरत से अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराने पर विचार करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी। भाजपा नेता ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है। पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम करती है। मुक्त और पारदर्शी चुनाव के लिए अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत कराए जाने चाहिए। बंगाल के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि %हालिया हिंसा के पीछे जिहादी तत्व हैं। इन लोगों को खुला घुमने की मंजूरी मिली हुई है। हम उनका सामना करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बराबरी का मुकाबला होना चाहिए। चुनाव आयोग को गंभीरत से अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराने पर विचार करना चाहिए।

# मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी पर बेल्जियम की पहली प्रतिक्रिया

**मामले**

**पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है।**

**ब्रुसेल्स।** भगोड़े मेहुल चोकसी को बेल्जियम में 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा ने सोमवार को कहा कि भारत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है।

पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने सोमवार को पुष्टि करते हुए कहा कि भगोड़े भारतीय व्यवसायी मेहुल चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान



में उसे हिरासत में रखा गया है। बेल्जियम का कहना है कि भारत ने उसके प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भी किया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संघीय लोक सेवा इस बात की पुष्टि करता है कि मेहुल चोकसी को शनिवार 12 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें हिरासत में रखा गया है। उनके कानूनी सलाहकार को उनसे मिलने की इजाजत दी गई है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध पेश किया है। संघीय सेवा ने कहा, बेल्जियम की संघीय लोक सेवा इस बात की पुष्टि कर सकती है कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध पेश किया है। व्यक्तिगत कारणों से अभी कोई और विवरण जारी नहीं किया जा सकता है। हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी और उनके भांजे नीरव मोदी पर सरकारी बैंक पंजाब नेशनल बैंक से करीब 13,500 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। इन आरोपों के सामने आने के बाद दोनों देश छोड़कर भाग गए थे। इन लोगों ने पीएनबी की मुंबई के फोर्ट में स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों की मदद से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स के जरिए बैंक से कर्ज पर रकम विदेशों में ट्रांसफर की थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेहुल चोकसी ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। उसने यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है। इससे पहले फरवरी में चोकसी के वकील ने मुंबई की एक अदालत को बताया था कि वह भारत नहीं लौट सकता, क्योंकि वह रक्त कैंसर के इलाज के लिए बेल्जियम में था। भगोड़े कारोबारी ने यह भी कहा था कि वह भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालतों में पेश होने के लिए तैयार है। हालांकि, इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया और एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की दिशा में काम करती रहीं।

इससे पहले 2021 में मेहुल चोकसी को अवैध प्रवेश के लिए डोमिनिकन गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसकी हिरासत को सुरक्षित करने के लिए सीबीआई की एक टीम कैरेबियाई देश पहुंची थी। मेहुल चोकसी के वकीलों ने डोमिनिकन कोर्ट को बताया कि उसे इलाज के लिए एंटीगुआ लौटने की जरूरत है और आश्वासन दिया कि वह बाद में मुकदमे का सामना करने के लिए वापस आएगा। 51 दिनों तक जेल में रहने के बाद चोकसी को ब्रिटिश क्वीन की प्रिवी काउंसिल से राहत मिली और प्रत्यर्पण आगे नहीं बढ़ सका। वह वापस एंटीगुआ चला गया। बाद में डोमिनिकन गणराज्य में उसके खिलाफ अवैध प्रवेश के आरोप हटा दिए गए।

# राजनीतिक लाभ के लिए आंबेडकर का नाम इस्तेमाल कर रहा विपक्ष



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने सोमवार को विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए बीआर आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए आबेंडकर का नाम इस्तेमाल करता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष आंबेडकर के योगदान का सम्मान नहीं करता है और ना ही उनके जीवन से जुड़े स्थानों पर विकास कर रहा है। बता दें कि आज देशभर में डॉ. बीआर आंबेडकर की 135वीं जंयती मनाई जा रही है। इसी दौरान एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए वीरेंद्र कुमार ने ये बातें कही।

# परिवार के आशीर्वाद से राजनीति में रखूंगा कदम



**नई दिल्ली।** रॉबर्ट वाड्रा ने कहा है कि राजनीति से उनका जुड़ाव काफी हद तक गांधी परिवार से उनके जुड़ाव के कारण है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में कई राजनीतिक दलों ने उन्हें राजनीतिक चर्चाओं में खींचने की कोशिश की है और अक्सर चुनाव या अन्य मुद्दों के दौरान उनके नाम का इस्तेमाल ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है। वाड्रा ने आगे क्या कहा, आइए जानते हैं।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने राजनीति में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को लगता है कि उन्हें यह कदम उठाना चाहिए, तो वह अपने परिवार के आशीर्वाद से यह कदम उठाएंगे।

सोमवार को एएनआई से खास बातचीत में वाड्रा ने कहा कि राजनीति से उनका जुड़ाव काफी हद तक गांधी परिवार से उनके जुड़ाव के कारण है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में कई राजनीतिक दलों ने उन्हें राजनीतिक चर्चाओं में खींचने की कोशिश की है और अक्सर चुनाव या अन्य मुद्दों के दौरान उनके नाम का इस्तेमाल ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है।

वाड्रा ने कहा, मेरा राजनीति से जुड़ाव सिर्फ इसलिए है क्योंकि मैं गांधी परिवार का सदस्य हूं। लेकिन मैं यह भी कहूंगा कि पिछले कई सालों में कई पार्टियों ने मेरे नाम का इस्तेमाल किया है और हमेशा मुझे राजनीति में खींच लिया है क्योंकि हर बार चुनाव आते हैं, उन्हें मेरा नाम याद आता है। हर बार जब उनके पास कोई मुद्दा होता है जिससे वे ध्यान भटकाना चाहते हैं, तो उन्हें मेरा नाम याद आता है।÷ वाड्रा ने कहा कि यह अक्सर राजनीतिक प्रतिशोध की तरह लगता है।

उन्होंने कहा कि उनका परिवार, खास तौर पर उनकी पत्नी प्रियंका और बहनोई राहुल गांधी, सीखने का एक बड़ा स्रोत रहे हैं और वे संसद में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं चाहूंगा कि प्रियंका पहले संसद में हों और अब वह हैं और वह बहुत मेहनत कर रही हैं। मैं देखता हूं कि मैंने उनसे और राहुल व परिवार के सभी लोगों से कितना कुछ सीखा है।÷

वाड्रा ने इस बात पर जोर दिया कि अगर कांग्रेस पार्टी तय करती है कि उन्हें राजनीति में शामिल होना चाहिए, तो वह संसद में विभाजनकारी ताकतों से लड़ने और देश को धर्मनिरपेक्ष बनाए रखने के लिएयह कदम उठाएंगे।

## भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में क्यों हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मेहुल चौकसी कौन है। चोकसी किस मामले में आरोपी है। उससे जुड़ा पूरा मामला क्या है इसमें कब-कब क्या हुआ चोकसी बीते सात साल में कहां-कहां रहा बेल्जियम में उसकी गिरफ्तारी क्यों हुई और उसे भारत वापस कैसे लाया जा सकता है आइये जानते हैं...भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को सोमवार सुबह बेल्जियम से गिरफ्तार किया गया है। चोकसी बीते करीब सात साल से भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर है। चोकसी की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा है कि क्या 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के बाद चोकसी का प्रत्यर्पण भी कर सकता है मेहुल चौकसी कौन है चोकसी किस मामले में आरोपी है उससे जुड़ा पूरा मामला क्या है इसमें कब-कब क्या हुआ चोकसी बीते सात साल में कहां-कहां रहा बेल्जियम में उसकी गिरफ्तारी क्यों हुई और उसे भारत वापस कैसे लाया जा सकता है।

# नए वक्फ कानून के खिलाफ माकपा भी पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** नए वक्फ कानून के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मापका ने इस कानून को असंवेधानिक बताते हुए रिट याचिका दायर की है।

नए वक्फ कानून को लेकर देशभर में सियासी गर्माहट दिन-प्रतिदिन और तेज होता हुआ जा रहा है। विपक्षी दल और कई मुस्लिम लीग इस कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे है। इतना ही नहीं देश के कई हिस्सों में विरोध इतना तेज हो गया है कि प्रदर्शन के दौरान हिंसा की भी खबरें सामने आ रही है। इसी बीच अब इस कानून के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वक्फ कानून के विरोध में आए सीपीआई ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की है। बता दें कि अब तक इस मामले में दर्जनों याचिका दायर की जा चुकी है, जिसपर 16 अप्रैल को सुनवाई होनी है। सीपीआई के महासचिव डी. राजा की ओर से दायर इस रिट याचिका में कहा गया है कि यह कानून संविधान में दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन करता है। पार्टी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि इस कानून को संसद में जनता और अन्य हितधारकों की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए पारित कर दिया गया। साथ ही याचिका में कहा गया है कि यह कानून वक्फ बोर्ड की स्वतंत्रता को खत्म करता है और केंद्र सरकार को अनियंत्रित अधिकार देता है।

याचिका सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता राम शंकर के माध्यम से दायर की गई है। सीपीआई ने तर्क दिया है कि यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 29 का उल्लंघन करता है, जो

**पारित**

**पार्टी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि इस कानून को संसद में जनता और अन्य हितधारकों की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए पारित कर दिया गया।**

धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों की गारंटी देते हैं। गौरतलब है कि वक्फ कानून के विरोध में इससे पहले भी कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की जा चुकी हैं। हाल ही में अभिनेता और टीवीके अध्यक्ष विजय, ,ढ्ढरूढ्ढरू सांसद असदुद्दीन ओवैसी, और आम आदमी पार्टी के विधायक



अमानतुल्लाह खान सहित कई अन्य लोगों ने भी इस कानून को असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ 16 अप्रैल को इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन भी शामिल होंगे।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार अब तक इस मामले में कुल मिलाकर दर्जन से ज्यादा याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई हैं। इनमें एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, अरशद मदनी, समस्त केरल जमीयतुल उलेमा, अंजुम कादरी, तैय्यब खान सलमानी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद फजलुर्रहीम और राजद नेता मनोज झा जैसे नाम शामिल हैं। कुछ याचिकाएं अभी रजिस्ट्री में लंबित हैं और उन्हें भी जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

# वीडियो जारी कर शेख हसीना ने यूनुस को दी चेतावनी, भतीजी ट्यूलिप ने भी खारिज किए भ्रष्टाचार के आरोप





**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ एक के बाद एक गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ी और अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस को चेतावनी दी। शेख हसीना की भतीजी ने भी भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो जारी कर अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को चेतावनी दी। शेख हसीना ने अंतरिम सरकार को खुदगर्ज सूदखोर करार दिया। वहीं ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। पूर्व पीएम शेख हसीना ने आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अंतरिम सरकार ने सत्ता की प्यास बुझाने के लिए विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर देश के पतन की साजिश रची। उन्होंने युनुस पर बांग्लादेश के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के सभी चिह्न मिटाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है। हमने उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए सभी जिलों में मेमोरियल बनाए थे, लेकिन उन्हें जला दिया जा रहा है। क्या डॉ. यूनुस इसे सही मान रहे हैं? अगर युनुस आग से खेलेंगे तो यह आपको भी जला देगी।

उन्होंने कहा कि उस कर्जदार, सत्ता के भूखे, पैसे के भूखे और आत्मकेंद्रित व्यक्ति ने विदेशी साजिश रची और देश को नष्ट करने के लिए विदेशी फंड का इस्तेमाल किया। बीएनपी और जमात ए इस्लामी हत्याएं कर रहे हैं और आवामी लीग को परेशान कर रहे हैं। शेख हसीना ने कहा कि अवामी लीग के नेताओं को उपद्रवियों की मौत के लिए फंसाया जा रहा है। जिन लोगों ने पुलिस स्टेशन जलाए और पुलिसकर्मियों को मार डाला, उन पर आरोप नहीं लगाए जा रहे हैं। अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। मोहम्मद यूनुस को इसके परिणाम पता थे, लेकिन वे सत्ता के भूखे हैं।

ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। सिद्दीकी के प्रवक्ता ने कहा कि सिद्दीकी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह से झूठे हैं और उनके वकीलों ने इस मामले को निपटा दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने सिद्दीकी को कोई जवाब नहीं दिया और न ही सीधे या उनके वकीलों के माध्यम से उन पर कोई आरोप लगाया है। सिद्दीकी को ढाका में उनके संबंध में चल रही सुनवाई के बारे में कुछ भी पता नहीं है और उन्हें किसी भी गिरफ्तारी वारंट के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# 24 घंटे के अंदर दूसरी बार कांपा म्यांमार, पिछले महीने मची तबाही के बाद से लगातार आ रहे भूकंप के झटके

**नेपीताव।** म्यांमार के 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद से लगातार धरती कांप रही है। आए दिन ही यहां भूकंप के झटके लग रहे हैं। यह ऐसे समय हो रहा है, जब देश 15 दिन पहले मध्य क्षेत्र में आए 7.7 तीव्रता के बड़े भूकंप की तबाही से जूझ रहा है। आज भी राहत व बचाव कार्य जारी है। लापता लोगों की तलाश जारी है। कई जगह मलबा फैला हुआ है। म्यांमार 24 घंटे के अंदर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 4. मापी गई। भूकंप सोमवार सुबह 10 बजकर छह मिनट पर जमीन से 103 किमी. की गहराई में आया। इस भूकंप का असर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में महसूस किया गया। मणिपुर में इसका असर सबसे ज्यादा रहा। इससे पहले रविवार को म्यांमार में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप 10 किमी. गहराई में दर्ज किया गया था, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील माना गया। 28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन टुन के मुताबिक, शुक्रवार तक 28 मार्च के भूकंप में मरने वालों की संख्या

**भूकंप**

**28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।**




3,649 थी, जबकि 5,018 लोग घायल हुए थे। म्यांमार के मौसम विभाग ने बताया कि रविवार का भूकंप मंडालय से 97 किलोमीटर (60 मील) दक्षिण में वुंडविन टाउनशिप के क्षेत्र में 20 किलोमीटर (12 मील) की गहराई में आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गहराई 7.7 किलोमीटर (4.8 मील) होने का अनुमान लगाया। वुंडविन के लोगों ने बताया कि भूकंप इतना शक्तिशाली था कि लोग इमारतों से बाहर निकल आए। कुछ घरों की छतें क्षतिग्रस्त हो गईं। ने संयुक्त राष्ट्र ने पिछले सप्ताह चेतावनी दी थी कि 28 मार्च को आए भूकंप से होने वाली क्षति म्यांमार में मौजूदा मानवीय संकट को और भी बदतर बना देगी। म्यांमार फिलहाल गृहयुद्ध से जूझ रहा है। इस वजह से पहले ही 30 लाख से अधिक लोग यहां से विस्थापित हो चुके हैं।

# इस्राइल क्यों नहीं जा सकेंगे बांग्लादेश के लोग



**ढाका।** इस्राइल ने संघर्ष विराम खत्म करने के बाद गाजा पट्टी में हमले फिर से शुरू कर दिए हैं। इसकी दुनियाभर में निंदा हो रही है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने पासपोर्ट और आव्रजन विभाग को निर्देश दिए हैं कि विदेश जाने वाले नागरिकों के लिए आधिकारिक यात्रा परमिट में यह वाक्य जोड़ा जाए कि यह पासपोर्ट इस्राइल को छोड़कर दुनिया के सभी देशों के लिए वैध है

बांग्लादेश ने अपने नागरिकों के इस्राइल की यात्रा करने पर रोक लगा दी है। सरकार ने पासपोर्ट पर लिखवाया है कि यह पासपोर्ट इस्राइल को छोड़कर दुनिया के सभी देशों के लिए वैध है। अंतरिम सरकार के फैसले ने इस्राइल में काम करने जाने वालों की मुसीबत बढ़ा दी है। इस्राइल ने संघर्ष विराम खत्म करने के बाद गाजा पट्टी में हमले फिर से शुरू कर दिए हैं। इसकी दुनियाभर में निंदा हो रही है। इसी कड़ी में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार बड़ा फैसला लिया है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने पासपोर्ट और आव्रजन विभाग को निर्देश दिए हैं कि विदेश जाने वाले नागरिकों के लिए आधिकारिक यात्रा परमिट में यह वाक्य फिर जोड़ने को कहा है कि यह पासपोर्ट इस्राइल को छोड़कर दुनिया के सभी देशों के लिए वैध है। गृह मंत्रालय के सुरक्षा सेवा प्रभाग की उप सचिव नीलिमा अफरोज ने बताया कि हमने पत्र जारी कर दिया है। बांग्लादेश से जारी होने वाले पासपोर्ट में इस्राइल को लेकर यह लाइन पहले भी लिखी जाती थी। इसे 2021 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के दौरान हटा दिया गया था। अधिकारियों ने कहा था कि बांग्लादेश ने इस्राइल के प्रति अपना रुख नहीं बदला है, लेकिन पासपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाए रखने के लिए वाक्यांश को हटा दिया गया था। तब विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने कहा था कि बांग्लादेश से कोई भी व्यक्ति इस्राइल की यात्रा नहीं कर सकता है और यदि कोई ऐसा करता है, तो उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस्राइल में बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग काम करने जाते हैं। अब अंतरिम सरकार के फैसले के बाद उनकी चिंता बढ़ गई है। ऐसे लोगों को इस्राइल जाने के लिए तीसरे देश से वीजा लेना होगा।

बांग्लादेश में इस्राइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। रविवार को हजारों प्रदर्शनकारियों ने इस्राइल की निंदा करने के लिए ढाका में रैली निकाली। कई लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरों को पीटा और उन पर इस्राइल का समर्थन करने का आरोप लगाया।

# टैरिफ विवाद के बीच वियतनाम पहुंचे जिनपिंग

**संदेश**

**अंतरराराष्ट्रीय संकट समूह में हुआंग ले-थु ने कहा कि यात्रा का समय एक मजबूत राजनीतिक संदेश भेजता है कि दक्षिण पूर्व एशिया चीन के लिए महत्वपूर्ण है।**

**हनोई।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वियतनाम पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका की तरफ से टैरिफ को लेकर बढ़ते दबाव को देखते हुए चीन ने समर्थन जुटाने के लिए यह कदम उठाया है। वियतनाम में चीनी राष्ट्रपति वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव टो लैम के साथ-साथ प्रधान मंत्री फाम मिन्ह चीन्ह से मुलाकात करेंगे।जवाबी टैरिफ को लेकर



अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ा है। दोनों देश एक-दूसरे पर भारी भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। इस बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दक्षिण पूर्व एशिया के दौरे की शुरुआत की। वे सोमवार को वियतनाम पहुंचे। यहां शी ने कहा कि व्यापार युद्ध या टैरिफ युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक, आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले व सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वियतनाम पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका की तरफ से बढ़ते दबाव को देखते हुए चीन ने समर्थन जुटाने के लिए यह कदम उठाया है। हालांकि विशेषज्ञ बताते हैं कि यह यात्रा पहले से प्रस्तावित थी, लेकिन टैरिफ युद्ध ने इसे अहम बना दिया है। वियतनाम में चीनी राष्ट्रपति वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव टो लैम के साथ-साथ प्रधान मंत्री फाम मिन्ह चीन्ह से मुलाकात करेंगे।

सिंगापुर के ढ्ढस्श्वस्-यूसुफ इशाक इंस्टीट्यूट के विजिटिंग फेलो गुयेन खाक गियांग ने कहा कि शी की यात्रा से चीन दक्षिण-पूर्व एशिया को दिखा सकता है कि वह एक जिम्मेदार महाशक्ति है, वह डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिका के पूरी दुनिया के सामने पेश होने के तरीके से अलग है। गुयेन ने कहा कि वियतनाम, मलयेशिया और कंबोडिया की यात्रा इसलिए भी है कि चीन वास्तव में ट्रंप के खिलाफ खुद को कैसे बचा सकता है। 2013 में चीन के राष्ट्रपति बनने के बाद से, उन्होंने केवल दो बार वियतनाम का दौरा किया है। यह उनकी तीसरी यात्रा है और दिसंबर 2023 में उनकी पिछली यात्रा के ठीक एक साल बाद हो रही है।

अंतरराराष्ट्रीय संकट समूह में हुआंग ले-थु ने कहा कि यात्रा का समय एक मजबूत राजनीतिक संदेश भेजता है कि दक्षिण पूर्व एशिया चीन के लिए महत्वपूर्ण है। ट्रंप के टैरिफ से दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र भी चिंतित हैं कि अगर टैरिफ लागू किए गए तो उनके विकास को जटिल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि शी की यात्रा यह दिखाने के लिए है कि चीन किस तरह से दबावपूर्ण और स्वार्थी अमेरिका के विपरीत है। इस संकट के समय में चीन किस तरह का नेतृत्व और पहल करने जा रहा है।

वियतनाम को अमेरिका और चीन के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने का पुराना अनुभव है। यह चीन की तरह एक कम्युनिस्ट, एक-पक्षीय प्रणाली के तहत चलता है, लेकिन अमेरिका के साथ इसके मजबूत संबंध रहे हैं। 2023 में यह एकमात्र ऐसा देश था जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के शी जिनपिंग दोनों का स्वागत किया था। वहीं चीन वियतनाम का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024 में चीन-वियतनाम व्यापार में साल-दर-साल 14.6% की वृद्धि हुई। मौजूदा व्यापार युद्ध के बाद वियतनाम के सामने संकट है। वियतनाम के बाद शी जिनपिंग के मलयेशिया और कंबोडिया जाने की उम्मीद है।

## यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त : अजय राय

**प्रयागराज।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को करछना इलाके के इसौटा लोहंगपुर गांव में पहुंचे। एक दिन पहले जलाकर मारे गए दलित युवक देवीशंकर के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें सांत्वना दी। कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव उनके साथ खड़ी है और परिजनों को न्याय दिलाकर ही दम लेगी। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अजय राय ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती के एक दिन पहले करछना में दलित युवक को जलाकर मार डाला गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जंगलराज कायम है। कुछ दिन पहले वाराणसी में शर्मनाक घटना हुई। एक युवती से 23 लोगों ने बलात्कार किया। कासगंज में भाजपा के प्रमुख नेता समेत आठ लोगों ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि यूपी में कानून व्यस्था नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने दलित युवक की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश सरकार से 50 लाख रुपये मुआवजा, आवास समेत अन्य सुविधाएं देने की मांग की। कहा कि आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। इस मौके पर कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, विवेकानंद पाठक, संजय तिवारी, दिनेश सोनी, विनय कृष्ण पांडे, जितेंद्र तिवारी, नागेश पांडे, गौरव पांडे, राकेश पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सेवानिवृत शिक्षकों से प्रेरणा ले नौजवान शिक्षक: अरविंद शुक्ला



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** विकासखंड सिकरारा के प्राथमिक विद्यालय बिशनपुर के प्रांगण में 31 मार्च 2025 को सेवा निवृत हुए कुल 6 शिक्षकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में विकासखंड के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भाग लिया ।इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने उपस्थित शिक्षकों से आह्वान किया कि ,हमें विभाग से सेवानिवृत हो रहे गुरु जानो से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है ।तथा उनसे यह सीख लेना है कि किस प्रकार निष्कलंक ढंग से शासन की योजनाओं को मूर्त रूप देते हुए ,बेसिक शिक्षा विभाग को निरंतर प्रगति के पद पर ले जाया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक श्री राजेंद्र प्रसाद यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्वान शिक्षक लाल साहब यादव और यूटा के जिला अध्यक्ष श्री हेमंत सिंह रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में बौद्ध सत्य डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की व उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए संविधान की सुरक्षा व देश की प्रगति में अपने योगदान को देने के लिए कृत संकल्पित हुआ गया। इस अवसर पर विकासखंड सिकरारा के क्षेत्रीय इकाई के अध्यक्ष धीरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और पदाधिकारियो ने संबोधित किया। कार्यक्रम को जिला मंत्री रविचंद्र यादव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरद यादव, मंत्री ओंकार पाल, संगठन मंत्री डॉ कृपानिधि ,संजय रजक जिला कोषाध्यक्ष रामदुलार यादव, जिला संगठन के विभिन्न पदाधिकारी विक्रम प्रकाश, लक्ष्मीकांत सिंह ने भी संबोधित किया। शिक्षकों के लिए प्रेरण वह सम्मान में गीत आशीष यादव, इंद्रजीत चौधरी, रमेश चंद्र और कविता पाठ का कार्य अरुण यादव अध्यक्ष प्रस्तुत किया। सबसे पहले सेवानिवृत हुएशिक्षकों को माल्यार्पण किया गया व अंगवस्त्रम ,स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर विनोद पाल, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, रामचंद्र, विमल राजकुमार रविंद्र ,अच्छे लाल अनिल प्रताप, रंजय कनौजिया, विजय कनौजिया, शिव शंकर, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार ,विनोद, राहुल, चंद्रशेखर, बालेंद्र यादव, दिनेश, डॉक्टर दिनेश, शैलेंद्र कुमार, ब्रह्मशील, श्रवण कुमार ,संदीप कुमार ,मोना देवी, सुमन यादव सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ विकासखंड सिकरारा के अध्यक्ष धीरेंद्र यादव व मंत्री ओंकारपाल ने संयुक्त रूप से किया।

## चोरी गये सामान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना अहरौला पूर्व की घटना का विवरण 07 अप्रैलको आवेदक अमित राजभर पुत्र रामसूरत राजभर निवासी ग्राम मक्खापुर पो0 माहुल थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ ने थाना अहरौला पर लिखित तहरीर दिया गया कि 25 फरवरी की रात्रि में ग्राम सभा रसूलपुर में मेरे ट्यूबल में लगा 02 मोटर अज्ञात चोरो द्वारा खोल कर चुरा लिया गया काफी तलाश किया परन्तु अब तक कुछ पता नही चल पाया है। आवेदक की तहरीर के आधार पर थाना अहरौला पर मु0अ0सं0 141/ 2025 धारा 303(2) बी0एन0 एस0 बनाम 1. अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना उ0नि0 सुधीर कुमार सिंह के सुपुर्द हुयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) की बढोत्तरी की गयी। उ0नि0 सुधीर कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 1.श्रीकान्त पुत्र प्रसाद निवासी रसूलपुर थाना अहरौला आजमगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष, 2. आदर्श पुत्र रामधनी निवासी रसूलपुर थाना अहरौला आजमगढ़ उम्र करीब 23 वर्ष को चोरी गये 2 ट्यूबेल मोटर के साथ गौसपुर मोड़ के बगल में बने हुए मदरसा मदरसतुल इस्लाम के पास अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

# मानवता के इस प्रकाशपुन्ज को हम आज सभी नमन करते हैं: डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी जयंती को 14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के टैगलाइन के अर्न्तगत उत्सव के रूप में मनाया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज बाबा साहब के जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर, पुष्प अर्पित कर तथा द्वीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर संतवीर सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प आर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब ने मानव कल्याण, सामाजिक समरसता, महिला उत्थान को संविधान में विशेष स्थान दिलाया। अपने प्रारंभिक जीवन में विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट शिखर पर पहुचंकर एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया तथा शिक्षा के महत्व को बताया। स्वतन्त्रता आन्दोलन के दौरान भारत की एकता, अखंडता सुनिश्चित करने हेतु स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में उर्जा भरने के साथ ही ऐसे वर्ग का प्रतिनिधित्व किया जो समाज की मुख्यधारा से वंचित था। उन्होने ऐसे सभी वर्ग के लोगों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ा। संविधान रचयिता के रूप में मौलिक अधिकारो, महिला अधिकारों सहित विभिन्न कर्तव्यों, दायित्वों का बोध कराया। मानवता के इस प्रकाशपुन्ज को हम आज सभी नमन करते है। उन्होने कहा कि हमे बाबा साहब के जीवन दर्शन को आत्मसात करना चाहिए। हमारा संविधान ही हमारा स्वाभिमान है। हमारा दायित्व है कि हम संविधान में प्रदत्त शक्तियों के माध्यम से अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ विजय प्रताप सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार सहित अन्य अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार विकास भवन, समस्त ग्राम पंचायतों, नगरनिकाय और विकासखण्डों में भी बाबा साहब के प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण कर उनको स्मरण किया गया।

# बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय समानता का मार्ग दिखाया: कुलपति

- प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन कराया गया
- पीयू में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। विश्वविद्यालय परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार बताते हुए उन्हें देश का महानायक कहा। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि, ÷डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। आज का दिन हमें उनके संघर्ष, विचार और योगदान को याद करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर देता है।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि, बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव रखी। आज हमें उनके सपनों के भारत के निर्माण हेतु सतत प्रयास करते रहना होगा। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि उपस्थित सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया। इस आयोजन ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव थीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से प्रो. बीडी शर्मा, प्रो.प्रमोद कुमार यादव, प्रो. राजकुमार, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो मिथिलेश सिंह,? एन एस एस समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव, डॉ प्रमोद यादव, डॉ. रसिकेश. डॉ नितेश जायसवाल, डॉ दिनेश सिंह, राज नारायण सिंह, डॉ. स्वतंत्र कुमार, जय सिंह, सनी भारती, हरिशंकर सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।

# सरकार की योजनाओं से कोई दिव्यांगजन वंचित न रहे : दिव्या शुक्ला

- विकासखंड रामपुर में ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगजनों के खिले चेहरे

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** विकासखंड रामपुर के सभागार में सोमवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस एवं हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के उपलक्ष में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से विकासखंड परिसर में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल सहित अन्य उपकरण वितरित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राहुल सिंह (ब्लॉक प्रमुख रामपुर ) एवं अभिनव सरोज (खंड विकास अधिकारी) के नेतृत्व में सभी दिव्यांगजनों को उपकरण दिए गए अभिनव सरोज (खंड विकास अधिकारी) द्वारा बाबा साहब के संघर्षों एवं देश के प्रति उनके योगदान के बारे में बताया और कहा कि उनके द्वारा किए गए जीवन संघर्ष सदैव हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे तथा कोई भी दिव्यांगजन किसी भी प्रकार से सरकार की चल रही योजनाओं से वंचित न रहे, दिव्या शुक्ला (दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी) ने कहा कि बाबा साहब के संघर्ष से सदैव हमें सीख मिलती रहेगी

तथा समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी दिव्यांगजन का पेंशन अगर नहीं बना हो तो रजिस्ट्रेशन करा लें उपकरण के लिए भी रजिस्ट्रेशन करा लें दिव्यांगजन शादी अनुदान हेतु प्रोत्साहन राशि भी दी जाती हैं जो सीधे लाभार्थी के खाते में जाता है तथा सरकार की योजना से कोई भी दिव्यांगजन वंचित न रहे इस अवसर पर विकासखंड से आए तमाम दिव्यांगजन ट्राइसाइकिल पाकर उनके चेहरे खिल उठे इस अवसर पर अश्वनी कुमार रंजन (सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण) अरुण कुमार यादव,( सहायक विकास अधिकारी आईएसबी), विपुल सिंह , पंकज सिंह ,अरुण सिंह, सनी सिंह ,संतोष सिंह, मनोज कुमार ( प्रधान सेमुही),विनोद कुमार, शुभम मौर्या ,उमाशंकर (वरिष्ठ सहायक) ,सचिव आकाश कुमार यादव, अभय कुमार सरोज, चंद्रेश कुमार ,दीपक कुमार सरोज, राजकुमार सरोज ,विजय द्विवेदी, राम बहादुर, सत्येंद्र कुमार ,अल्का वर्मा राणा कौशिक, धर्मेंद्र कुमार ,जितेंद्र कुमार पटेल ,मकसूद आलम, संजय कुमार पटेल, सोनू सिंह, सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश गुप्ता (प्रदेश कोषाध्यक्ष कृषि विभाग) द्वारा किया गया।

# कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष रियाजुल हसन को शहर अध्यक्ष बनने पर आज कांग्रेसियों में भारी जोश एवं उत्साह दिखाई दिया। कांग्रेस का काफिला जब हर्रा की चुंगी पर पहुंचता तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर अध्यक्ष रेयाजुल हसन का कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ताओं ने उनका बहुत ही गर्म जोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। उसके बाद काफिला रहमत नगर होते हुए। टेढिया मस्जिद, कोट, दलाल घाट, एलवल होते हुए गांधी तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट नगर पालिका स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर पहुंचा। जहां पर कांग्रेसियों ने शहर अध्यक्ष रियाजुल हसन का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम की अध्यक्षता में नवनियुक्त शहर अध्यक्ष रियाजुल हसन का पदभार और स्वागत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस दौरान पार्टी के वरिष्ठजनों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त शहर अध्यक्ष को फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे सभी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष को आशीर्वाद देते हुए कदम से कदम मिलाकर पार्टी की नीतियों और संगठन निर्माण मे साथ चलने का अश्वासन दिया वहीं शहर अध्यक्ष रेयाजुल हसन ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा की पार्टी की नीतियों को जमीन पर उतार कर जन जन मे पहुंचाने का कार्य करूंगा पार्टी संगठन का दिन रात मेहनत कर जल्द से जल्द खड़ा कर आगामी चुनाव की तैयारियां शुरू की जायेगी क्योंकि इस अलोकतांत्रिक और जनता विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य किया जायेगा। वही मोहम्मद नजम शमीम पूर्व शहर अध्यक्ष ने नवनियुक्त शहर अध्यक्ष को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाए दी और संगठन निर्माण मे पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष तेजबहादुर यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुन्नू यादव, शाहिद खान,रामगनेश प्रजापति, बालचन्द राम, नदीम खान, गोविन्द शर्मा, रमेश राजभर, विपिन पाठक, मिर्जा शानेआलम बेग, शीला भारती, ओमप्रकाश यादव, संतोष सिंह, हरिओम उपाध्याय, मन्त्राज यादव, गिरीश चतुर्वेदी, जमील अहमद, जगदंबिका चतुर्वेदी, मोहम्मद आमिर, अरविंद पाण्डेय, अमर बहादुर यादव, राफे़ सोहराब, जयराम, मो. फैज, शेख मों.साबिर, मिर्जा बरकत उल्लाह बेग, रामप्यारे यादव, संदीप कपूर, बेलाल अहमद बेग, अबसार अहमद, शंभू शास्त्री, सीमा भारती, प्रेमा चौहान, मीना देवी, किरन कुमारी, जफर अखूतर, अकमल, नगीना मौर्य, मूलचंद चौहान, मुरारी राय, मुन्नू मौर्य, मो अफजल, जितेन्द्र कुमार, प्रमोद यादव, प्रदीप यादव, कन्हैय्या राव, ओमप्रकाश सरोज, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सछास ने केक काटकर मनाया बाबा साहब का जन्मदिन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय में समाजवादी छात्र सभा से जुड़े छात्रों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को माल्यार्पण करने के बाद केक काटकर धूमधाम से जयंती मनाई गई। सैकड़ो छात्रों ने बाबा साहब के जयंती पर भव्य कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने कहा आइए 'सामाजिक न्याय के राज' की स्थापना के लिए अपने 'स्वाभिमान-स्वमान' की अनुभूति को और सुदृढ़ करके, एकजुट होकर बाबासाहेब की देन व धरोहर 'संविधान और आरक्षण' बचाने के पीडीए के आंदोलन को नई ताक़त प्रदान करें व दोहराएँ कि 'संविधान ही संजीवनी' है और 'संविधान ही ढाल है' और ये भी कि जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा, तब तक हम सबका मान- सम्मान-स्वाभिमान और अधिकार सुरक्षित रहेगा।

## यूपी चैलेंजर ट्रॉफी टी-20 पर यूपी ईस्ट एकादश का कब्ज़ा

**प्रयागराज।** रामा मिश्रा यूपी चैलेंजर ट्रॉफी टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में यूपी ईस्ट-एकादश ने यूपी नॉर्थ-एकादश को 6 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमा लिया। कानपुर के डीएवी मैदान पर रविवार रात हुए फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए यूपी नॉर्थ-एकादश ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। टीम के लिए माजिद हसन खान ने तेज़तर्रार 69 रन और रवि चावला ने 59 रन की पारी खेली।

गेंदबाज़ी में यूपी ईस्ट-एकादश की ओर से उदय प्रताप सिंह सबसे सफल गेंदबाज़ रहे। उन्होंने 3 विकेट मात्र 39 रन देकर झटके। आशीष यादव और शिवाकांत को एक-एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी ईस्ट की शुरुआत सधी हुई रही। टीम ने 19 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# दलित युवक की हत्या के बाद बवाल, हत्यारोपियों के घर तोड़-फोड़

- सांसद और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ियां घेरीं

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** करछना क्षेत्र में 12 अप्रैल को एक 35 साल के युवक की हत्या कर उसे जिंदा जला दिया। बताया जा रहा है कि युवक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने गेहूं काटने से मना किया था। 13 अप्रैल की सुबह उसकी अधजली लाश मिलने के बाद घर वाले आक्रोशित हो गए थे। उन्होंने न सिर्फ हत्यारोपियों के घर पर तोड़-फोड़ की थी, बल्कि पोस्टमॉर्टम के लिए पुलिस को 2 घंटे तक लाश भी नहीं उठाने दी थी। घर वालों में इतना गुस्सा है कि अभी तक युवक का अंतिम संस्कार नहीं किया है। वे लोग बॉडी को रोड पर रख कर हंगामा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि आरोपियों के घर बुलडोजर चले।

सोमवार को पीड़ित परिवार से मिलने सपा सांसद उज्जवल रमण सिंह और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। गुस्साए गांव वालों ने



उनकी गाड़ियों को भी रोक लिया। हनुमान पर मोरी रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस और सांसद गांव के लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि इसौटा गांव में रहने वाले दलित अशोक कुमार का 35 साल का बेटा देवी शंकर मजदूरी करता था। उसके 3 बच्चे हैं। एक बेटी काजल और दो बेटे सूरज, आकाश हैं। पत्नी की मौत हो चुकी है। वह मां-बाप का अकेला बेटा था।

12 अप्रैल को देवी शंकर को कुछ लोग गेहूं काटने के लिए लेकर गए थे। जब उसने गेहूं काटन से मना किया, आरोपियों ने दलित युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया। जिंदा ही दफनाने की तैयारी की, गड्ढा भी खोद लिया था। लेकिन, फिर हमलावरों ने प्लान बदल दिया। देवी शंकर को जलाने के लिए पुआल इकट्ठा करके आग लगा दी। यह वाकया 13 अप्रैल की सुबह 6 बजे का है।

तभी खेतों की तरफ गांव केए लोगों को आता हुआ देखकर आरोपी भाग निकले। दलित युवक की अधजली लाश मिलने के बाद हंगामा शुरू हो गया। पिता ने पुलिस को बयान दिए कि गांव के छुट्टन सिंह समेत 7 लोगों मिलकर मेरे बेटे को इसलिए मार डाला, क्योंकि वह गेहूं काटने नहीं जा रहा था। यह पूरा मामला यमुनापार के करछना इलाके का है।

इन्हें कराया नामजद- पुलिस अफसरों के अनुसार पिता की तहरीर पर दिलीप सिंह, अजय सिंह, विनय सिंह, मनोज सिंह, सोनू सिंह उर्फ संजय, शेखर सिंह, मोहित व अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पिता ने हत्या करने का आरोप लगाया है, लेकिन कोई वजह नहीं बताई है। उनका कहना है कि आरोपी दिलीप ही उसे बुलाकर ले गया था।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ।**
**निकट-विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ।**

पत्रांक :-043/ग्रा0अ0वि0/निविदा/लखनऊ/2025-26 दिनांक- 05.04.2025
E_mail:-seredlucknow@gmail.com

**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी एवं सी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख रु. में) (जी.एस.टी. रहित) | बिड सिक्योरिटी (लाख रु. में) | जी.एस.टी.सहित बिड डाक्यूमेंट का मूल्य (रु. में) | वर्षा ऋतु सहित कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | आदर्श विहार में सी0सी0 रोड से नाले तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 33.97 | 0.68 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | लखनऊ | जानकी विहार कालोनी में श्री शिव जनरल स्टोर से श्री संजय कक्कड़ के घर से होते हुए राममनी पाण्डेय के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 34.57 | 0.69 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | लखनऊ | श्रीवास्तव जी के घर से एस.सी. त्यागी के घर से श्री पाल जी एवं गोकरन सरोज के घर तक इण्टरलाकिंग। | 35.44 | 0.71 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | लखनऊ | विकास नगर लोहिया नगर के सेक्टर-6 में रानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पीछे स्थित पार्क के आसपास सड़क/नाली एवं पटरी का कार्य। | 36.41 | 0.73 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | लखनऊ | सीता विहार कालोनी में श्री संदीप गुप्ता के मकान से रेखा सिंह के मकान के सामने हेमेन्द्र जी के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 36.48 | 0.73 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | लखनऊ | मोहल्ला हसनगंज बावली में श्री बृजेश निगम के मकान से शंकर भगवान मंदिर शिवाला होते हुए अवस्थी जी के मकान तक सड़क का निर्माण। | 37.28 | 0.75 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | लखनऊ | इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड न0-43 में गार्सिया स्प्रिंग मोहल्ले में श्री अनूप त्रिपाठी के मकान से सिटी लॉ कालेज तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 38.17 | 0.76 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | लखनऊ | कल्याण सिंह वार्ड में जनता बिहार कालोनी में मेन रोड से सत्येन्द्र मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 38.99 | 0.78 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | लखनऊ | शंकरपुरवा वार्ड-2 अन्तर्गत कन्हैया कल्याणपुर मोहल्ले में आनन्ददेश्वर महादेव मन्दिर से सिद्धेश्वर मन्दिर के सामने से कुलदीप राय जी आवास को जोड़ते हुए मुख्य रोड तक इण्टर लाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 41.89 | 0.84 | 5000.00 | 03 माह |
| 10 | लखनऊ | हैदरगंज द्वितीय में कश्मीरी बाग में दुर्गेश शर्मा वाली गली सी.सी. व नाली का कार्य। | 42.66 | 0.85 | 5000.00 | 03 माह |
| 11 | लखनऊ | सआदतगजं वार्ड के कनक सिटी में श्री सुरेन्द्रपाल वर्मा जी के घर से विमला जी से होते हुए जगन्नाथ जी के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 43.53 | 0.87 | 5000.00 | 03 माह |
| 12 | लखनऊ | लोहियानगर वार्ड स्थित लेखराज मार्केट से आभा दलेला की क्लीनिक तक रोड साइड पटरियों पर इण्टरलाकिंग टाइल्स एवं नाली का सुधार कार्य। | 43.68 | 0.87 | 5000.00 | 03 माह |
| 13 | लखनऊ | जानकीपुरम सेक्टर-एफ में इंजीनियरिंग कालेज चौराहे से गौशाला रोड सेक्टर-एफ जानकीपुरम शिव मंदिर तक सड़क के दोनो तरफ साईड पटरी में इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 53.60 | 1.07 | 5000.00 | 03 माह |
| 14 | लखनऊ | वार्ड तृतीय में नहर रोड से चौधरीपुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 62.07 | 1.24 | 5000.00 | 03 माह |
| 15 | लखनऊ | सआदतगंज वार्ड में शेखपुर में भुंइयन देवी मंदिर के सामने से वाया हनुमान जी के मन्दिर के मुख्य मार्ग होते हुए कुसुम कुंज से लालू चौरसियां के घर तक एंव आन्तरिक गलियों का निर्माण कार्य। | 70.87 | 1.42 | 5000.00 | 03 माह |
| 16 | लखनऊ | पूर्वी विधानसभा के बजरंग विहार कालोनी सिटी क्लब के पीछे डी.आई.टी. सेन्टर से जीवनधारा इण्टर कालेज तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण (1.046 किमी0) कार्य। | 74.66 | 1.49 | 5000.00 | 03 माह |
| 17 | लखनऊ | पूर्वी विधानसभा के शंकरपुरवा वार्ड तृतीय में रिंग रोड साकेत विहार की ढलान मुख्य रोड से दानिश के आवास से होते हुए अपना पी.सीपन्तनगर तक तथा साकेत इण्टर कालेज स्व0 श्रीनेत्र पाण्डेय के आवास के पीछे तक इण्टरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 75.99 | 1.52 | 5000.00 | 03 माह |
| 18 | लखनऊ | सआदतगंज वार्ड में मोहल्ला जयराम नगर में संतोष गुप्ता से राम कुमार अवस्थी से होते हुए हिमांशु जी के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 77.45 | 1.55 | 5000.00 | 03 माह |
| 19 | लखनऊ | झण्डे वाले तिराहे से सीवर टेंक तक तथा उसके आगे महाराजा ज्वैलर्स तक उसके आगे गौशला राडे वृन्दावन विहार कालोनी गेट न0-5 तक निर्माण कार्य। | 82.42 | 1.65 | 5000.00 | 03 माह |
| 20 | लखनऊ | इन्दिरा प्रियदर्शिनी में स्वरूप विहार एवं चेतना विहार की सड़कों व नाली का निर्माण कार्य। | 145.71 | 2.91 | 5000.00 | 03 माह |
| 21 | लखनऊ | लोहिया नगर वार्ड स्थित मामा चौराहे से लेकर विकास अपार्टमेन्ट तक दोनो साइड पटरी पर इण्टरलाकिंग टाइल्स एवं नाली का कार्य। | 155.12 | 3.10 | 5000.00 | 03 माह |
| 22 | लखनऊ | मानस सिटी सी, बी ब्लाक में सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 207.64 | 4.15 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 16.04.25 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः- 16.04.25 को दोपहर 12.00 बजे से।
4. प्रि-बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः- 30.04.25 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः- 16.04.25 .को अपरान्ह 12:30 बजे से।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समयः- 06.05.25 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- . 06.05.25 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी षपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन-लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती हैकि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल-लखनऊ।
श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से।

UPID-232250 Dated-11-04-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# केएलएच डिम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने जीएनएसएस-आर तकनीक पर वैश्विक मंच का सफल आयोजन किया



**नई दिल्ली।** केएलएच डिम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, हैदराबाद ने अपने अज़ीज़ नगर कैंपस में ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम रिफ्लेक्टोमेट्री (जीएनएसएस-आर)÷ विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीएनएसएस रिफ्लेक्टोमेट्री जैसी उन्नत सैटेलाइट तकनीक की बारीकियों से छात्रों, शोधकर्ताओं और प्रोफेशनल्स को अवगत कराना था। यह कार्यशाला आईईईई जियोसाइंस एंड रिमोट सेंसिंग सोसाइटी (जीआरएसएस), आईईईई इंस्ट्रूमेंटेशन फ्यूचर टेक्नोलॉजीएस (आईएफटी) प्रोफेशनल एक्टिविटीज और केएलएच के आईईईई स्टूडेंट ब्राच के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई।कार्यशाला में जीएनएसएस-आर तकनीक के सिद्धांत, अनुप्रयोग और अनुसंधान पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए। यह तकनीक जलवायु परिवर्तन, कृषि, मिट्टी में नमी की निगरानी, जलविज्ञान और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विभिन पहलुओं पर चर्चा की गई।इस वैश्विक मंच पर कई देशों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल हुए। इनमें अमेरिका की पर्ड्यू यूनिवर्सिटी से डॉ. जेम्स एल. गैरीसन, नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी और गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर से डॉ. रश्मि शाह और डॉ. रजत बिंदलिश, ब्राज़ील की फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ रियो ग्रांडे डो सुल से डॉ. फेलिपे जी. निएविंस्की, नासा ईएसटीडी से डॉ. सचिदानंद बाबू, आईआईटी बॉम्बे से प्रो. अविक भट्टाचार्य और इसरो के स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (एसएसी) से डॉ. धर्मेंद्र पांडेय शामिल थे। इन सभी विशेषज्ञों ने जीएनएसएस-आर तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार साझा किए और प्रतिभागियों को अत्याधुनिक अनुसंधान व व्यावहारिक ज्ञान से लाभान्वित किया। कार्यक्रम को केएल डिम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के वाइस प्रेसिडेंट, इंजी. कोनेरू लक्ष्मण हविश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा, ÷यह कार्यशाला विश्वस्तरीय विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर तकनीकी ज्ञान, नवाचार और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। हमारा प्रयास सदैव ही हमारे विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच और व्यावहारिक अनुसंधान के लिए प्रेरित करते रहना है इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों– तेलंगाना, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र–के साथ-साथ श्रीलंका से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी देश के 25 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों और विभिन्न अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनों से जुड़े रहे।कार्यशाला का संचालन प्रो. मौसमी अजय चौरसिया के नेतृत्व में और प्रिंसिपल डॉ. ए. रामकृष्ण के मार्गदर्शन में किया गया।

# राधाः महानायिका ने लखनऊ में संस्कृति एवं धरोहर को बढ़ावा दिया



**लखनऊ।** शनिवार शाम गोमती नगर स्थित इंटरनेशनल बौध शोध संस्थान में एक अनूठे शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन ''राधाः महानायिका'' का आयोजन किया गया। हाउस ऑफ डूबी द्वारा मधुरम (शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत केन्द्र) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन तीन विषयों पर आधारित था- शास्त्रीय नृत्य, भारतीय संस्कृति एवं धरोहर तथा समग्र कल्याण प्रोडक्शन का नेतृत्व क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट एवं कथक कलाकार आस्था शर्मा ने किया। इस परफॉर्मेंस के माध्यम से उन्होंने राधा को शक्त परम्परा में निहित भावनात्मक प्रत्यास्थता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। ''यह एक नृत्य प्रदर्शन से कहीं बढ़कर था- इसने दर्शाया कि किस तरह शास्त्रीय कला हमें भावनात्मक अनुभव को समझने और इन पर काम करने में सक्षम बना सकती है, तथा हमें विकसित होने और ठीक होने का अवसर प्रदान करती है। शर्मा ने कहा। इस कार्यक्रम ने दर्शाया कि किस तरह से शास्त्रीय कला, विशेष रूप से कथक का उपयोग न सिर्फ व्यक्तिगत सुधार बल्कि बड़े पैमाने पर सामाजिक चिंतन के लिए भी किया जा सकता है-यह आज की भावनात्मक नागरिक चुनौतियों के साथ परम्परा को जोड़ने में कारगर है। राधा के पात्र के माध्यम से इस प्रोडक्शन ने सनातन धर्म में निहित कर्म के मूल्यों पर रोशनी डाली, हाउस ऑफ डूबी के कोर मूल्यों एवं सामाजिक पुनर्रचना ढांचे के अनुरूप आज के दर्शकों के लिए मुख्य रूप से दयालुता, परोपकारिता, धार्मिकता, विचारशीलता और प्रमाणिकता के महत्व पर ज़ोर दिया। दूरदर्शन-ग्रेडेड कलाकार कुमार कांत लहरी का परफोर्मेन्स कार्यक्रम का आकर्षण केन्द्र बन गया, जिन्होंने कथक एवं हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दो दशकों से अधिक अनुभव के साथ लहरी को ताल एवं रस की विशेष समझ के लिए जाना जाता है, जो अपनी परफोर्मेन्स की शब्दावली में गहराई लेकर आते हैं। भावपूर्ण स्टोरीटैलिंग के साथ तकनीकी महारत को शामिल करने की क्षमता के साथ उन्होंने इस शाम को असाधारण बना दिया।

## सैमसंग 17 अप्रैल को लॉन्च करेगा Galaxy M56 5G - सेगमेंट का सबसे स्लिम स्मार्टफोन

**गुरुग्राम।** सैमसंग अपने सेगमेंट के सबसे स्लिम स्मार्टफोन Galaxy M56 5G को भारत में 17 अप्रैल को लॉन्च करने जा रहा है। Galaxy M56 5G महज 7.2mm पतला होगा और इसके सामने और पीछे दोनों ओर Corning® Gorilla® Glass Victus® की सुरक्षा मिलेगी, जिससे यह न सिर्फ बेहद मजबूत होगा बल्कि इसका लुक भी बेहद स्टाइलिश रहेगा। ग्लास बैक और मेटल कैमरा डेको के साथ यह फोन Galaxy M सीरीज़ में एक नया प्रीमियम डिज़ाइन लेकर आएगा।

यह स्मार्टफोन 50MP OIS ट्रिपल रियर कैमरा से लैस होगा, जो कम रोशनी में भी शानदार फोटो और वीडियो कैप्चर करने में सक्षम है। इसमें एडवांस AI एडिटिंग टूल्स भी होंगे, जो हर तस्वीर को सोशल मीडिया के लिए परफेक्ट बना देंगे। इसके साथ ही, इसमें 12MP HDR फ्रंट कैमरा भी दिया जाएगा, जो बेहतर और जीवंत सेल्फी क्लिक करने की सुविधा देगा।

Galaxy M56 5G में यूज़र्स 10-बिट HDR में 4K 30FPS वीडियो रिकॉर्ड कर सकेंगे, जिससे हर रंग और डिटेल्स ज़िंदगी जैसी नजर आएंगी। इसके अलावा, यह स्मार्टफोन Galaxy M सीरीज़ का अब तक का सबसे ब्राइट sAMOLED+ डिस्प्ले भी पेश करेगा।

## सैमसंग गैलेक्सी टैब S10FE सीरीज़ की इंट्रोडक्टरी ऑफर्स के साथ भारत में बिक्री शुरू

गुरुग्राम। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपनी नई गैलेक्सी टैबलेट S10FE सीरीज़ की बिक्री की घोषणा की। नए टैबलेट से सैमसंग के FE टैबलेट पर पहली बार गैलेक्सी AI को लाया गया है। यह प्रीमियम टैबलेट डिज़ाइन के साथ गैलेक्सी इकोसिस्टम में प्रवेश का एक अवसर प्रदान करते हैं।

**शानदार डिस्प्ले**

गैलेक्सी टैब S सीरीज़ की हेरिटेज डिज़ाइन को पतले बेज़ल्स के साथ जोड़ा गया है। गैलेक्सी टैब S10 FE+ में 13.1-इंच का डिस्प्ले एक शानदार मनोरंजन प्रदान करता है, इसकी स्क्रीन अपने पहले के टैबलेट की तुलना में लगभग 12% बड़ी है। 90H5 रिफ्रेश रेट से विज़ुअल्स बेहद स्मूद हैं और हाई ब्राइटनेस मोड में विजिबिलिटी का 800 निट्स तक का नया स्तर दिया गया है। गैलेक्सी टैब S10 FE सीरीज़ पर वीडियो देखने और गेमिंग के दौरान व्यूइंग का बेहतरीन अनुभव मिलता है। विज़न बूस्टर के ऑटोमैटिक एडजस्टमेंट लगातार बदलते बाहरी वातावरण में भी ब्राइटनेस एवं विजिबिलिटी को बढ़ाते हैं।

**बेहतरीन परफॉर्मेंस और बहुपयोगी डिज़ाइन**

गैलेक्सी टैब S10 FE सीरीज़ काम या पढ़ाई के दौरान उत्पादकता को बढ़ाती है और बिना किसी रुकावट के तेज़, स्मूद गेमप्ले प्रदान करती है। परफॉर्मेंस में किए गए अपग्रेड से यूजर्स आसानी से कई ऐप्स के बीच स्विच कर सकते हैं, जिससे मल्टीटास्किंग में सुधार होता है। कक्षा या वर्कप्लेस में रोज़मर्रा के पलों को कैप्चर करने के लिए, नया एडवांस्ड 13MP रियर कैमरा एकदम साफ एवं खूबसूरत तस्वीरें खींचता है।

गैलेक्सी टैब S10 FE अपने पहले के टैबलेट की तुलना में अब 4त्न से अधिक हल्का है, इसलिए इसे कहीं भी ले जाना और आसान है। गैलेक्सी S10 टैब FE सीरीज़ अपने पतले डिज़ाइन के साथ घर, कैंपस, कार्यस्थल और अन्य जगहों पर परेशानी मुक्त स्टोरेज और मोबिलिटी प्रदान करती है।

## सैमसंग मना रहा है बीस्पोक एआई फेस्टिवल के साथ भारत के वसंत उत्सवों का जश्न, स्मार्ट डिजिटल उपकरणों पर पाइये खास ऑफर्स

**गुरुग्राम।** भारत का सबसे भरोसेमंद कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग, इस वसंत ऋतु में नई शुरुआत का जश्न मना रहा है और साथ ही अपने अत्याधुनिक बीस्पोक एआई डिजिटल होम अप्लायंसेज़ पर शानदार ऑफर्स भी पेश कर रहा है। विषु, पुथांडु, बैसाखी, पोइला बैशाख और बिहू का जश्न मनाने के लिए, बीस्पोक एआई फेस्टिवल उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट होम में अपग्रेड करना न केवल आसान, बल्कि फायदेमंद और स्टाइलिश भी बना रहा है। 4 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक सीमित अवधि के इन ऑफ़र्स के साथ उपभोक्ता अपने घरों को अपग्रेड कर सकते हैं - वो भी स्मार्ट तकनीक, बिजली की बचत और शानदार वैल्यू के साथ। सैमसंग की एआई-पावर्ड रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और माइक्रोवेव की रेंज रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान बनाने और होम एक्सपीरियंस को बेहतर करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

**अफोर्डेबिलिटी ऑफर्स**

उपभोक्ता चुनिंदा डिजिटल उपकरणों पर 48% तक की छूट, 20,000 रूपये तक का कैशबैक, और जीरो डाउन पेमेंट जैसे आसान विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं।

**एक्सटेंडेड वारंटी ऑफर्स**

चुनिंदा फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों पर सैमसंग केयर+ के साथ 2 साल की एक एक्सटेंडेड कॉम्प्रीहेंसिव वारंटी दी जा रही है। खास ऑफर के तहत 4,290 रूपये की यह वारंटी सिर्फ 499 रूपये की विशेष कीमत में उपलब्ध है। इसके अलावा, ग्राहक एफडीआर और एसबीएस मॉडलों पर 449 रूपये और 500 लीटर से कम के फ्रॉस्ट फ्री मॉडलों पर 349 रूपये के खास मूल्य पर एक साल की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं।

## न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने लांच किया भारत का पहला कोडिंग यूजी ऐंट्रेंस ऐक्ज़ाम

**लखनऊ।** न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने कोडिंग और फंडामेंटल प्रोग्रामिंग स्किल्स कौशल पर केंद्रित भारत की पहली यूजी प्रवेश परीक्षा-कोडिंग ऐनसैट की घोषणा की है। पारंपरिक परीक्षाओं के विपरीत -जिनमें भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में गहन ज्ञान की आवश्यकता होती है- कोडिंग ऐनसैट व्यावहारिक कोडिंग क्षमताओं का मूल्यांकन करता है, जो न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए एक अनूठा वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है। रियल-वर्ल्ड प्रॉबलम को हल करने और प्रोग्रामिंग दक्षता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह कोडिंग ऐंट्रेंस पारंपरिक शैक्षणिक अंकों के बजाय कौशल और क्षमता के आधार पर मूल्यांकन करेगा जिससे विद्यार्थियों को अपने कौशल को और बढ़ाने का अवसर हासिल होगा।

इस घोषणा पर बोलते हुए न्यूटन स्कूल के सह-संस्थापक सिद्धार्थ माहेश्वरी ने कहा, ''एनएसटी में, हम कोडिंग के प्रति उत्साही लोगों की पहचान करते हैं, उन्हें इंडस्ट्री के मुताबिक कोडिंग पाठ्यक्रम के साथ पेशेवर शिक्षा और करियर के लिए एक तय रास्ता प्रदान करते हैं जो रियल-वर्ल्ड ऐप्लीकेशंस के अनुसार होता है। कोडिंग ऐनसैट नतीजों से चलने वाली शिक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। इसमें टैक इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण कौशल की परख की जाती है जैसे एल्गोरिद्म बनाना और कोड को डीबग करना। न्यूटन स्कूल का मानना है- शिक्षा को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को प्रतिबिंबित करना चाहिए, न कि पुराने अकादमिक फार्मुलों को और कोडिंग ऐनसैट न्यूटन स्कूल के इसी कॉन्सेप्ट का प्रमाण है।''

इच्छुक टेक्नोलॉजिस्ट और विद्यार्थी सोनीपत, पुणे व बैंगलोर के कैम्पस में न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। यूजी प्रवेश के लिए अपनी तरह की यह पहली प्रवेश परीक्षा व्यावहारिक प्रोग्रामिंग के उत्साही विद्यार्थियों के लिए एक इनोवेटिव राह प्रदान करती है, जो कॉन्सेप्ट्स को रटने की बजाय व्यावहारिक कौशल पर जोर देती है। इसे उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जिन्होंने पारंपरिक विषयों की तुलना में कोडिंग के लिए ज्यादा वक्त दिया है, यह पारंपरिक जेईई का एक विकल्प प्रदान करता है, जो छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और ज्यादा समावेशी तथा स्किल-ओरिऐंटेड तरीके से अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के काबिल बनाता है।

परीक्षा के पाठ्यक्रम में अंकगणित, इनपुट और आउटपुट, लैंग्वेज बेसिक्स, कोडिंग सिंटैक्स, बेसिक फंक्शन, इफ-ऐल्स स्टेटमेंट्स, लूप्स, अरे और स्ट्रिंग जैसे विषय शामिल होंगे। कुल 26 प्रश्नों को 2 खंडों में विभाजित किया गया है, यानी कोडिंग और एमसीक्यू, सवालों की टोटल वेटेज 150 अंक होंगे, जिसमें सीखने की क्षमता, स्यूडोकोडिंग और कोडिंग सेक्शन शामिल हैं। एमसीक्यू प्रश्न कुल 80 अंक के होंगे, जिसमें निगेटिव मार्किंग भी शामिल है और कोडिंग फॉरमेट में कुल 70 अंक होंगे। टेक्नोलॉजी और संबंधित क्षेत्रों में सभी कैरियर पथों के लिए समान अवसर प्रदान करने हेतु इसे तैयार किया गया है। यह कोडिंग ऐनसैट की तकनीकी प्रतिभा को बढ़ावा देने के न्यूटन के ध्येय के मुताबिक है।

न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी का मिशन है वास्तविक दुनिया की उपयोगिता के जरिए तकनीकी शिक्षा को नए मायने देना और कोडिंग ऐनसैट इसी दिशा में एक साहसिक कदम है। स्व-शिक्षित प्रोग्रामरों को मौके देना और उन्हें पुरस्कृत करना बेहद अहम है, वे अगली पीढ़ी के टैक् लीडरों के निर्माण के लिए एक मजबूत कोडिंग और टेक्नोलॉजी-केंद्रित माहौल के मामले में सबसे आगे रहे हैं।

ऐसे समय में जब पारंपरिक परीक्षाएं अभी भी रटने पर आधारित गणित को प्राथमिकता देती हैं, कोडिंग ऐनसैट उन लोगों के लिए भविष्य हेतु तैयार समावेशी रास्ते खोलता है जो समीकरणों के बजाय कोड में सोचते हैं। तकनीक में उच्च शिक्षा में क्रांति लाते हुए कोडिंग ऐनसैट भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक आदर्श बदलाव का संकेत देता है कि कैसे तकनीकी प्रतिभाओं की खोज की जा रही है और उनका पोषण किया जा रहा है।

# अरविंद लिमिटेड ने फीनिक्स पलासियो, लखनऊ में अपने पहले इन-मॉल द अरविंद स्टोर की शुरुआत की




**लखनऊ।** भारत की प्रमुख टेक्सटाइल और फैशन कंपनियों में से एक, अरविंद लिमिटेड ने फीनिक्स पलासियो, लखनऊ में अपने पहले इन-मॉल स्टोर की शुरुआत के साथ अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पायदान प्राप्त किया है। यह कदम, कंपनी की देशभर में अपने रणनीतिक विस्तार की योजना के तहत उठाया गया है, जिसका उद्देश्य भारत के प्रमुख प्रीमियम शॉपिंग डेस्टिनेशनों में अपने रिटेल नेटवर्क को सशक्त बनाना है।

फीनिक्स पलासियो में नया स्टोर विशेष रूप से चुने गए परिधानों और फैशन-फॉरवर्ड कलेक्शन की पेशकश करता है, जो कई प्रकार के ग्राहकों की जरूरत के अनुरूप बनाई गई है। खास ध्यान देकर डिजाइन किए गए इस स्टोर में अरविंद की नवाचार और उत्कृष्टता की विरासत साफ तौर पर झलकती है।

हम फीनिक्स पलासियो में अपना पहला इन-मॉल स्टोर खोलने को लेकर बेहद प्रसन्न हैं, जो लखनऊ का एक प्रमुख रिटेल हब है। यह स्टोर हमारे प्रीमियम फैशन ब्रांड्स को ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ बनाने और उन्हें एक बेहतर शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

फीनिक्स पलासियो, लखनऊ, उत्तर भारत के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित शॉपिंग मॉल्स में से एक है। इसकी भव्य वास्तुकला, विशाल रिटेल स्पेस और प्रीमियम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के चुनिंदा मिश्रण के साथ यह शॉपिंग के लिए एक प्रमुख लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन बन चुका है। मॉल में अत्याधुनिक एंटरटेनमेंट ज़ोन, परिष्कृत डाइनिंग के स्थान और एक बेहतरीन अनुभूति प्रदान करने के विकल्प भी मौजूद हैं, जिससे यह परिवारिक आउटिंग्स और लक्ज़री शॉपिंग के लिए एक पसंदीदा स्थान बन गया है। द अरविंद स्टोर विशेष रूप से एक रेडी-टू-वियर कलेक्शन पेश करता है जिसमें काम और छुट्टी दोनों के लिए तैयार की गई फैशन की विविध और बहुमुखी रेंज शामिल है। इसमें खास कार्यक्रमों के लिए तैयार किया गया एक खास कलेक्शन भी शामिल है। यह स्टोर ग्राहकों को कस्टम टेलरिंग समाधान भी प्रदान करेगा।

## बेंगलुरू मेट्रो को अपनाना प्रोत्साहित करने की नई पहल व्यवहार विज्ञान का उपयोग करती है

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल), बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (बीएमटीसी) और इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (ईएलसीआईए) ने टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन (टीएमएफ) और डब्ल्यूआरआई इंडिया के साथ मिलकर आज स्टैम्प नजिंग कम्प्यूटर बिहेवियर लॉन्च किया। यह एक अग्रणी पहल है जो यात्रियों को निजी वाहनों से सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने में व्यवहार विज्ञान और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाती है।

नम्मा मेट्रो येलो लाइन का 2025 में आगे चलकर शुरू होना निर्धारित है। इसके साथ, बेंगलुरु के सबसे बड़े रोजगार केंद्रों में से एक - इलेक्ट्रॉनिक सिटी शहर से बेहतर ढंग से जुड़ा होगा। यह विस्तार एक लाख से अधिक नौकरियों को मेट्रो नेटवर्क के करीब लाएगा, जो निजी परिवहन के लिए एक द्रुत और ज्यादा समय तक चलते रहने वाला विकल्प प्रदान करेगा। हाल ही में ईएलसीआईए और इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी इंडस्ट्रियल टाउनशिप अथॉरिटी (ईएलसीआईटीए) के सहयोग से लॉन्च की गई बीएमटीसी फीडर बसें, इलाके में पहले और अंतिम मील की कनेक्टिविटी प्रदान कर रही हैं। टीएमएफ और डब्ल्यूआरआई इंडिया के नेतृत्व वाला स्टेशन एक्सेस एंड मोबिलिटी प्रोग्राम (स्टैम्प या एसटीएएमपी) भारतीय शहरों में सार्वजनिक परिवहन लेने के लिए कनेक्टिविटी के अंतर को पाटने के लिए काम कर रहा है। इसके लिए अनुसंधान को इलेक्ट्रिक ऑटोरिक्शा से लेकर कारपूलिंग ऐप तक के अभिनव पायलट से जोड़ा जा रहा है। स्टैम्प को 2017 में बेंगलुरु में लॉन्च किया गया था। तब से यह छह शहरों हैदराबाद, कोच्चि, मुंबई, पुणे, नागपुर और दिल्ली में फैल चुका है। इससे 50,000 से ज़्यादा लास्ट-माइल मेट्रो ट्रिप संभव हो पाई है और यात्रियों के 240,000 मिनट बच पाए हैं। चार-चरण मॉडल का उपयोग करके, यह कमियों की पहचान करता है और प्रत्येक शहर की मेट्रो प्रणाली के आधार पर समाधानों को अनुकूलित करता है।

## मिआ बाए तनिष्क अक्षय तृतीया के लिए प्रस्तुत कर रहा है 'फिओरा' प्रकृति के खिलने से प्रेरित होकर बनाया नया कलेक्शन

तनिष्क परिवार के मिआ ने अक्षय तृतीया के लिए लॉन्च किया है 'फिओरा'। फिर से नया करने की उमंग और समृद्धि के सम्मान में बनाया गया %फिओरा - इन्स्पायर्ड बाय योर ब्लूम% कलेक्शन हर महिला के जीवन के सफर की प्रशंसा करता है, खुद को अभिव्यक्त करने के सार, नयी शुरूआत और बसंत ऋतु की ऊर्जा को दर्शाता है। बसंत ऋतु में खिलने वाले पहले अंकुर की तरह हर महिला अपने समय में खिल उठती है और 'फिओरा' कलेक्शन उनकी वृद्धि और परिवर्तन के सफर को प्रतिबिंबित करता है। 'फिओरा' कलेक्शन में नाजुक फ्लोरल मोटिफ्स को जीवंत साकार किया गया है, बसंत ऋतु की ताज़गी और हर महिला के व्यक्तिगत विकास के सार को दर्शाने वाले जटिल डिज़ाइन इसमें शामिल हैं। सोने की फिलाग्री पंखुड़ियाँ, सुंदर परतदार पैटर्न, और मदर-ऑफ-पर्ल और रोज़ क्वार्ट्ज जैसे हाथ से तराशे गए नक्काशीदार स्टोन मिलाकर ऐसे आभूषण बनाए गए हैं जो सोफिस्टिकेशन और व्यक्तित्व का जश्न मनाते हैं। आधुनिक महिला के लिए डिज़ाइन किया गया, 'फिओरा' उनके जीवन के सफर का प्रतिबिंब है, परंपराओं का सम्मान करते हुए उन्हें आधुनिक तरीकों से व्यक्त करता है। इस कलेक्शन में हर रचना के पीछे की सच्ची प्रेरणा आज की महिला है। 14 और 18 कैरेट सोने में बनाया गया, सर्टिफाइड प्राकृतिक हीरों से बना यह कलेक्शन ऐसे बहुमुखी आभूषण प्रस्तुत करता है जिन्हें हर दिन पहना जा सकता है या अपनी दिल के करीब व्यक्ति को सोच-समझकर दिए जाने वाले उपहार के रूप में भी यह बेहतरीन है। नए और अनोखे डिज़ाइन में इयरकफ, ब्रूचेस हैं जिन्हें आप पेंडेंट बनाकर भी पहन सकती है, वज़न में हलके इयररिंग्स, स्टैकेबल ब्रेसलेट्स, ट्रेंडी सुई-धागा और नाजुक रिंग्स भी इसमें हैं। 'फिओरा' कलेक्शन हर परिधान के अनुरूप है, हर दिन पहनना हो या त्यौहार पर, ये आभूषण आपको नयी शान प्रदान करते हैं।

कलेक्शन के बारे में, मिआ बाए तनिष्क की बिज़नेस हेड, सुश्री श्यामला रमणन ने कहा, ÷आपका खिल उठना है मिआ 'फिओरा' की प्रेरणा, प्रकृति, फूलों और फूलों की रजाई, सूरज की ओर बढ़ते तने और हवा के संग नाचती तितलियों के बीच पिरोई हुई प्रकृति की कविता है यह कलेक्शन। हर आभूषण उन्हें सम्मानित करता है जो प्रकृति की तरह, लचीलेपन और चमक के साथ विकसित होते हैं। इस अक्षय तृतीया पर, हम आपको मिआ 'फिओरा' के साथ अपने अनूठे ब्लूम की खुशियां मनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।÷

मिआ की सोच है कि परंपराएं समय के साथ विकसित होती हैं जबकि उनका सार बरकरार रहता है। 'फिओरा' इस भावना का प्रतिबिंब है, यह कलेक्शन ऐसे आभूषण पेश करता है जो रोज़मर्रा की व्यावहारिकता को कालातीत क्लास के साथ जोड़ते हैं।

## नाटक फंदी का मंचन गोमतीनगर लखनऊ में सफल रूप से किया गया



**लखनऊ।** शंकर शेष द्वारा लिखित व निशा बेगम द्वारा निर्देशित नाटक फंदी का मंचन आज दिनांक 14 अप्रैल 2025 को वाल्मीकि रंगशाला संगीत नाटक अकादमी परिसर गोमतीनगर लखनऊ में सफल रूप से किया गया। नाटक में यह बताया कि इस समाज और कानून के सामने यह सवाल खड़ा करता है कि कैंसर जैसे असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति को इच्छामृत्यु का अधिकार मिलना चाहिए। इस नाटक में केन्द्रीय भूमिका में फंदी जो कि एक कम्पनी में ट्रक चलाता है। उसे स्मलिंग करने के लिए कहा जाता है लेकिन फंदी मना कर देता है। जिसके कारण उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। इधर उसका बाप भगतराम कैंसर से पीड़ित होता है तथा असहनीय पीड़ा के कारण चीखता है चिल्लाता है वह अपने बेटे बहु से खुद को मार डालनेके लिए कहता है गिड़गिड़ता है। नौकरी चले जाने के कारण उसके बालबच्चे दाने-दाने के लिए मोहताज है। फंदी के बाप को केवल बेहोशी का इंजेक्शन लगाने से ही थोड़ी देर को आराम मिलता है लेकिन फंदी के पास वो भी पैसा नही होता है इसलिए वह अपने बाप को दर्द में तड़पते हुए नही देख पाता और उसका गला घोटकर मार देता है। उसे जेल हो जाती हैं। सरकार फंदी को सरकारी वकील मुहैया कराती है फंदी एक वकील का नाम चुनता है जिसका नाम भी भगतराम होता है। वकील भगतराम में आत्मविश्वास की बहुत कमी होती है जिसके कारण वह आज तक कोई केस नही जीत पाता है।

# लखनऊ में बीगॉस इलेक्ट्रिक स्कूटर्स का नया शोरूम खुला




लखनऊ के दुबग्गा में इलेक्ट्रिक स्कूटर की मशहूर कंपनी बीगॉस के एक और नए शोरूम की शुरुआत हो चुकी है। बीगॉस के नए डीलर के. एम. ऑटो सेल्स एंड सर्विस के इस भव्य शोरूम का उद्घाटन 14 अप्रैल 2025 को मुख्य अतिथि श्री कौशल किशोर जी (आवास एवं शहरी पूर्व राज्य मंत्री, भारत सरकार) द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान माननीय मंत्री जी ने के. एम. ऑटो सेल्स एंड सर्विस को बधाई देते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक स्कूटर के उपयोग की वृद्धि वातावरण को प्रदूषणमुक्त करेगी। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में मलिहाबाद से विधायक श्रीमती जय देवी, श्री संजय गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापर मंडल) और बीगॉस ऑटो प्राइवेट लिमिटेड से( हेड विक्टर) सिरोही जी, दीपक मक्कड़ जी, (नेटवर्किंग हेड)नितिन ठाकुर जी उपस्थित रहे।

के. एम. ऑटो सेल्स एंड सर्विस से श्री निलेश गुप्ता जी ने बताया कि उद्घाटन के दौरान छोटी पूंजी वाले ग्राहकों के लिए के. एम. ऑटो सेल्स एंड सर्विस ने विशेष ऑफर निकाला है द्य इस दौरान इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने वाले ग्राहकों को फ्री बीमा और रजिस्ट्रेशन के साथ एक्सटेंडेड वारंटी को भी पूरी तरह से फ्री कर दिया गया है। जिससे स्कूटर खरीदने वाले ग्राहक हजारों रूपए का लाभ पाकर उत्साहित दिखे।

उद्घाटन के दौरान विशेष ऑफर देते हुए के. एम. ऑटो सेल्स एंड सर्विस ने स्कूटर का भुगतान छोटी किस्तों में करने वाले लोगों के लिए 100 परसेंट फाइनेंस तक की स्कीम भी ओपन कर दी। इस दौरान मात्र 10 मिनट में लोन अप्रूवल के साथ कई ग्राहकों ने इसका लाभ प्राप्त किया। ग्राहकों को यह सुविधा फाइनेंस सेक्टर के रेप्युटेटेड ब्रांड्स एचडी एफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एसोफी फाइनेंस और माम्बा फाइनेंस के माध्यम से प्राप्त हो रही है।

उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहे बीगॉस ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के हेड श्री विक्टर सिरोही जी ने बताया कि इलेक्ट्रिक स्कूटर में बीगॉस की RUV 350 और C12i ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई है। क्व्नस्स (बीगॉस) की RUV 350 सोलह इंच के एलाय टायर के साथ अपनी मेटल बॉडी से मजबूती की ओर ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। प्रत्येक चार्जिंग पर 143 किलोमीटर की कैपेसिटी के साथ क्व्नस्स (बीगॉस) 5 साल और 1 लाख किमी. तक की वारंटी प्रदान कर रही है। इसके साथ अपने वाटर प्रूफ फीचर और टीएफटी मॉनिटर के साथ इसकी ब्लूटूथ कनेक्टिविटी युवा ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। और बीगॉस का C12i एक फैमिली स्कूटर के रूप में लोगों की पसंद बना हुआ है। जिसमें 23 लीटर और 4 लीटर के दो स्टोरेज दिए गए हैं। बीगॉस इस स्कूटर पर 5 साल के साथ 75000 किमी. तक की वारंटी प्रदान कर रहा है। इस मॉडल में डिजिटल मेटर के साथ एलईडी लाइट्स इसके खास फीचर्स हैं। इनकी किफायती कीमतों को सुनकर ग्राहक भी चौक जाते हैं। हाई टेक्नोलॉजी फीचर्स के साथ इनकी शुरुआत एक्स शोरूम प्राइस में मात्र 95999/ रूपए से है।

## सोनाटा पेश करते हैं नया वैडिंग कलेक्शन, 'ड्रीम टुगेदर' के साथ नई शुरूआत का जश्न

**नई दिल्ली।** शादी के साथ जीवन में एक नए अध्याय की शुरूआत होती है, जहां रिश्ते, मूल्य और महत्वाकांक्षाएं एक साथ मिलकर एक नए भविष्य का निर्माण करते हैं। आज के दौर में शादियां एक दूसरे की व्यक्तिगत पहचान को अपनाने का माध्यम बन गई हैं, जो आपसी सहयोग और मिल-जुलकर विकास को बढ़ावा देते हुए अटूट रिश्ता बनाती हैं। इस बदलते दौर में टाइटन की ओर से भारत के सबसे ज़्यादा बिकने वाले घड़ियों के ब्राण्ड सोनाटा लेकर आए हैं अपना नया वैडिंग कलेक्शन। 'ड्रीम टुगेदर' के विषय पर आधारित यह कलेक्शन वैडिंग घड़ियों के बेहतरीन गंतव्य के रूप में ब्राण्ड की स्थिति को और मजबूत बनाता है। शादियों दो लोगों के मिलन से कहीं बढ़कर है; यह एक नए अध्याय की शुरूआत है, एक नई यात्रा जहां दो लोग एक साथ मिलकर सपना देखते हैं, नई महत्वाकांक्षाएं तय करते हैं और मिल-जुल कर जीवन के अनुभवों का अहसास करते हैं। 'ड्रीम टुगेदर' इसी दृष्टिकोण पर आधारित है, जो आज के विवाहित जोड़ों के लिए बहुत अधिक मायने रखता हैः यह परम्परा, आधुनिकता, प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास का संयोजन है। यह सोनाटा को उन लोगों के लिए बेहतरीन साथी बनाता है, जो रिश्तों में अपनी पहचान बनाते हैं तथा आत्मविश्वास के साथ सजग रहते हुए एक साथ मिलकर भविष्य का निर्माण करते हैं। वैडिंग कलेक्शन इसी भावना का प्रतीक है, यह उन युवा विवाहित जोड़ों के लिए बेहतरीन है जो अपने खास दिन पर अनूठी छाप छोड़ जाना चाहते हैं। आधुनिक डिज़ाइन एवं परम्परा पर आधारित इस कलेक्शन में पतले,, आकर्षक बेहतरीन डीटलिंग एवं बोल्ड एक्सेंट का संयोजन शामिल है। चमकदार और ग्लैमरस डिज़ाइन से युक्त सोनाटा का वैडिंग कलेक्शन एक आकर्षक एक्सेसरी या उपहार से कहीं बढ़कर है; यह पहनने वाले के व्यक्तित्व एवं महत्वाकांक्षाओं की अभिव्यक्ति है, जो आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

# कुशीनगर में एसटीएफ ने पकड़ी 30 लाख रुपए की अवैध गांजा

## तीन अंतर्राज्यीय तस्करों के पास से बरामद की 1.20 कुंतल गांजा

अवधनामा ब्यूरो


बरामद गांजा व तस्करों के साथ पुलिस टीम

**कुशीनगर।** कंटेनर वाहन में छिपाकर तस्करी को ले जाई जा रही एक कुंतल 20 किग्रा अवैध गांजा के साथ एसटीएफ लखनऊ की टीम ने कसया पुलिस की मदद से तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को दबोचने में सफलता हांसिल की है। बरामद गांजा की कीमत 30 लाख रुपए बताई जा रही है। अवैध मादक/द्रव्य पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कसया पुलिस व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा थाना कसया क्षेत्र से एक कंटेनर वाहन में छिपा कर तस्करी कर ले जाया जा रहा 01 क्विंटल 20 किग्रा अवैध गांजा व जामा तलाशी में कुल 740 रू. नगद व 02 मोबाईल फोन, 02 आधारकार्ड बरामद किया गया तथा मौके से 03 नफर शातिर गांजा तस्करों अजय यादव पुत्र रामबदन यादव निवासी बड़डाव थाना घोसी जनपद मऊ, विपिन कुमार पाल पुत्र दर्शन सिंह निवासी भरथना चौराहा गली नं. 5 अशोक नगर जनपद इटावा व सुहेल खान पुत्र पप्पू खान निवासी पुराना बस अड्डा इटावा जनपद इटावा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो गुवाहाटी राज्य असम से अवैध गांजा प्राप्त करते है। यह गिरोह अपने साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग गांजे को ट्रक/कंटेनर की केबिन में छिपाकर पुलिस की नजरों से बचते हुए एक राज्य से दूसरे राज्य में तस्करी करते है। जिससे वे अवैध रूप से धन अर्जित करते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी थाना कसया, उ0नि0 जावेद आलम सिद्दीकी एसटीएफ टीम लखनऊ मय टीम उप निरीक्षक अमित सिंह शामिल रहे।

# प्राथमिक विद्यालय के किचन में धूल फांक रही अंबेडकर की मूर्ति

ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय


मोतीपाकड स्कूल के किचेन में बाबा साहब का मूर्ति

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत गांव मोतीपाकड़ में स्थित प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति धूल फांक रही है। बता दें कि बीस वर्षो से उचित जगह नहीं मिलने से गांव के ही प्राथमिक विद्यालय के किचन में बाबा साहेब की मूर्ति बंद पड़ा है। कई बार दलित समाज के लोगों ने उन्हें उचित स्थान पर रखवाने के लिए लिए जिले के आलाधिकारियों को लिखित पत्र देकर मांग की लेकिन जिम्मेदारों ने उन्हें उचित स्थान पर रखवाना उचित नहीं समझा। सोमवार को बाबा साहेब की जयंती पर जगह जगह लेंगे उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। लेकिन यहां बाबा साहेब का समुचित स्थान न होने पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अयोध्या भाई ने वहीं उनका माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अयोध्या भाई ने बताया कि बीस वर्षो से बाबा साहेब की मूर्ति इसी विद्यालय के किचन रुम में बंद हैं। कई बार हम लोग उन्हें उचित स्थान पर रखवाने का प्रयास किया और अधिकारियों को लिखित पत्र देकर बताया लेकिन उनके द्वारा भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण आज संविधान निर्माता बाबा साहेब की मूर्ति प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर में धूल फांक रही है। दलित समाज के लोगों ने उन्हें उचित स्थान पर रखवाने की मांग की है।इस दौरान दलित समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बाबा साहेब ने समाज के सभी तबकों को बराबर का अधिकार दिया: विनय

## मथौली नगर में निकाली गई प्रभात फेरी, बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प


मथौली में प्रभात फेरी निकालते विधायक व नगर अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती पर सोमवार को नगर पंचायत मथौली में विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़ा, नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह, मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद ने बाबा साहेब के मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद नगर के विभिन्न वार्डो में प्रभात फेरी निकाल कर बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इसके अलावा विधायक ने बगल के गांव लक्ष्मीपुर में भी आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जिसकी अध्यक्षता प्रधान अकमल हुसैन ने किया।

इस मौके पर विधायक विनय प्रकाश ने कहा कि बाबा साहेब संविधान में समाज के सभी तबकों को बराबर का अधिकार दिया। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर एक महान विद्वान, समाज सुधारक और दलितों के मसीहा थे। उनके द्वारा वैसे तो समाज सुधारक अभियान चलाया गया व स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री भी बने थे। अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को मिले। उन्होंने शोषित एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया और शोषित और पिछड़ों की शिक्षा और उन्नति के लिए हर संभव प्रयास करते रहे।

### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनी जयंती

**रायबरेली।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जनपद में मनाई गई। कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभागार में आयोजित गोष्ठी में भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती इस बार हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम से मनाई जा रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में 15 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जातिवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा मानते थे। बाबा साहेब शोषित, दलित, महिलाओं,पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे।

# टेंट लगाने के दौरान विद्युत तार के चपेट में आने से दो युवकों की मौत

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बसहियां बनवीरपुर जमाली रोड में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान टेंट लगा रहे मजदूर ग्यारह हजार विद्युत तार के चपेट में आने से झुलस गए। ग्रामीण के सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत दो की मौत होने की पुष्टि की जबकि बुरी तरह से झुलसे दो लोगों का इलाज अभी जारी है।

- झुलसे दोनों युवकों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी मुबारक पुत्र तैयब उम्र (36) निवासी पडरौना गुप्ति शाहिद मजार व मुस्तफा पुत्र अकबर उम्र (20) निवासी बसहिया वनबीरपुर टोला पिपरा की मौत हो गई जबकि नूर मोहम्मद पुत्र राज मुहम्मद (18) व मोसाहेब पुत्र शुक्रल्लाह उम्र (30) झुलस गए। दोनों की हालत नाजुक बनी है जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटनास्थल पर भी एसडीएम सदर व्यास नारायण उमराव क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय पहुंचे थे। बताया जाता है कि कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के बसहियां बनवीरपुर के जमाली रोड स्थित निवासी मैनुद्दीन पुत्र किताब के घर सोमवार की रात शादी थी। सोमवार की सुबह मेहमानों के लिए टेंट लगाने का कार्य मजदूर कर रहे थे। इसी दौरान 11 हजार विद्युत वायर की चपेट में आ गए थे।

# शिद्दत से याद किए गए भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब अम्बेडकर


कलेक्ट्रेट में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम

अवधनामा ब्यूरो

- दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों व मजलूमों के मसीहा थे बाबा साहब
- संविधान निर्माण में बाबा साहेब आंबेडकर का योगदान अतुलनीय

**कुशीनगर।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, दलितों, शोषितों, वंचितों व मजलूमों के मसीहा, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती सोमवार को जिले भर में सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, संस्थानों एवं राजनैतिक दलों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर जगह जगह रैली निकाल बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक पडरौना मनीष जायसवाल तथा जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं अपर जिलाधिकारी पीके राय द्वारा उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया। विधायक पडरौना मनीष जायसवाल ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक शिक्षा, समानता, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, राजनैतिक, सामाजिक स्वतंत्रता का जो अधिकार संविधान में उल्लेखनीय है वह बाबा साहब तथा उनके सहयोगियों द्वारा लिखित संविधान की ही देन है। उनका योगदान अतुल्यनीय है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विदेशियों के कुप्रभावों, कुरीतियों से निकलने का उन्होंने मार्ग प्रशस्त किया। समाज में प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम विश्व का एक अनूठा स्वतंत्रता संग्राम रहा है, जहां न केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी गई अपितु समाज में व्याप्त कुरीतियों को हटाने जात-पात, भाषा, धर्म के आधार पर व्याप्त भेदभाव, विभाजनकारी शक्तियों के विरुद्ध भी महापुरुषों के द्वारा लड़ाइयां लड़ी गई जिसमें बाबा साहब ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित किए।

### शोषित व वंचित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब

**कुशीनगर।** भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर की जन्मदिवस पर सोमवार को नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगर के कठ्कुइया मोड तिराहे पर स्थापित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित किया।


माल्यार्पण करते नपा अध्यक्ष पडरौना विनय

इसके पूर्व नपा कर्मचारियों द्वारा हर दिन की भांति बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा की धुलाई और सफाई की गई। बता दें कि बाबासाहेब की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं संग नपाध्यक्ष ने उनकी प्रतिमा के समक्ष दीपोत्सव का आयोजन कराया था। कार्यक्रम के बाद श्री जायसवाल ने कहा कि भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पकार, उत्कृष्ट विधिवेत्ता, अशक्त, शोषित व वंचित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब भारतीय संविधान की आत्मा हैं। साथ ही बाबा साहेब के संविधान की दूर दृष्टि के कारण ही समाज का हर व्यक्ति एकसूत्र में बंधा हुआ है।

### बाबा साहेब का विचार आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है : अयोध्या


कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष अयोध्या

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड के ग्राम छपिया में सोमवार को धूमधाम से बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। बुद्ध बिहार सेवा समिति ग्राम छपिया में बाबा साहेब की जयंती पर प्रभात फेरी व सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने बाबा साहेब और महात्मा बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भीम आर्मी जिलाध्यक्ष कुशीनगर अयोध्या भाई ने कहा कि बाबा साहेब महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गो के उत्थान के लिए जो कार्य किए वे आज भी प्रेरणादायक हैं। इस दौरान कार्यक्रम में हरिकेश भाई, रामशंकर प्रसाद, शिवदयाल, नागेन्द्र निगम सहित सैकड़ों महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।

### दलितों के मसीहा थे बाबा साहेब अंबेडकर : राजनेति


सुकरौली में प्रभातफेरी निकालते अध्यक्ष राजनेति

**सुकरौली, कुशीनगर।** भारतीय संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष व भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर नगर अध्यक्ष राजनेति कश्यप ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद नगर में प्रभात फेरी निकाली गई तथा इनके बताए मार्ग पर चलने लोगों ने संकल्प लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पकार, उत्कृष्ट विधिवेत्ता, अशक्त, शोषित, वंचित व दलित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब भारतीय संविधान की आत्मा हैं। वे खासकर वंचितों व दलितों के मसीहा थे। बाबा साहेब के संविधान की दूर दृष्टि के कारण ही आज समाज का हर व्यक्ति एकसूत्र में बंधा हुआ है।

# संविधान और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के नाम पर झूठी राजनीति करने वाले बहुरुपियों से सावधान रहें बहुजन समाज: दयाराम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** संविधान निर्माता बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की 134वीं जयंती बहुजन समाज पार्टी ने कान्हा मैरिज लान में विचार गोष्ठी के रूप मनाई। विचार गोष्ठी में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के जीवन दर्शन पर विस्तार से संवाद के बीच कार्यकर्ताओं को राजसत्ता पर अधिकार और 2027में उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने के लिए संगठन मजबूत करने के संदेश दिए गए। अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी दया राम राजभर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दया राम राजभर ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के संघर्षो का स्मरण करते हुए भारतीय लोकतंत्र की समस्यायों के प्रति लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का जन्म दिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि कांग्रेस ने देश में सबसे अधिक समय तक शासन किया किंतु बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के विचारों और भारतीय संविधान को ठीक से नहीं लागू किया। भाजपा बहुजनों को मिले अधिकारों को खत्म करने की कोशिश कर रही है। आरक्षण को खत्म किया जा रहा है।मान्यवर कांशीराम की ओर से दिया गया राजनैतिक प्लैटफॉर्म बहुजन समाज पार्टी है। बहुजन समाज पार्टी देश में भारतीय संविधान को ठीक ढंग से लागू करना चाहती है,इस लिए देश के सभी राजनीतिक दल अंदर खाने बी एस पी का विरोध कर रहे हैं। सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रभारी नन्हे सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं को बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की जयंती पर बधाई दी और मिशन - 2027 के लिए संगठन मजबूत करने की अपील की। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और संविधान के नाम पर झूठी राजनीति करने वाले छलिए गांव गांव टहल रहे हैं, इन छलियों से बहुजन समाज को हमेशा सावधान रहना है। बामसेफ की जिला संयोजक किसमता भारती ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने आत्मसम्मान और स्वाभिमान की जिंदगी जीने के लिए राजसत्ता पर अधिकार का संदेश दिया था, यही संदेश बहन मायावती जी ने तीन दिन पहले दिया है।

### अनुबंधित बस ने टैंकर में पीछे से मारी टक्कर

**देवरिया।** जिले के बैतालपुर कस्बे के पास एक गोरखपुर से देवरिया आ रही अनुबंधित बस ने पीछे से एक टैंकर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार 31 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज मेडिकल कालेज देवरिया में चल रहा है। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद आस-पास के लोग भागते हुए दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. लोगों ने घायलों को बस से निकाल कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजने में प्रशासन की मदद भी की. घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और एसपी विक्रान्तवीर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। अधिकारियों ने यहां घायलों का हाल जाना और बेहतर इलाज का निर्देश दिया. उधर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्य में लगी रही. दुर्घटना में 31 लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, 10 बीघा गेहूं की फसल को जलकर हुई खाक

**बछरावां,रायबरेली।** सोमवार दोपहर थाना क्षेत्र बछरावां के हरदोई गाँव में अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। थोड़ी ही देर में लगभग 8 से 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक गेहूं के खेतों के बीच विद्युत पोल भी लगे हुए हैं। लोगों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि बिजली की चिंगारी निकलने से आग लग गई। परंतु आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग लगने की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में एकत्रित हो गए और झाड़ियो के डंडे व लाठी से कड़ी मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, परंतु फायर ब्रिगेड देरी से पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय से पहुंच जाती तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। रामसागर पुत्र बृजलाल की लगभग दो बीघा, हरिशंकर लगभग चार बीघा, संजू 10 बिसुवा कुल लगभग 8 से 10 बीघा की फसल जलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# आजाद भारत के संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव का योगदान, प्रेरणादायक : डॉ रमापति राम

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सामाजिक असमानता के उन्मूलन एवं दलितों के उत्थान के लिए डॉ.आंबेडकर का संघर्ष और आजाद भारत के संविधान के निर्माण में उनका योगदान हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद देवरिया डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि कही। वह सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135 जयन्ती सदर ब्लाक के सभागार स्थित डॉ.आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्यायव्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किया। वह एक महान विचारक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और संविधान निर्माता थे, जिन्होंने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। बाबा साहब ने कहा था कि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्मो के शास्त्रों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता नहीं हासिल कर लेते कानून आपको जो भी स्वतंत्रता देता है वह आपके लिए बेईमानी है। आज देश की मोदी एवं राज्य की योगी सरकार बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलकर समाज में स्वग्रही, सर्व स्पर्शी की भावना से कार्य कर रही है, आज का निचले पायदान पर जाकर कार्य करने को कटिबद्ध है। आज का दिन समानता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का वास्तुकार कहा जाता है वह भारत के संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे हमें अंबेडकर की जयंती के मौके पर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए उनके बताएं रास्ते पर चलकर देश के लिए एक साथ मिलकर काम करना है। इस दौरान जिला कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नीरज शाही नगर पालिका अध्यक्ष अल्का सिंह रमेश वर्मा अभिषेक राय आदि लोग उपस्थित रहे।

# युगपुरुष थे डॉ अम्बेडकर, भारत को दिया दुनिया का सबसे अच्छा संविधान

**अमेठी/गौरीगंज अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय पर बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। अम्बेडकर महासभा और संत गाडगे यूथ ब्रिगेड ने रणांजय इंटर कालेज के मैदान और अम्बेडकर कल्याण समिति ने बाई पास के किनारे तेजई का पुरवा में समारोह आयोजित किया। जुलूस में ग्रामीण अंचल की सैकड़ों झांकियां शामिल हुई। रणांजय इंटर कालेज के मैदान में आयोजित समारोह को आई ए एस रमेश चंद्र ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि 14अप्रैल महापर्व है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोटान के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती,अटेवा के जिला संयोजक मंजीत यादव , जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद,,राम केवल मौर्य, रमाशंकर यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय कनौजिया ने किया। राजमणि शर्मा,के के कनौजिया, वीरांगना झलकारी बाई जागृति मंच के जिला संयोजक राम सजीवन, हौसिला प्रसाद,अजय कुमार मौर्य, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री रमाकांत मौर्य,राम बरन आदि मौजूद रहे।



# बाप-बेटे के विवाद में बुजुर्ग की मौत, बेटे पर हत्या का आरोप

## रामकोला थाना क्षेत्र के चंद्रपुर पासी टोला का मामला

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** रामकोला थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान लक्ष्मण (65) के रूप में हुई है। घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे चंद्रपुर स्थित पासी टोला की है। पुलिस को सूचना मिली कि सतेंद्र ने अपने पिता लक्ष्मण की गला दबाकर हत्या कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिता-पुत्र के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार सुबह से ही दोनों के बीच कहासुनी हो रही थी। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों में गाली-गलौज होने लगी। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि सतेंद्र ने अपने पिता का गला दबाकर हत्या की। वहीं मृतक की पत्नी का कहना है कि उनके पति की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। रामकोला थाना प्रभारी आनंद गुप्ता ने बताया कि मामला संदिग्ध है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक की जांच में पुत्र द्वारा पिता की हत्या की सूचना गलत प्रतीत हो रही है। मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल पाएगा।



# उमंग और उत्साह के साथ मनायी अम्बेडकर जयंती

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पूरे देश और प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी उनके योगदान और विचारों को आत्मसात् करने के साथ पूरे उमंग और उत्साह के साथ मनाई गयी, जनपद में मुख्य कार्यक्रम कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित किया गया, जिलाधिकारी रमेश रंजन के साथ जनपद के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब का योगदान देश और समाज के लिए अप्रतिम है, समाज का हर वर्ग उनके साहस और संघर्ष से प्रेरित और प्रोत्साहित होता रहता है, बाबा सहाब ने समाज के हर तबके को उनके अधिकार और कर्तव्य का ज्ञान कराया साथ ही राष्ट्र के एकीकरण और मजबूती का मार्ग प्रशस्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा ने कहा कि बाबा साहब के योगदान के बारें में आप सब अपनी पीढ़ीयों को बताये, कि किस तरह उन्होने परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अपने आप को साबित किया। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहब का सपना था, कि समाज के सभी वर्गों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए, तभी एक मजबूत राष्ट्र की नींव पड़ेगी, आज हमारी सरकार समावेशी विकास की अवधारणा के माध्यम से इसी दिशा में अग्रसर है। इस अवसर पर बोलते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम ने कहा कि बाबा साहब की विचारधारा अपने देश के साथ बाहर के देशों में भी प्रासांगिक है, भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में उनका योगदान अपने आप में अविस्मरणीय है, जनपद के सभी तहसीलों और ब्लाकों में भी बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गयी, इस अवसर पर कलैक्ट्रेट के सभी पटल सहायकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा कलैक्ट्रेट सभागार में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान पर संगोष्ठी एवं सेमीनार का आयोजन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत मणीन्द्र सिंह की ओर से किया गया, संगोष्ठी में दाऊ दयाल गर्ल्स इं0 कॉलेज, पाली इं0 कॉलेज शिकोहाबाद, सुगरा बेगम इं0 कॉलेज, नारायण डिग्री कॉलेज, कस्तूरबा गांधी इं0 कॉलेज, राजकीय हाई स्कूल सिविल लाइन के छात्र-छात्राओं ने बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनशैली पर ओजस्वी अपने-अपने विचार व्यक्त किए, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं ज्यंती के अवसर पर प्रभाती फेरी अम्बेडकर पार्क रसूलपुर से सुभाष पार्क जैन मंदिर तक निकाली गयी, प्रभात फेरी को जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, प्रभात फेरी विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।



## अम्बेडकर जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकाली प्रभातफेरी

**टूंडला।** डा. भीमराव अम्बेडकर का 134वां जन्मोत्सव पर प्रभातफेरी नगला राधेलाल से धूमधाम एवं बैंडबाजो के साथ निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में अम्बेडकर व बौद्ध अनुयायियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान प्रभातफेरी नगला राधेलाल से प्रारंभ होकर सुभाष चौराहा, सब्जी मंडी, भारत माता चौक, बिहारी विलास, कोतवाली टूंडला, बल्देव रोड, दीपा चौराहा, मंटा रोड, कम्पनी बाग, रेलवे अंडरब्रिज, भूत चौराहा, नगला रामकिशन होते हुए नगला रति बुद्ध बिहार पहुंची। जहां प्रभात फेरी का समापन हुआ। इस दौरान जगह-जगह प्रभातफेरी का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि भाईजी, भंवर सिंह चेयरमैन, के अलावा सैकड़ों अम्बेडकर अनुयायी मौजूद रहे।

## बज़्मे नूरे अदब की ओर से आयोजित हुई तरही नशिस्त



**बहराइच।** जनपद में बज़्मे नूरे अदब की ओर से आयोजित तरही नशिस्त का आयोजन नाज़िरपुरा फ्लैक्स हाउस पर आयोजित हुआ जिसमें मेहमाने खुसूसी लखनऊ से आये मशहूर शायर तनवीर नगरौरी ने नशिस्त की सदारत की और निज़ामत आल इंडिया मुशायरों के नाज़िम राशिद राही ने किया।इस नशिस्त में अंजुम ज़ैदी, तारिक इबरती गुलशन पाठक तौहीद अहमद कन्वीनर नशिस्त नाज़िम बहराइची अमान बहराइची ने शिरकत की और अपने तरही कलाम सुनाए। सबसे अच्छी ग़ज़ल सुनाने का अवार्ड फ़तेह नशिस्त अवार्ड सदर जावेद जाफरी व कमेटी की जानिब बेहरतीन ग़ज़ल के लिए शायर अंजुम ज़ैदी को दिया गया।इसकी जानकारी बज्मे नूरे अदब के सदर जावेद जाफरी ने दी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- उदयपुर
### वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 14.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत उदयपुर विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 15-04-025 को प्रातः 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत उदयपुर के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन सांय 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत उदयपुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत उदयपुर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत उदयपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- विरेन्द्र कुमार दुवे**
**ग्रा.पं. उदयपुर**
**वि.खं. मिठवल**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-रविकपुर राव**
**ग्रा.पं. उदयपुर**
**वि.खं. मिठवल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- एकडेगवा
### वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 14.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत एकडेगवा विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 19-04-025 को प्रातः 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत एकडेगवा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन दोपह 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत एकडेगवा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत एकडेगवा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत एकडेगवा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- दुर्गा प्रसाद**
**ग्रा.पं. एकडेगवा**
**वि.खं. मिठवल**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-विकास कुमार**
**ग्रा.पं. एकडेगवा**
**वि.खं. मिठवल**


## पालीवाल कॉलेज मे बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई



**शिकोहाबाद।** सामाजिक समरसता के पक्षधर, कानून के ज्ञाता, छुआछूत के घोर विरोधी एवं संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ एमपी सिंह के अनुसार हम बाबा साहब की जयंती आज मना रहे हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने करते हुए अवगत कराया कि भारत का संविधान लचीला है और विश्व में जितने देश हैं तुलनात्मक रूप से बहुत अच्छा है हमें बाबा साहब के आदर्श के प्रति समर्पण भाव से कार्य करते हुए संविधान के नियमों का पालन करना चाहिए इस दौरान डॉक्टर अजय करण चौधरी, सुनील कुमार पटेल, राजीव अग्रवाल, सहायक राम सिंह, अमित कुमार दुबे, रक्षपाल, हर्षित पालीवाल एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे इस दौरान डॉक्टर अजय करण चौधरी ने कहा कि बाबा साहब के अधूरे कार्यों को हमें पूरा करना चाहिए सुनील पटेल ने भारतीय संविधान की सराहना की संचालन डॉ टी एच नकवी ने किया।

# जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास ने पुष्प अर्पित कर मनाया अम्बेडकर जन्मोत्सव

- शिक्षित बनो, संघठित रहों और संघर्ष करो, अमूल्य रहे संदेश

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी 14-04-2025 को प्रातः 11.00 बजे सैक्टर-01, सुहाग नगर, फिरोजाबाद स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, कार्यालय द्वारा उनके जन्म दिवस के अवसर पर डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका जन्म दिवस मनाया गया । उक्त अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद, कैप्टन( आई.एन. ) आशीष कुमार मित्तल ( अ0प्रा0 ) द्वारा डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा/छायाचित्र के समक्ष जीवन पर प्रकाश डालते हुये अवगत कराया कि डी0 भीमराव अम्बेडकर एक महान अर्थशास्त्री, न्यायवादी, राजनेता और समाज सुधारक थे।

डा0 भीम राव अम्बेडकर जी को बाबा साहेब के नाम से भी जाना जाता है। इनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महूँ गॉव में हुआ था। इनके पिता का नाम रामजी



सकपाल और माता का नाम भीमावाई था। डा0 भीमराव अम्बेडकर बचपन से ही पढने लिखने में तेज थे। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा सतारा गव्हर्मेंट हाईस्कूल और माध्यमिक शिक्षा मुम्बई में पूरी की। सन 1913 में उन्होंने बडौदा के महाराज सयाजी राव गायकवाड से छात्रवृत्ति मिलने पर कोलंबिया विश्वविद्यालय से आगे कीशिक्षा पूरी की। उन्होंने अर्थशास्त्र विषय में एम.ए. पी.एच.डी. प्राप्त की थी। बचपन में उन्हें महार जाति जिसे एक अछूत जाति माना जाता से होने के कारण सामाजिक बहिष्कार छुआछूत, अपमान का सामना करना पडता था। जिसके कारण उनकी जीवन धारा पूरी तरह परिवर्तित हो गयी। जिससे उन्हें अपने आपको उस समय उच्चतम शिक्षा का बनने के लिये प्रेरित किया। बाबा साहब ने भारतीय संविधान के निर्माण में अपना अहम योगदान दिया। उन्होंने अपने जीवन सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, औद्योगिक एवं संवैधानिक क्षेत्रों में अनगिनत कार्य किये उन्हांने हमें शिक्षित बनो, संघठित रहों और संघर्ष करें। यह अमूल्य संदेश दिया। दुर्भाग्यवश 06 दिसम्बर 1956 को डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का दिल्ली में महापरिनिर्वाण हुआ उन्हें मरणोपरान्त 1990 में भारत के सर्वोच्च नागरिक का सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया। समाज में समता और समानता के महामानव, भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर जी सभी के लिये हमेशा आदरणीय रहे हैं। हम उनके जीवन से प्रेरणा लें तथा शिक्षा और न्याय का महत्व समझें और अपने देश को आगे बढायें तथा स्वल्पाहार के उपरान्त कार्यकम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के अधिकारी, कैप्टन आशीष कुमार मित्तल (आई.एन., अ0प्रा0) एवं कर्मचारी राघवेन्द्र, राम कुमार, मु0 लुकमान, पूर्व सैनिक, पूर्व सैनिक आश्रित, सपना, हीरा कुमारी एवं अन्य पूर्व सैनिक व उनके आश्रित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- गौरी
### वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 14.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत गौरी विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 19-04-025 को प्रातः 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत गौरी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन दोपह 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत गौरी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत गौरी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत गौरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- मनोज कुमार द्विवेदी**
**ग्रा.पं. गौरी**
**वि.खं. मिठवल**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-कुंवर कनौजिया**
**ग्रा.पं. गौरी**
**वि.खं. मिठवल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- साड़ी कला
### वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 14.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत साड़ी कला विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 28-04-025 को दोपहर 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत साड़ी कला के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन दोपहर 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत साड़ी कला के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत साड़ी कला कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत साड़ी कला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- अनीता देवी**
**ग्रा.पं. साड़ी कला**
**वि.खं. मिठवल**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-दीनानाथ पांडे**
**ग्रा.पं. साड़ी कला**
**वि.खं. मिठवल**

## कार्यालय : नगर निगम, अयोध्या

पत्राँक : 347/न0नि0अयो0/स्व0अनु0/निविदा/2024 दिनांक : 11/04/2025

**अति अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं0-285/पाँच-5-2024, दिनांक-7.03.2025 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में ए0ई0एस0/जे0ई0 कार्यक्रम के अन्तर्गत वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (दिनांक-01 अप्रैल 2025 से दिनांक-30 अप्रैल, 2025 के मध्य) एवं दस्तक अभियान (दिनांक-10 अप्रैल, 2025 से दिनांक-30 अप्रैल, 2025 तक) के संचालन हेतु मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय पत्रांक-40/ए0ई0एस0-जे0ई0/एन0पी0/2024-25/8126-2 दिनांक-21.03.2025 के अनुपालन में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार यथा स्टीकर, पैम्फलेट एवं माइकिंग के माध्यम से कराया जाना है. उक्त कार्य नगर निगम निधि एवं स्थानीय अवस्थापना निधि मद से कराये जाने हेतु इच्छुक फर्मो से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म विक्रय दिनांक-18/4/25 को प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे के मध्य किया जायेगा तथा सीलबंद निविदायें दिनांक-18/4/25 को ही दोपहर 01:00 बजे से अपरान्ह 02:00 के मध्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय कक्ष में स्थापित निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। तत्पश्चात् निविदा बाक्स निविदादाताओं की उपस्थिति में उसी दिन सांय 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाताओं को जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जो नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या के नाम बंधक होगा। उक्त निविदा से संबंधित संक्षिप्त विवरण/शर्ते निम्नवत् है :-

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अदद | आगणन धनराशि GST सहित | जमानत धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य | GST | GST सहित निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु स्टीकर, पैम्फलेट एवं माइकिंग का कार्य (साइज 8x12) | 3,80,000.00 | ₹ 8,36,000.00 | ₹ 25,080.00 | ₹ 250.80 | ₹ 45.14 | ₹ 295.94 |

**नियम व शर्ते :-**

1. निविदादाता की फर्म को वाणिज्य कर विभाग (जी0एस0टी0) में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
2. उक्त प्रकाशित निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त कराने का सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, अयोध्या में निहित होगा।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही अयोध्या जनपद नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत की जायेगी।
5. निविदा फार्म का मूल्य जी0एस0टी0 सहित नकद जमा करने के पश्चात् निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकेगा।
6. स्टीकर, पम्फलेट एवं माइकिंग की मात्रा घटायी/बढ़ायी जा सकती है, जिसका सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या में निहित होगा।
7. फर्म/संस्था द्वारा इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि वह किसी भी विभाग द्वारा काली सूची (Black List) नहीं किया गया है।
8. निविदादाता द्वारा समय एवं गुणवत्ता के अनुरूप कार्य नहीं किया जाता है, तो फर्म की सम्पूर्ण जमानत धनराशि नगर निगम अयोध्या के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
9. न्यूनतम निविदा दाता से निर्धारित स्टॉम पेपर पर निर्धारित अवधि में अनुबंध कराना अनिवार्य होगा।

**वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी,**
**नगर निगम, अयोध्या**

# हमीरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

हिफजुर्रहमान







**हमीरपुर।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान विधिवेत्ता, समाज सुधारक और भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती जनपद हमीरपुर में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के अंतर्गत पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक सदर डॉ. मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पाठक, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और आमजन शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद और विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक समानता और न्याय के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने अपने संबोधन में कहा, डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। उनका मानना था कि शिक्षा वह शस्त्र है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर शिक्षा, सामाजिक समरसता और न्याय के मूल्यों को अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए समतामूलक और प्रगतिशील समाज के निर्माण में योगदान दें। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई, जिससे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूती मिली। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने भी बाबा साहब के जीवन चरित्र और संविधान निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए सभी को उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। जयंती के अवसर पर जनपद के सभी शासकीय कार्यालयों, विकास भवन, तहसील मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों और स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, साथ ही विचार गोष्ठियों और भाषणों के माध्यम से उनके योगदान को याद किया गया। स्कूलों में भी बच्चों को बाबा साहब के जीवन मूल्यों से अवगत कराने के लिए कार्यक्रम हुए।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, उप जिलाधिकारी पवन प्रकाश पाठक, जिला विकास अधिकारी राघवेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने का अवसर बना, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रति जनपद की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया।

# बाबा साहब ने सबसे ज़्यादा शिक्षा पर ज़ोर दिया : सरिता भदौरिया

अवधनामा ब्यूरो





**इटावा।** सदर विधायक सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में सोमवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह कार्यक्रम कलेक्टेट सभागार में आयोजित किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भीमराव अंबेडकर जी का 134 वां जन्म दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर जी ने समाज में समानता का कार्य किया एवं गरीब महिला, नौजवान किसान भाइयों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि पंच तीर्थ की स्थापना की ना कोई छोटा है ना कोई बड़ा है जो पड़ेगा वह बढ़ेगा एवं उन्होंने ऊच, नीच के भाव से निकाला। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू में एक छोटे से गांव में 14 अप्रैल को हुआ था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सबसे ज्यादा शिक्षा पर जोर दिया एवं उनका एक ही मूल मंत्र था की दो रोटी कम खाना है बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलानी है। उन्होंने कहा कि हमें भी सभी के साथ सम्मान व्यवहार रखना चाहिए एवं उनके विचारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं उनके पद चिन्हों पर अवश्य चलना चाहिए यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अंबेडकर ने पूरा जीवन संघर्ष में ही बिताया वह आजादी की लड़ाई में शामिल हुए और स्वतंत्र भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में अतुल्य भूमिका निभाई बाबा साहब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम का संचालन संजय वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार स्तंभकार गणेश ज्ञानार्थी, उप जिलाधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव सहित कलेक्टेट के अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 75 महिलाओं ने कराया पंजीकरण



अवधनामा ब्यूरो

**डॉ.ममता सिंह ने नि:शुल्क परीक्षण कर दवा व नि:शुल्क जांच भी की**

**इटावा।** सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर रेलवे स्टेशन पर रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रसिद्ध वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता सिंह MBBS MS, DGO के द्वारा किया गया। निःशुल्क शिविर में करीब 75 महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया तथा डॉ.ममता सिंह के द्वारा इनका निःशुल्क परीक्षण किया गया तथा मुफ्त दवा दी गई व मुक्त जांच भी की गई। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन का उद्देश्य हमारे समाज में गरीब महिलाएं को स्त्री रोग एवं गर्भावस्था से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सहायता मिल सके और उनको उचित इलाज मिल सके तथा इस शिविर में पंजीकरण कराने पर नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन, बच्चेदानी व रसौली के ऑपरेशन पर विशेष छूट दी गई है। इस तरह का आयोजन समय-समय पर सुशीला हॉस्पिटल के द्वारा कराया जाता रहा है। सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर डी के सिंह ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन आयोजित किए जाएंगे जिससे कि गरीब जनता को मुफ्त सलाह एवं जांच और दवाइयां मिल सके। शिविर में बहुत दूर-दूर से मरीज अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए यहां पर आए और उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

## दो दिन पहले हुई बारिश के बाद भी अण्डर पासिंग ब्रिज में भरा पानी



**मौदहा/हमीरपुर।** बीते शनिवार की तड़के हुई तेज आंधी के साथ बारिश के कारण जहां किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है तो वहीं रेलवे अण्डर पासिंग ब्रिज में पानी भरा होने के कारण आमजन को खासी परेशानी हो रही है।कोतवाली क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव अरतरा जाने के लिए रेलवे द्वारा रेलवे फाटक हटाकर अण्डर पासिंग ब्रिज का निर्माण किया गया था लेकिन जब से यह ब्रिज बने हैं तब से इनमें पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह हल्की बारिश में भी स्वीमिंग पूल बन जाते हैं।ऐसे ही शनिवार तड़के हुई बेमौसम बारिश के दो दिन बाद भी इस अण्डर पास से पानी नहीं निकाला गया है जबकि इस सड़क से अरतरा, परछ्छ सहित लगभग आधा दर्जन गांवों के साथ किसानों की आवाजाही होती है जिसके चलते आमजन को खासी परेशानी हो रही है।

# कांग्रेस कार्यालय पर मनी बाबा साहब की जयंती

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय पर हुई। इसमें भारत रत्न संविधान पिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष रामराज गोंड, शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के जरिए सभी को जीने का अधिकार दिया। वर्तमान में संविधान विरोधी कार्य सत्ता पर काबिज लोग कर रहे हैं। जनता को इसका मुखर विरोध करना होगा। पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र पासवान व पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि हम अपने अधिकारों की रक्षा संविधान का पालन कर ही कर सकते हैं। इसलिए हमें संवैधानिक दायरे में रहकर इसका माखौल उड़ाने वालों के विरुद्ध बड़ा आंदोलन खड़ा करना होगा। पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हाजी नूरुद्दीन खान ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए संगठन अभियान की सफलता पर ध्यान देने की जरूरत है। जगदीश मिश्र व रामेश्वर यादव ने कहा आज बाबा साहब के बताए रास्ते का अनुशरण करते हुए उसे आत्मसात करने की जरूरत हैं,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश देव व लल्लू पांडे ने कहा कि बाबा साहब संविधान वेत्ता ही नहीं वरन अर्थशास्त्री होने के साथ समाज सुधारक भी थे ये आरक्षण के समर्थन में थे परंतु वर्तमान स्वरूप में नहीं, जयशंकर भारद्वाज व सुधीर शरण राय ने कहा बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत हैं उनके बताए रास्ते को जन जन तक पहुंचने की आवश्यकता है इस अवसर पर पूर्व महासचिव बाबूलाल पनिका , प्रांजल श्रीवास्तव इंद्रदेव चेरो शंकर भारती साजिद अली यदि लोग उपस्थित रहे।जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय पर हुई। इसमें भारत रत्न संविधान पिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष रामराज गोंड, शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के जरिए सभी को जीने का अधिकार दिया। वर्तमान में संविधान विरोधी कार्य सत्ता पर काबिज लोग कर रहे हैं। जनता को इसका मुखर विरोध करना होगा। पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र पासवान व पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि हम अपने अधिकारों की रक्षा संविधान का पालन कर ही कर सकते हैं। इसलिए हमें संवैधानिक दायरे में रहकर इसका माखौल उड़ाने वालों के विरुद्ध बड़ा आंदोलन खड़ा करना होगा। पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हाजी नूरुद्दीन खान ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए संगठन अभियान की सफलता पर ध्यान देने की जरूरत है। जगदीश मिश्र व रामेश्वर यादव ने कहा आज बाबा साहब के बताए रास्ते का अनुशरण करते हुए उसे आत्मसात करने की जरूरत हैं,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश देव व लल्लू पांडे ने कहा कि बाबा साहब संविधान वेत्ता ही नहीं वरन अर्थशास्त्री होने के साथ समाज सुधारक भी थे ये आरक्षण के समर्थन में थे परंतु वर्तमान स्वरूप में नहीं, जयशंकर भारद्वाज व शेखर शरण ने कहा बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत हैं उनके बताए रास्ते को जन जन तक पहुंचने की आवश्यकता है इस अवसर परनि महासचिव दयाशंकर पांडे पूर्व महासचिव बाबूलाल पनिका , प्रांजल श्रीवास्तव इंद्रदेव चेरो शंकर भारती साजिद अली यदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. बी.आर.अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती



**इटावा।** संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ.बी.आर.अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में जाकर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारीगण ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान उनके द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण, सामाजिक समानता, शिक्षा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया। बाबा साहब के विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करने तथा समाज में समानता और न्याय को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया। इस दौरान जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जनपद के समस्त थानों पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों ने बाबा साहब के आदर्शों को अपने कर्तव्यों में अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिबद्धता जताई।

### बिना परमिशन स्थापित की मूर्ति हुआ विवाद छावनी में तब्दील पुलिस फोर्स



**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धोबही में सोमवार की सुबह बैगर सरकारी अनुमति के बाबा साहब की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर दो गुटों में उपजा मतभेद पुलिस पीएसी के भारी फोर्स मौजूद काफी समझाने बुझाने के बाद मामला हुआ शान। जानकारी के अनुसार ब्राह्मण परिवार के समीप खाली पड़ी सरकारी भूमि पर प्रतिमा लगाए जाने को लेकर विवाद की बात आई सामने।वही पूर्व में किसी अधिकारी से नहीं ली गई है मूर्ति लगाने की अनुमति। सुबह आपस में भिड़े दो गुट सूचना पर पहुंची भारी पुलिस फोर्स सूत्रों की माने तो ग्राम प्रधान के सर पर ग्रामीणों द्वारा की गई हरकत वहीं सूत्रों ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा बाबा साहब के प्रतिमा स्थापित करने के लिए बिल्डिंग मटेरियल के सामग्री भी उपलब्ध कराई गई मामले में की जा रही है जांच।वही विवाद के बाद पहुंची पुलिस ने मूर्ति को उचित स्थान पर रखवाकर मनाई जा रही बाबा साहब की जयंती। मौके पर कानून व्यवस्था की गई है नियंत्रित। वही इस मामले में एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के मूर्ति स्थापित की गई थी जिसको हटा दिया गया है आपस में मिलजुल कर बाबा साहब की जयंती मनाई जा रही है मामले की जांच को दिशा निर्देशित किया गया है।

### छेड़छाड़ का वांछित गिरफ्तार

**हमीरपुर।** थाना जरिया पुलिस को 13 अप्रैल 2025 को एक शिकायत मिली थी, जिसमें वादी ने बताया कि उनकी 8 वर्षीय पुत्री के साथ अंसार आलम, पुत्र अनामुलहक (निवासी बिहार) ने बहला-फुसलाकर छेड़खानी और अश्लील हरकत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। 14 अप्रैल 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बीरा पुल से उमरिया जाने वाले सर्विस रोड पर अभियुक्त को घेर लिया। पुलिस को देखकर अभियुक्त ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया।

# स्वाभिमान- स्वमान की अनुभूति करके एकजुट होकर बाबा साहब की देन : रामनिहोर



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को समाज के वंचित वर्गों को मुख्य धारा से जोड़ने वाले भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सादर नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आज के दिन जब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद कर रहे हैं तो यह संकल्प लेते हैं कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए हम लोग काम करेंगे। यह वही लोग हैं जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को नहीं मानते हैं जो संविधान लोकतंत्र को नहीं मानते यह दबाव प्रबुद्धवादी वह लोग हैं जिन्होंने सदियों से शोषण किया है। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल पूर्व विधायक परमेश्वर दयाल पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि आज हम लोग भारत के संविधान के रचयिता सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए अपने स्वाभिमान- स्वमान की अनुभूति को और सुदृढ़ करके एकजुट होकर बाबा साहब की देन व धरोहर संविधान और आरक्षण बचाने के लिए पीडीए के आंदोलन को नई ताकत प्रदान करें व दोहराएं की संविधान की संजीवनी है और संविधान ही ढाल है और ये भी कि जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती मनाई







### पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई

पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास पर महान समाज सुधारक और संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव(सीबीएसई डीटीसी) ने की। उन्होंने डॉ.अंबेडकर के प्रेरणादायक जीवन शिक्षा के प्रति उनके योगदान तथा सामाजिक समानता के लिए किए गए संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने डॉ.अंबेडकर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा ली।

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में भारतरत्न बाबा साहब डा0भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में इटावा सदर विधायिका सरिता भदौरिया उपस्थित हुई। कार्यक्रम के आयोजन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वल कर किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच बाबा साहब पर हुई निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हिमांशू कुशवाहा, द्वितीय पुरस्कार प्रीती यादव एवं तृतीय पुरस्कार सुधांशू सिंह और अतुल कुमार सागर को एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम मीनाक्षी गौतम, द्वितीय श्वेता सिंह रही जिनको विधायिका जी ने शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही नियमित योग करने वाले को उनके द्वारा टी शर्ट भी वितरित की गई। इस अवसर पर सदर विधायिका सहित श्रीमती पद्मा त्रिपाठी, तरुण बाजपेई, (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद)आदि ने संबोधित किया और अंत में अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा ने सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए। विधायिका जी एवं अन्य को उनके प्रेरक संबोधन तथा उपस्थित समस्त शिक्षकों/ अधिकारियों/ कर्मचारियों/ छात्र-छात्राओं एवं कार्यक्रम के आयोजन हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभिन्न पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं को समारोह के सफल आयोजन हेतु आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने को भाजपाइयों ने ली शपथ

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्म जयन्ती को भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यरुप से भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह व जिलाध्यक्ष नन्दलाल मौजूद रहे। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर जिला प्रभारी अनिल सिंह व जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प व माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के सन्देश के साथ पूरे देश मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को सच करके दिखाया जबकि कांग्रेस ने 1937 के बांम्बे प्रेसिडेंसी विधानसभा चुनाव मे डॉ0 अंबेडकर को हराने के प्रयास मे प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी बालू पालवंकर को उनके खिलाफ उतारा हालांकि पालवंकर चुनाव हार गये लेकिन इस प्रयास ने कांग्रेस की डॉ0 अंबेडकर के प्रति विरोध की भावना को स्पष्ट रुप से उजागर कर दिया। जब नेहरु ने 1946 अपनी पहली अंतरिम सरकार का गठन किया तो 1942 की वायसराय कार्यकारणी परिषद के समय से श्रम मंत्री के रुप मे कार्य कर रहे डॉ0 अंबेडकर को श्रम मंत्रालय से हटा दिया गया नेहरु शुरु मे भारतीय संविधान के निर्माण हेतु ब्रिटीश संवैधानिक विशेषज्ञ आइवर जेनिंग्स को नियुक्त करना चाहते थे लेकिन अंततः यह महत्वपूर्ण कार्य डॉ0 अंबेडकर का सौंपा गया। अर्थशास्त्र और कानून मे उनकी विशेषज्ञता के बावजूद उन्हे रक्षा और विदेश मामलों की प्रमुख कैबिनेट समितियों से बाहर रखा गया इस उपेक्षा से निराश होकर बाबा साहब ने नेहरु मंत्रिमण्डल से इस्तीफा देकर अपना विरोध दर्ज कराया इससे साफ प्रदर्शित होता है कि कांग्रेस बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नीतियों व कार्यो की बहुत बड़ी विरोधी रही है।

## बाबा साहब संविधान निर्माता ही नहीं, एक शिल्पकार भी हैं : शिवप्रसाद

**इटावा।** कर्वाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में बाबा साहब अम्बेडकर की जयन्ती को बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रातःवंदना के बाद विद्यालय समिति के अध्यक्ष (चेयरमैन) शिवप्रसाद यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी तथा विद्यालय प्रबंधन प्रमुख श्रीशिवमंगल ने बाबा साहब की फोटो पर पुष्प अर्पित कर पुष्पहार किया। श्री यादव ने बाबा साहब के बारे में व्याख्या करते हुए कहा-आज हमारा देश बड़े धूमधाम के साथ अंबेडकर जयंती मना रहा है, और उनके महान विचारों को याद करते हुए उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। यह दिन केवल एक जयंती नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की भावना का उत्सव है। संविधान की रचना में उनके योगदान के साथ-साथ आजाद भारत की संस्थाओं के निर्माण में जो उनकी शानदार सक्रिय भूमिका रही। सबल और सशक्त भारत के निर्माण में बाबसाहेब हम सबके प्रेरणापुंज हैं।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**विशालशोभा यात्रा में उमड़ी भीड़, जगह-जगह स्वागत**

हिफजुर्रहमान



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बा मौदहा अपनें महापुरुषों की याद इस अन्दाज में मनाता है कि उसे खुद एक यादगार पल बना देता है। 14 अप्रैल, 2025 को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को जिस जोश-व-खरोश के मना गया जो देखने योग्य था। हर व्यक्ति युवाओ के जोश को अपनी यादों के झरोखों के साथ साथ मोबाइल के कैमरो में भी कैद कर रहा था। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा शाम चार बजे अम्बेडकर पार्क, स्टेशन रोड से शुरू हुई और पूरे मौदहा मे मौदहा का चप्पा चप्पा जय भीम के नारों से गूंज उठा। महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे की धुन पर नवयुवक और बुजुर्ग थिरकते नजर आए। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीनाथ भी यात्रा में शामिल रहे। जगह-जगह स्टॉल लगाकर लोगों ने जलपान की व्यवस्था की। इकी कड़ी मे मोहल्ला उपरौस के इमामचौक में समाजवादियों ने भी बाबा साहब की जयंती मनाई और एक-दूसरे को लड्डू खिलाए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पसा हलीम, सांसद प्रतिनिधि शादाब हुसैन बिट्टू, अकमल, मुजीबुर्रहमान, जुम्मू, सलमी आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे के। शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा। इसी क्रम में अम्बेडकर पार्क, स्टेशन रोड पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र ने दर्जनों कार्यकर्ताओं को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई और कहा, ÷संविधान की हिफाजत हम अपनी जान देकर भी करेंगे।÷ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सफकत उल्ला राजू ने बाबा साहब को संसार पिता बताते हुए कहा, ÷उनका अपमान करने वाले राष्ट्रीय स्तर पर दोषी हैं। हमें सोच-समझकर बोलना चाहिए।इस कार्यक्रम में डॉ. शाहिद अली (पूर्व जिला महासचिव), गुलाम मुर्तजा (पूर्व जिला उपाध्यक्ष), मधु सोनकर, वरुण राज (जिला महासचिव यूथ), अर्जुन सिंह (जिला सचिव यूथ कांग्रेस), ज्ञानेंद्र वाल्मीकि, विजय अहिरवार, गोपाल वर्मा, राम जीवन वर्मा, रेखा अहिरवार, नीतू कुमारी, अमन कुमार, सारिक खान सहित दो दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संविधान की रक्षा की कसम खाई।

# मुख्यमंत्री ने डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश पर पुष्पांजलि अर्पित की

- मुख्यमंत्री ने जी0पी0ओ0, हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी
- आंबेडकर ने कहा था कि वह आदि से अन्त तक भारतीयः योगी
- डॉ. आंबेउकर ने स्वयं अपमान सहा लेकिन भारत को कभी अपमानित नहीं होने दिया
- बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनोः मुख्यमंत्री




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत माता के महान सपूत बोधिसत्व भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि वह आदि से अन्त तक भारतीय हैं। उन्होंने स्वयं अपमान सहा, लेकिन भारत को कभी अपमानित नहीं होने दिया। इसी महानता के कारण स्वतंत्र भारत उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

मुख्यमंत्री ने बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयन्ती के अवसर पर भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम के पहले उन्होंने महासभा परिसर में स्थापित तथागत बुद्ध एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा द्वारा प्रकाशित पत्रिका का विमोचन किया। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने जी0पी0ओ0, हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनो। यदि आप शिक्षित रहेंगे, तो अपने कर्तव्यों से कभी विचलित नहीं होंगे। आज बाबा साहब की जयन्ती पूरे देश में भव्यता के साथ मनायी जा रही है। उनका जन्म मध्य प्रदेश के महू में सन् 1891 में हुआ था। समाज के लिए कुछ कर गुजरने के भाव के साथ उन्होंने उच्च शिक्षा हेतु इग्लैण्ड की ओर प्रस्थान किया। उनके पास धन का अभाव था। उनकी विक्षलणता को देखकर महाराजा बड़ोदरा ने उन्हें स्कॉलरशिप प्रदान की। इग्लैण्ड में शिक्षा प्राप्त कर वह भारत वापस आ गये। शोषितों और वंचितों को अधिकार दिलाना उनका संकल्प था। इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हुए बाबा साहब देश की आजादी के आन्दोलन में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. आंबेडकर को स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि और न्याय मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। उन्होंने संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। भारत का संविधान आज भी देश के नागरिकों को उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम तक जोड़ने की सामर्थ्य रखता है। जो लोग भारत की एकता के पक्षधर नहीं थे, वह स्वतंत्रता के पश्चात भारत की एकजुटता पर संशय रखते थे। उनकी आशंका गलत साबित हुई। भारत एकता के सूत्र में बंधकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। यह भारत के संविधान के कारण सम्भव हो पाया है, संविधान शिल्पी के रूप में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का प्रत्येक व्यक्ति स्मरण करता है। बाबा साहब ने विपरीत परिस्थितियों में गरीब घर में जन्म लेकर तथा शिक्षा की उच्चतम डिग्री प्राप्त कर कोटि-कोटि वंचित लोगों के जीवन को प्रकाशित करने का कार्य किया। पूरी दुनिया उनके इन कृत्यों को जानकर उनकी तुलना महामानव से करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत में बाबा साहब के सपने को साकार करने के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जीने प्रयास प्रारम्भ किये थे। इन प्रयासों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिशा और गति देने का कार्य किया। प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करते हुए वंचितों के शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक उन्नयन का मार्ग प्रशस्त किया है। भारत दुनिया का पहला ऐसा देश है, जिसमें कोरोना जैसी महामारी में देश के 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन की सुविधा प्रदान की गई। यह लाभ आज भी प्रदान किया जा रहा है।

देश के 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड, 12 करोड़ गरीबों को शौचालय, 45 करोड़ गरीब परिवारों को जनधन एकाउण्ट, 10 करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत रसोई गैस सिलेण्डर तथा 04 करोड़ गरीबों को आवास की सुविधा से जोड़ा गया। प्रदेश में गरीब का जहां मकान स्थित है, उसे वहां की जमीन का पट्टा उपलब्ध कराने का कार्य किया रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### द मदद सहयोग गाइडेंस की तरफ से निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन



**लखनऊ।** पुराने लखनऊ स्थित घंटाघर के सामने रईस मंजिल में द मदद सहयोग गाइडेंस की तरफ से फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आलम रिज़्वी के पिता की याद में मेडिकल कैंप का आयोजन संस्था द्वारा किया गया। इस मेडिकल कैंप में जरूरी जांच के साथ-साथ मरीजों को मुफ्त दवाएं वितरित की गई आज के मेडिकल कैंप में लगभग 100 मरीज को देखकर उन्हें दवाएं दी गई। इस मेडिकल कैंप में बताओ और मुख्य अतिथि अंदलीब ज़ैदी (मॉडल ,इंवायरन्मेंटलिस्ट एनिमल राइट्स एडवोकेट, मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश सेकंड रनॉनर) मौजूद रहीं। मेडिकल कैंप में डॉक्टर टीम में डॉक्टर मोहम्मद परवेज़ अख्तर (एमबीबीएस एमडी), डॉक्टर अक्सा आरिफ (एमबीबीएस एमडी), डॉक्टर मोहम्मद सालिम (रेसिडेंट डॉक्टर रिस्पेरिटि मेडिसिन केजीएमयू) मौजूद रहे। फाउंडेशन की टीम में ज़फ़र अब्बास,नबील अहमद, इंशा अली, फातिमा नाज़, अभय, अंदलीब फातिमा, फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आलम और फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

### आलोक व आयुष ने कांग्रेस की ली सदस्यता

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में जनहित के मुद्दों पर सड़क से संसद तक किये जा रहे संघर्षो से प्रेरित होकर कानपुर निवासी आलोक शुक्ला और आयुष शुक्ला ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश मुख्यालय में ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने दोनों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। नितिन शर्मा ने दोनों के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाई और सदस्यता कार्ड देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नितिन शर्मा ने दोनों से पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने और संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने को कहा।

### मायानगरी के सितारों को रास आने लगी अवध की सरजमीं



**लखनऊ।** फिल्मी सितारों को अवध की सरजमीं रास आने लगी है, अब तक सैकड़ों फिल्मी को शूटिंग लखनऊ ही नहीं बल्कि यूपी के कई शहरों में हो चुकी है। सोमवार को फिल्म अभिनेता इमरान हाशमी लखनऊ पहुंचे और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास पर मुलाकात की। इस दौरान डिप्टी सीएम ने फिल्म निर्माण से जुड़ी हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। फिल्म प्रोडक्शन से जुड़ी कई हस्तियां भी मौजूद थी। दरअसल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अभिनेता इमरान हाशमी अभिनेत्री यामी गौतम और निदेशक सुपर्ण एसवर्मा को यूपी में फिल्म निर्माण के लिए आमंत्रित कर हर संभव मदद किये जाने का आश्वसन दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि फिल्म निर्माण के क्षेत्र में यूपी नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित के लिए उप्र फिल्म बन्धु का गठन किया गया है, जो फिल्म निर्माण से संबंधित सभी सुविधाओं को एक ही स्थान पर मुहैया कराती है। इसके अलावा यह एजेंसी राज्य को फिल्म निर्माण के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए काम करती है, जिसमें सब्सिडी, वित्तीय प्रोत्साहन और अन्य सहायता शामिल हैं।

## चलती गाड़ी की छत पर युवक को नाचना पड़ा भारी



**नोएडा/लखनऊ।** नोएडा में सड़क पर चलती स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की छत एक युवक के नाचने का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 38 हजार रुपये से अधिक का चालान काटा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह वीडियो नोएडा के सेक्टर-33 स्थित एलिवेटेड रोड का बताया जाता है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि तेज संगीत बजाकर एक युवक थार की छत पर नाच रहा है और उसके पीछे आ रहे वाहनों को अपनी रफ्तार धीमी करनी पड़ रही है। वीडियो के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने यातायात पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए कई पोस्ट किए। पुलिस उपायुक्त (यातायात) लखन सिंह यादव ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वाहन की पहचान कर युवक और वाहन मालिक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 38,500 रुपये का चालान काटा गया है।

## चैंप्स परीक्षा में दिखा परीक्षार्थियों में उत्साह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वर्गीय डा. कल्बे सादिक़ साहब मरहूम द्वारा स्थापित तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट द्वारा चैंप्स टेस्ट (प्रतियोगी परीक्षा) गत कई वर्षो की तरह दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को उत्तर प्रदेश के लगभग 45 केन्द्रों पर आयोजित की गई जिसमें 10 हज़ार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा 4 से कक्षा 11 तक के बच्चों के लिए उनकी प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्येश्य से आयोजित इस परीक्षा में लखनऊ में लगभग तीन हज़ार से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। लखनऊ में यह परीक्षा यूनिटी कॉलेज सेन्ट जान्स स्कूल तथा मुफ़्तीगंज गर्ल्स इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई। इस परीक्षा को ले कर जितना छात्र-छात्रायें उत्साहित थे उससे अधिक उनके अभिभावक उत्साह से भरे हुए थे। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न कराने में दो सौ से अधिक कक्ष निरीक्षक तथा दर्जनों वालंटियर्स ने अहम भूमिका निभाई। एक दर्जन से अधिक पर्यवेक्षक लगातार पर्यवेक्षण करते रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमीर अहमद ज़ैदी (नेहाल), मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी मौलाना सदफ तनवीर अब्बास शास्त्री फरहत एज़ाज़ यूनिटी कालेज के प्रधानाचार्य दीपक मैथ्यूज़ आदि उपस्थित थे।

## चार माह से परिचित युवक कर रहा था चोरी

- होम सिक्योरिटी कैमरा लगाया तो सामने आई हकीकत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** चार माह महीने में घर से लाखों के जेवर, कीमती सामान और नकदी चोरी हो रहे थे। गृहस्वामिनी ने होम सिक्योरिटी कैमरा लगाया तो करीबी युवक धरा गया। पूछताछ के दौरान वह बातों में उलझाकर भाग निकला। पीड़िता ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विपुलखंड में गुंजन अग्रवाल नौकरी करती हैं और पति बाहर रहते हैं। बेटे दुकान किए है। गुंजन के मुताबिक तीन-चार माह से घर से रुपये व कीमती सामान चोरी हो रहा था। बताया कि 31 जनवरी को शादी में जाना था, पर्स खोला तो 20 ग्राम की सोने की चेन, 10 ग्राम का लॉकेट, टाप्स और 40 ग्राम की चार चूड़ियां नहीं थीं। जेवरों की कीमत करीब छह लाख रुपये है। बेटे अपूर्व के कमरे से एक माह पहले 40 हजार रुपये गायब हो गए। अपूर्व ने होम सिक्योरिटी खरीदकर लगा दिया। उसी दिन 4 बजे बेटे ने नोटिफिकेशन आने पर मोबाइल देखा, जिसमें सीतापुर निवासी अंकित सिंह दिखा। गुंजन ने बताया कि अंकित बहन के बनिया मोहाल स्थित घर पर 10-12 वर्षो से आता था। कैमरे में दिखा कि अंकित आलमारी खंगाल रहा है। उससे पूछताछ की तो टालमटोल कर घर से निकल गया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जातिवाद और स्वार्थ की राजनीति छोड़ें सरकारें: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सभी सरकारों से भी जातिवादी व संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति को त्यागने का आह्वान करते हुये कहा कि ऐसा करके ही संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के 'विकसित भारत' के सपने को साकार किया जा सकता है। सुश्री मायावती ने सोमवार को डा अंबेडकर को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गो व अन्य उपेक्षितों को बसपा जुड़कर अम्बेडकरवादी बनने की अपील की। उन्होने कहा कि सभी बहुजनों के लाख दुखों की एक दवा है उनकी आपसी एकता व वोटों के जरिए सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करना। इसके लिए विरोधियों के सभी हथकण्डों को भी विफल करना होगा। उन्होने कहा कि सभी सरकारें जातिवादी व संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति आदि को त्याग कर संविधानवादी भारतीय बने ताकि जन व देशहित में 'विकसित भारत' और समतामूलक भारत बनाने का डा अंबेडकर का सपना जमीन पर पूरा हो सके।

## अल मुअम्मल कल्चरल फाउण्डेशन ने किया बुक क्विज का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** अल मुअम्मल कल्चरल फाउण्डेशन की ओर से बुक क्विज का आयोजन माली खां सराय स्थित इमामबाड़ा जैनुल आब्दीन खान में किया गया। कार्यक्रम का आगाज मौलाना एजाज हुसैन ने तिलावते कलामे पाक से किया। संस्था के मौलाना एहतिशामुल हसन ने संस्था के कामों की जानकारी दी, जिसके बाद छोटे बच्चों ने आखिरी इमाम की शान में कलाम पेश किया। कार्यक्रम में मौलाना सुल्तान हुसैन ने महदवियत के विषय पर सम्बोधित किया। ताहा स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे-बच्चों ने कार्यक्रम पेश किया तो मौजूद लोग वाह-वाह कर उठे। मुम्बई से आए मौलाना जकी हसन ने महदवियत का महत्व बयान करते हुए कहा कि लोगों को बेहतर समाज बनाने के लिए महदवियत की ओर आना होगा। उन्होंने कहा कि दुश्मन इमाम के जहूर को दूर जबकि चाहने वाले नजदीक देख रहे हैं। लेकिन अहम बात यह है कि क्या हम में इंतजार की वह कैफियत है जो किसी के इंतजार की होती है। मौलाना साबिर अली इमरानी ने अपना कलाम पेश किया। मौलाना अली अब्बास खान ने दुआए फरज से बात शुरू करते हुए आखिरी इमाम के इंसाफ पर रोशनी डाली। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मौलाना मिनहाल हैदर जैदी ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम में लखनऊ के अलावा अन्य शहरों से भी युवाओं ने हिस्सा लिया है। मुम्बई और हैदराबाद के अभ्यर्थियों का चयन लॉटरी से किया गया। बुक क्विज का पहला इनाम मरियम जहरा जैदी, दूसरा मिस्बाह फातिमा और तीसरा इनाम फातिमा जहरा को दिया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में मौजूद लोगों में 14 लोगों को लॉटरी से सम्मानित करने के साथ ही 5 अन्य को पवित्र शहर कर्बला का तबर्रुक दिया गया। कार्यक्रम में मौलाना अरशद हुसैन मूसवी, मौलाना मोहम्मद अब्बास आजमी, मौलाना शाहिद जमाल, मौलाना अलमदार हुसैन, मौलाना मोहम्मद हसन, मौलाना मोहम्मद अकील, डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी, मौलाना जकी हसन नूरी, मौलाना हमीदुल हसन जैदी, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना काशिफ जैदपुरी, मौलाना हैदर अब्बास रिजवी सहित अन्य उलमा व बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## नाटक फंदी का हुआ मंचन

**लखनऊ।** कैंसर जैसे असाध्य रोग से लड़ते अपने प्रियजनों को इच्छामृत्यु के अधिकार को लेकर झकझोरते नाटक फंदी का मंचन सोमवार को किया गया। गोमती नगर के संगीत नाटक अकादमी स्थित बाल्मीकि रंगशाला में शंकर शेष लिखित और निशा बेगम के निर्देशन में मंचित नाटक ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। नाटक के जरिए समाज और कानून के सामने सवाल खड़ा किया गया कि कैंसर जैसे असाध्य रोग से पीड़ित व्यक्ति को इच्छामृत्यु का अधिकार मिलना चाहिए या नहीं। नाटक में दिखाया गया है कि फंदी एक कम्पनी में ट्रक ड्राइवर है। फंदी को स्मगलिंग के लिए कहा जाता है तो उसके मना करने पर नौकरी से निकाल दिया जाता है। फंदी का पिता भगतराम कैंसर से पीड़ित है और असहनीय दर्द से चीखता-चिल्लाता है और फंदी और उसकी पत्नी से खुद को मार डालने के लिए कहता है, गिड़गिड़ाता है। नौकरी न होने की वजह से फंदी का परिवार दाने-दाने को मोहताज हो जाता है। भगतराम को बेहोशी के इंजेक्शन से आराम मिलता है लेकिन उसके लिए पैसे न होने पर फंदी अपने पिता की परेशानी देख उनका गला घोंट मार देता है। फंदी को जेल हो जाती है, जहां कई घटनाक्रम के बाद शहर का बड़ा वकील गंगाराम फंदी का केस लड़ने को तैयार होता है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से दो छात्राएं भागीं, तलाश में जुटी पुलिस

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी के हसनपुर खेवली स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की चहारदीवारी फांदकर रविवार को दो छात्राएं भाग गई। इसकी जानकारी होने पर वार्डन वंदना अवस्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छात्राओं की तलाश कर रही है। हसनपुर खेवली में सरोजनीनगर का कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित होता है। विद्यालय की वार्डेन वंदना अवस्थी ने बताया कि रविवार सुबह 5.10 बजे दो छात्राएं पारूल और शिमला चहारदीवार फांदकर भाग गई। पारूल और शिमला को राजकीय बालगृह बालिका सिंधी कालोनी मानकनगर के अधिकारियों ने स्कूल में शिक्षा के लिए दाखिला दिलाया था। दोनों छात्राओं के भागने की जानकारी पूर्णकालिक शिक्षिका अर्चना ने दी। अर्चना ने जब दोनों नहीं मिली तो उनकी तलाश की। परिचितों को कॉल कर जानकारी हासिल की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### दवा लेने घर से निकली किशोरी लापता

बंथरा इलाके में रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी 16 वर्षीया बेटी 10 अप्रैल को सुबह 9 बजे बुखार की दवा लेने के लिए घर से निकली थी। उसके हाथ में सोने की अंगूठी और चांदी की पायल के साथ मोबाइल भी था। वह शाम तक वापस नहीं लौटी। उसका मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। तलाश करने के दौरान पता चला कि पहाड़पुर में रहने वाला रिशु उसे बहला फुसला कर अपने घर ले गया है। जहां अपने पिता विनोद लोहार की मदद से घर के अंदर छुपाए और घर के बाहर भेजने की फिराक में है।

## कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई बाबा साहेब की 134वीं जयंती

अवधनामा ब्यूरो

- बाबा साहब की दूरदर्शी सोच और संविधान से देश आज सशक्त संप्रभु राष्ट्र बना: राजबहादुर सिंह
- विश्व में भारत का संविधान सबसे प्रभावी



**लखनऊ।** भारतीय संविधान के शिल्पी, शिक्षाविद, भारत के पहले कानून मंत्री, भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव के संचालन में आयोजित गोष्ठी में कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर रोशनी डालते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुई गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजबहादुर सिंह ने कहा कि बाबा साहब की दूरदर्शी सोच और संविधान से देश आज सशक्त संप्रभु राष्ट्र बना। उसी का परिणाम है कि पूरे विश्व में भारत का संविधान सबसे प्रभावी और मान्यता से पूर्ण है। हमारी जिम्मेदारी है कि बाबा साहब के संविधान को सुरक्षित रखने के लिए सजग रहें। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार जिस तरह संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है वह देश और लोकतंत्र दोनों के लिए खतरनाक है। भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदल कर नफरत और अन्याय की नीति लागू करना चाहती है, जिसके खिलाफ हमारे नेता राहुल गांधी ने बिगुल फूंक दिया है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता उनकी इस मुहिम को सफल बनाने के लिए आखिरी दम तक लड़ता रहेगा। पिछड़ा वर्ग विभाग के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, बृजेन्द्र सिंह, डॉ. लालती देवी, राजेन्द्र शुक्ला, डॉ. जियाराम वर्मा, मंजूदीप रावत, सभाजीत यादव, हसन अब्बास सहित अन्य नेताओं ने भी बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रोशनी डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी में प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रदीप सिंह एडवोकेट, सचिन रावत, नरेन्द्र दत्त तिवारी, सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, डॉ. रिचा शर्मा, डॉ. अजय शुक्ला, तनवीर फातिमा, राजगुरु नारायण पति त्रिपाठी, नितांत सिंह, जमाल खान, किश्वर जहां, राजेश सिंह काली, नावेद नकवी, अली हसन, जेबा मलिक, आकिल हुसैन, एफ.ए.एस. चर्चिल सहित अन्य कांग्रेसियों ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किये। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से ठाकुरगंज के मल्लाही टोला स्थित मुरमुरी टोला में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने बस्ती में रहने वाले बच्चों को कॉपी, पेंसिल सहित पठन-पाठन सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि हर वर्ग के सभी बच्चे शिक्षित हों तभी भारत तरक्की करेगा। यह बच्चे ही भारत का भविष्य हैं। कांग्रेस का कार्यकर्ता बाबा साहब के मिशन को कामयाब करने में लगा है और जो लोग बाबा साहब के संविधान को कमजोर करने का काम कर रहे हैं उनके इरादों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, किश्वर जहां, आर.बी. सिंह, इबरत खान, शबाब रजा, जेबा मलिक, बंदेश पाण्डेय, सुरेन्द्र सक्सेना, उबैद खान, मोहम्मद कबीर, अब्दुल कादिर, मोहम्मद इलियास सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे। यहां के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

